फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 15 मार्च 2024
वर्ष - 2, अंक - 219, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



संघ की सभा आज से, शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल 18
माही का होली गीत उजर ओढ़निया रंगनी रिलीज 17

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोनः 05278– 352045

## एक नजर

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में दो रुपये की कटौती

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की है, नए दाम शुक्रवार सुबह छह बजे से प्रभावी होंगे। वैट में दो प्रतिशत की कमी व तेल विपणन कंपनियों द्वारा उठाए जाने वाले कदमों से राज्य में पेट्रोल के दाम में 1.40 रुपये से लेकर 5.30 रुपये तक की कमी आएगी। वहीं डीजल के दाम 1.34 रुपये से लेकर 4.85 रुपये तक कम होंगे।

### 18 ओटीटी प्लेटफार्म पर लगाया गया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सरकार ने अश्लील विषय वस्तु और सामग्री का प्रसारण करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि इन प्लेटफार्म के साथ साथ 19 वेबसाइटों, 10 एप जिनमें से 7 गुगल प्ले स्टोर पर और 3 एप्पल एप स्टोर पर हैं और इनसे जुड़े 57 सोशल मीडिया अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल अस्पताल में भर्ती

**पुणे।** पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को बुखार और सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद महाराष्ट्र में पुणे शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि पूर्व राष्ट्रपति पाटिल (89) को बुधवार को भारती अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें बुखार और सीने में संक्रमण है।

## मुंबई ने 42वीं बार जीता रणजी ट्रॉफी



**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुकाबले में मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से हराकर रिकॉर्ड 42वीं बार खिताब जीता है। विदर्भ ने कल के 5 विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान अक्षय वाड़कर 102 रन के रूप में आज विदर्भ का छठा विकेट गिरा। लेकिन पूरी टीम 368 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में मुंबई ने 418 रन बनाकर विदर्भ को जीत के लिए 538 रनों का लक्ष्य दिया था। (**देखें खेल पेज**) ● एजेंसी

## ज्ञानेश और संधू को निर्वाचन आयुक्त बनाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, ब्यूरो

- **प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक में नामों पर हुआ मंथन**
- **आज दोनों चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर लग सकती है राष्ट्रपति की मुहर**

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटवाने में अहम भूमिका निभाने वाले गृह मंत्रालय के पूर्व संयुक्त सचिव ज्ञानेश गुप्ता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव डा. सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त बनाने की सिफारिश की गई है। शुक्रवार तक चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति की मुहर लगने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि 8 मार्च को निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। जबकि दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप पांडेय अवकाश ग्रहण कर चुके थे। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में इस समय



सुखबीर संधू



ज्ञानेश गुप्ता

एकमात्र सदस्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार रह गए हैं। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले दोनों निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक बुलाई गई थी जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी भी बतौर सदस्य शामिल हुए थे। इससे पहले कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में एक समिति ने आयुक्त पद के लिए कुछ नामों का पैनल चयन समिति को दिया था। इस समिति में गृह सचिव एवं कार्मिक विभाग के सचिव सदस्य हैं।

हालांकि पूर्व निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त की दौड़ में थे क्योंकि अगले वर्ष राजीव कुमार अवकाश ग्रहण करने वाले थे और गोयल का कार्यकाल अभी तीन वर्ष शेष था। लेकिन अचानक उनके त्यागपत्र देने से चयन समिति को निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश करनी पड़ी। ज्ञानेश गुप्ता केरल कैडर के 1988 के अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव रहते हुए जम्मू-कश्मीर मसले पर विशेष भूमिका निभाई थी और धारा 370 समाप्त करने का पूरा मसविदा तैयार किया था। गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी निभाने के बाद में वे सहकारिता मंत्रालय में सचिव बनाए गए, जिसके मंत्री अमित शाह हैं। इसी तरह पंजाब कैडर के 1998 बैच के आईएएस अधिकारी डा. सुखबीर सिंह संधू को उत्तराखंड का मुख्य सचिव तब बनाया गया था जब मुख्यमंत्री के पद पर पुष्कर सिंह धामी ने शपथ ली थी।

# देश में एक साथ चुनाव की सिफारिश

### एक देश एक चुनाव : कोविंद समिति ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट

### समिति ने कहा-एक साथ चुनाव से विकास और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने पहले कदम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की तथा इसके बाद 100 दिनों के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की गुरुवार को सिफारिश की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई 18 हजार से ज्यादा पृष्ठों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और इंडिया जो कि भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। इस समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा कि त्रिशंकु स्थिति या अविश्वास प्रस्ताव या ऐसी किसी स्थिति में नई लोकसभा के गठन के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। समिति ने कहा कि लोकसभा के लिए जब नए चुनाव होते हैं, तो उस सदन का कार्यकाल ठीक पहले की लोकसभा के कार्यकाल के शेष समय



एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष राम नाथ कोविंद ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति के दो सदस्य, गृह मंत्री अमित शाह और डीपीएपी नेता गुलाम नबी आजाद भी मौजूद रहे। ● एजेंसी

### 32 दलों ने किया समर्थन, 15 ने जताया विरोध

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे पर 62 पार्टियों से संपर्क किया था और इस पर जवाब देने वाले 47 राजनीतिक दलों में से 32 ने इस विचार का समर्थन किया, जबकि 15 दलों ने इसका विरोध किया। कुल 15 पार्टियों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रस्ताव का विरोध जबकि भाजपा व एनपीपी ने समर्थन किया।

के लिए ही होगा। उसने कहा कि जब राज्य विधानसभाओं के लिए नए चुनाव होते हैं, तो ऐसी नई विधानसभाओं का कार्यकाल -अगर जल्दी भंग नहीं हो जाएं- लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल तक रहेगा। समिति ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था लागू करने के लिए, संविधान के अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि) और अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि) में संशोधन की आवश्यकता होगी। इस संशोधन की राज्यों द्वारा पुष्टि किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी। समिति ने यह भी सिफारिश की कि भारत निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करे। समिति ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मतदाता सूची से संबंधित अनुच्छेद 325 को संशोधित किया जा सकता है। फिलहाल, भारत निर्वाचन आयोग पर लोकसभा और विधानसभा चुनावों की जिम्मेदारी है, जबकि नगर निकायों और पंचायत चुनावों की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोगों पर है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सरकार को एक साथ चुनाव प्रणाली लागू करने के लिए कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र विकसित करना चाहिए। राष्ट्रपति मूर्मू को रिपोर्ट सौंपते वक्त कोविंद के साथ समिति के सदस्य गृह मंत्री अमित शाह, वित्त आयोग के पूर्व प्रमुख एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद और विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी थे।

### प्रस्ताव के मुख्य बिंदु

- त्रिशंकु स्थिति में नए सिरे से कराए जा सकेंगे चुनाव
- संविधान के अनु. 83 व 172 में करना होगा संशोधन
- मतदाता सूची से संबंधित अनु. 325 में भी बदलाव
- सरकार विकसित करे कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र

### 191 दिनों के शोध के बाद तैयार की रिपोर्ट


इस उच्चस्तरीय समिति का गठन दो सितंबर, 2023 को किया गया था और हितधारकों व विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों के शोध के बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक साथ चुनाव के विचार का समर्थन करते रहे हैं और उन्होंने कहा है कि देश को महान बनाने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा जरूरी है।

## रामनवमी पर मंदिर में होगी 24 घंटे दर्शन पूजन की व्यवस्था : मुख्यमंत्री

संवाददाता, अयोध्या

- **योगी ने कहा- 17 अप्रैल को व्यवस्था ऐसी हो कि श्रद्धालुओं को ढाई किलोमीटर से ज्यादा न चलना पड़े**

**अमृत विचार :** श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों से समन्वय कर रामनवमी पर अष्टमी, नवमी व दशमी को श्रीराम मंदिर 24 घंटे तक खोलने व दर्शन-पूजन की व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की जाए। गर्मी के मद्देनजर श्रद्धालुओं के लिए इलेक्ट्रानिक बसों की व्यवस्था की जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जीआईसी में जनसभा के बाद परिसर के बैठक कक्ष में श्रीरामनवमी और नवरात्रि के तैयारियों की समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए। उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्र मेला नौ अप्रैल से शुरू होगा। श्रीरामनवमी 17 अप्रैल को भव्यता से मनाई जाए। व्यवस्था ऐसी हो कि श्रद्धालुओं को ढाई किलोमीटर से ज्यादा न चलना पड़े। रामनवमी के समय



**अयोध्या :** जनसभा को संबोधित करते योगी।

चुनाव का काम शुरू हो जाएगा। इसके मद्देनजर रामलला मंदिर, हनुमानगढ़ी आदि स्थानों पर स्थायी रूप से पुलिस व अन्य सेवा के लोगों को ड्यूटी लगाई जाए। उनको चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखा जाए, क्योंकि मंदिर में श्रीरामलला के विराजने के बाद भीड़ बढ़ती जा रही है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 1100 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

### गोंडा में महाराजा देवीबक्श सिंह नाम की घोषणा

गोंडा में मुख्यमंत्री योगी ने शहर के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के ग्राउंड से जिले को 17 अरब रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देकर चुनावी शंखनाद किया। मुख्यमंत्री ने गोंडा में बन रहे मेडिकल कालेज का नामकरण गोंडा नरेश महाराजा देवीबक्श सिंह के नाम पर किए जाने की घोषणा की।

### पड़ोसी जिला है हमारा अंबेडकरनगर

मुख्यमंत्री ने अंबेडकरनगर में कहा कि हमारे जनपद का पड़ोसी जिला है। इसका बार्डर गोरखपुर से जुड़ता है। 2017 के पहले यहां पर माफियाओं का बोलबाला था। माफिया गरीबों की जमीन कब्जा करते थे, जिनकी कमर सरकार ने तोड़ दी। समाजवादी लोग तो जनपद का नाम ही मिटाना चाहते थे। आज संवेदनशील सरकार होने पर योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के लाभार्थियों को मिल रहा है।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- **दिनभर चली जांच, विधायक पत्नी की हालत बिगड़ी, बेटे को साथ ले गई ईडी**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित 17 ठिकानों पर गुरुवार को सुबह 5:30 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की।

अमेठी में ताला तुड़वाकर दिनभर चली जांच के दौरान पूर्व मंत्री की सपा विधायक पत्नी महाराजी की हालत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम को ईडी टीम उनके बेटे अनुराग प्रजापति को साथ ले गई। ईडी ने लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित ठिकानों से काली कमाई खपाने के कई दस्तावेज भी जब्त किए हैं। मामला सपा सरकार में हमीरपुर में रेत खनन घोटाले से जुड़ा है, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। छापेमारी के पीछे ईडी द्वारा काली कमाई से बनाई गई अकूत संपत्तियों का ब्योरा जुटाकर कार्रवाई करने की तैयारी है। हाल ही में सीबीआई ने बतौर गवाह अखिलेश को भी बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा था। ईडी की टीम गुरुवार सुबह लखनऊ, अमेठी और मुंबई में पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति से जुड़े करीब 17 ठिकानों पर पहुंची। लखनऊ के एक माल समेत कई जगह भूमि-भवन, प्लाट में काली कमाई से जुड़े दस्तावेज जुटाए। सुल्तानपुर रोड पर गोसाईगंज तक अकूत भूमि खरीदकर काली कमाई खपाने की भी जांच की गई। मुंबई में भी बिल्डर के रूप में दूसरे नामों पर गायत्री के करोड़ों रुपये खपाने की जांच हुई। अमेठी में सुबह साढ़े पांच बजे से पूर्व मंत्री और उनकी खास गुड्डा देवी के घर भी छापेमारी हुई। पैतृक आवास से भी ईडी ने कई दस्तावेज खंगाले। घर के एक कमरे में ताला बंद था जिसे तुड़वाकर कुछ दस्तावेज बरामद किए हैं। इसके पहले भी सीबीआई की ओर से हमीरपुर अवैध खनन मामले में केस दर्ज कराए जाने के बाद पूर्व डीएम बी चंद्रकला समेत सपा नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

### बढ़ सकती है अखिलेश यादव की मुसीबत

ईडी के छापेमारी के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लेकर चर्चा का बाजार गर्म रहा। हमीरपुर अवैध खनन मामले में अखिलेश यादव सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। ऐसे में जांच एजेंसियों की गायत्री प्रसाद प्रजापति को घेरने के पीछे अखिलेश तक पहुंचने की कोशिश हो सकती है। माना जा रहा है कि जांच एजेंसी की कार्रवाई से बचने के लिए ही राज्यसभा चुनाव में गायत्री की पत्नी ने सपा की जगह भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया था। छापेमारी के पीछे माना जा रहा है कि जांच एजेंसी अखिलेश यादव को घेरने के लिए सबूत जुटा सकती है।

## प्रधानमंत्री को धमकी तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ धमकी भरी टिप्पणी करने के आरोप में तमिलनाडु के मंत्री टीएम अनबरसन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के वकील सत्य रंजन स्वैन की शिकायत पर बुधवार को यहां संसद मार्ग थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी के मुताबिक, तमिलनाडु सरकार में ग्रामीण उद्योग, कुटीर उद्योग और लघु उद्योग मंत्री अनबरसन ने प्रधानमंत्री मोदी को टुकड़े-टुकड़े करने की खुलेआम धमकी दी है।

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरंकुश अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक जोड़े की सुरक्षा याचिका पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरंकुश अधिकार नहीं है। धर्म दिल और दिमाग की गहराई से उत्पन्न आस्था का मामला है। अगर कोई व्यक्ति किसी सांसारिक लाभ के लिए किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो यह धार्मिक कट्टरता होगी। किसी अन्य धर्म को अपनाकर विवाह करने का यह अर्थ नहीं है कि उसे पिछली शादी और पत्नी को छोड़ने की अनुमति मिल गई। धर्म शोषण की वस्तु नहीं है, जिसके आधार पर किसी का शारीरिक और मानसिक शोषण किया जाए। प्रत्येक व्यक्तिगत कानून के तहत विवाह की संस्था एक पवित्र संस्था है। वर्तमान मामले में याचियों द्वारा उत्तर प्रदेश गैर कानूनी धर्म परिवर्तन अधिनियम की धारा 8 और 9 का कोई अनुपालन नहीं किया गया है। याचियों द्वारा विपक्षियों के लिए एक निर्देश जारी करने की प्रार्थना की गई थी, जिसमें गौतमबुद्धनगर निवासी पति-पत्नी के रूप में याचियों की शांतिपूर्ण वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप न करने का निर्देश दिया जाए। दोनो जोड़े अलग-अलग जाति और धर्म से संबंधित है। लेकिन याचियों के संबंध को गैरकानूनी मानते हुए न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की पीठ ने याचिका खारिज कर दी।

## ममता बनर्जी चोटिल अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे पर गुरुवार शाम चोट लग गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने यह जानकारी दी। तृणमूल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी को बड़ी चोट लगी है। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। पार्टी ने बनर्जी के माथे से खून बहने की तस्वीरों को पोस्ट किया है। सूत्रों के मुताबिक, बनर्जी को कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## विधान परिषद चुनाव : निर्विरोध चुने गए 13 एमएलसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **भाजपा के सात, सहयोगी दलों के तीन और सपा से तीन जीते**


**अमृत विचार :** विधान परिषद के चुनाव में सभी 13 प्रत्याशी निर्विरोध एमएलसी घोषित हो गए हैं। निर्विरोध घोषित हुए प्रत्याशियों में सबसे भारतीय जनता पार्टी के सात हैं। इसके बाद तीन सपा, एक आरएलडी, एक सुभासपा और एक आरएलडी के प्रत्याशी शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विधान परिषद सदस्य चुनाव में नामांकन के दिन ही तय हो गया था कि सभी 13 प्रत्याशियों का निर्विरोध जीतना तय है। लेकिन नामांकन पत्रों की जांच के बाद गुरुवार को नाम वापसी के दिन भी सबकुछ यथावत रहने पर अब मतदान और मतगणना की प्रक्रिया नहीं होगी। नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने की तय तिथि पर प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

भाजपा के टिकट पर 7 एमएलसी निर्विरोध चुने गए हैं, इसमें विजय बहादुर पाठक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, अशोक कटियार, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, संतोष सिंह, रामतीरथ सिंघल शामिल हैं।

## भारत में सुधरी लैंगिक असमानता, रैंकिंग में किया सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी



### जीआईआई की रिपोर्ट

- **93 देशों की सूची में 134वें पायदान पर पहुंचा भारत, 14 पायदान की छलांग**

संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई), 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में 108वें स्थान पर है। जीआईआई-2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में भारत 122वें पायदान पर था। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि जीआईआई-2021 की तुलना में भारत ने जीआईआई-2022 में 14 पायदान का सुधार किया है। हालांकि, देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर भी है, जो कि महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत है।

हाल में जारी मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) 2023-24 में कहा गया है कि एचडीआई में सुधार के बाद 2022 में भारत 193 देशों में 134वें स्थान पर रहा है। 2022 में भारत का एचडीआई स्तर सुधरकर 0.644 रहा जबकि 2021 में यह 0.633 था। यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉकः रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड' में प्रकाशित किया गया है। वर्ष 2022 में, भारत ने सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा, जिनमें जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार दर्ज किया गया। इसी के तहत, जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई जबकि प्रति व्यक्ति जीएनआई 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951 अमेरिकी डॉलर हो गई।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का जबकि स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें कहा गया कि प्रजनन स्वास्थ्य में भारत का प्रदर्शन मध्यम मानव विकास समूह या दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में बेहतर है। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की रैंक लगातार बेहतर हुई है, जो देश में लैंगिक समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। 2014 में यह रैंक 127 थी, जो अब 108 हो गई है।

## निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड पर आंकड़े सार्वजनिक किए

नई दिल्ली, एजेंसी

- **खरीददारों में भारती एयरटेल, वेदांता, लक्ष्मी मित्तल जैसी कंपनियां**

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को चुनावी बॉण्ड के आंकड़े सार्वजनिक कर दिए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च को आयोग के साथ आंकड़े साझा किए थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को उसकी वेबसाइट पर आंकड़े अपलोड करने के लिए 15 मार्च शाम पांच बजे तक का समय दिया था। निर्वाचन आयोग ने 'एसबीआई द्वारा प्रस्तुत चुनावी बॉण्ड के प्रकटीकरण' पर विवरण दो भागों में रखा है। चुनाव निकाय द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, चुनावी बॉण्ड के खरीदारों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, वेदांता लिमिटेड, अपोलो टायर्स, लक्ष्मी मित्तल, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक चुनावी बॉण्ड भुनाने वाली पार्टियों में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, द्रमुक, जेडीएस, राकांपा, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, राजद, आप और समाजवादी पार्टी शामिल हैं।

## एक नजर

### एसएसवी में कक्षा छह व नौ प्रवेश आवेदन 15 से

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्याम सुन्दर सरस्वती विद्यालय इंटर कॉलेज में सत्र 2024-25 की कक्षा छह व नौ हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू होगी। प्रधानाचार्य डॉ. मणिशंकर तिवारी ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 25 मार्च है।

### रामायण कॉन्क्लेव आज से

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या द्वारा आयोजित रामायण कॉन्क्लेव-2024 का शुभारंभ शुक्रवार को शाम 6 बजे से लता चौक पार्किंग, राम कथा पार्क के सामने होगा। सांसद लल्लू सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

### श्रीरामकथा आज से

**गोसाईगंज, अयोध्या।** कस्बे के सुंदर वाटिका में शुक्रवार से श्रीरामकथा की शुरुआत होगी। कस्बेवासियों की ओर आयोजित सात दिवसीय कथा में कथाव्यास विकासानंद शास्त्री श्रीरामकथा कहेंगे। इसके पूर्व दशरथ वाटिका से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो बाजार भ्रमण के बाद कथास्थल पहुंचेगी। 22 मार्च को पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन होगा।

# होली पर चलेंगी रोडवेज की 50 अतिरिक्त बसें

## चालक व परिचालकों के लिए भी विशेष प्रोत्साहन योजना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज की 50 अतिरिक्त बसें चलेंगी। इनका संचालन सभी प्रमुख मार्गोंपर होगा। बेहतर व्यवस्था और सुविधा के लिए चालक व परिचालकों के लिए भी होली पर विशेष प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इससे उन्हें आर्थिक लाभ होगा।

एआरएम आदित्य प्रकाश ने बताया कि अतिरिक्त बसों का संचालन 22 मार्च से एक अप्रैल तक होगा। यह बसें होली पर्व पर अयोध्या से विभिन्न मार्गों पर चलाई जाएंगी। गोरखपुर, बहराइच, आजमगढ़, लखनऊ और इलाहाबाद रुट पर पर्व मनाने अपने घर जाने वाले और लौट कर आने वाले लोगों की सुविधा के लिए ये निर्णय लिया गया है।



▸▸ सभी प्रमुख मार्गों पर किया जाएगा संचालन

उन्होंने बताया कि यात्रियों को बेहतर सुविधा में तत्पर चालक और परिचालकों के लिए भी होली पर विशेष प्रोत्साहन योजना विभाग ने लागू की है। इसके तहत 22 मार्च से एक अप्रैल के बीच 11 दिन में 3300 किमी. से ज्यादा गाड़ी चलाने पर प्रोत्साहन राशि के रूप में 4400 रुपये और 10 दिन में 3000 किमी. चलाने पर 3500 रूपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। सभी संविदा/आउटसोर्स चालक व परिचालकों को इस मानक को पार करने पर 55 पैसे प्रति किमी. की दर से अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा।

### प्रत्येक मंगलवार को चालकों की भर्ती

अयोध्या, अमृत विचार : रोडवेज में प्रत्येक मंगलवार चालकों की भर्ती शुरू की गई है। एआरएम आदित्य प्रकाश ने बताया कि अब तक चार लोगों की भर्ती की गई। उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए कानपुर भेजा जाएगा। बताया कि इसके लिए आवेदक की आयु साढ़े 23 से 40 साल के बीच होनी चाहिए। भारी वाहन चलाने का लाइसेंस, साढ़े पांच फिट लंबाई होनी चाहिए। भर्ती रोडवेज परिसर में दिन में सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक की जाती है।

## कोटेदार की संदिग्ध हालात में मौत


**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** इनायत नगर थाने के ग्राम पलिया प्रताप शाह के कोटेदार साहब बरदान सिंह (53) पुत्र साहब बक्श सिंह की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। क्षेत्र में अफवाह रही कि कोटेदार को गोली मारी गई है। जांच के बाद पुलिस का कहना है कि मौत हादसे में हुई है। इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि शाम करीब 4 बजे हल्ला हुआ कि कोटेदार साहब बरदान सिंह को गोली मार दी गई है। पुलिस के पहुंचने के पहले घायल अवस्था में कोटेदार को उनके बेटे सर्वेश सिंह ने जिला अस्पताल पहुँचाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उनको मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जाँच पड़ताल में पता चला कि कोटेदार बाइक से जा रहे थे और बाइक के अनियंत्रित होने के चलते सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली मारे जाने की अफवाह पूरी तरह से गलत है।



रामकथा पार्क में आयोजित भजन संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

## ढेड़िया लोक नृत्य से उतारी राम जी की नजरिया

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामकथा पार्क में बुधवार रात विदेशी रामलीला ने अपने मंचन से दर्शकों को सम्मोहित कर दिया। फिजी से आए कलाकारों ने अपने पूर्वजों द्वारा सौंपी गई राम चरित मानस से पंचवटी से दृश्यों का मंचन किया। शबरी प्रसंग में कलाकारों ने जीवंत अभिनय करके सभी को भावुक कर दिया वहीं केवट प्रसंग में श्रद्धा और भक्ति की पराकाष्ठा दिखी। राम आगमन की खुशी में रामजी की नजर उतारने की मान्यता वाले पारंपरिक लोक नृत्य ढेड़िया की प्रस्तुति की प्रयागराज से आयी ऋतिका यादव और दल ने की। सिर पर मिट्टी के घड़े में अग्नि प्रज्जवलित करते कलाकारों को देखकर सभी हतप्रभ हो गए। प्रयागराज से ही आए लोक गायक अतुल त्रिपाठी ने मेरी चौखट पर राम आए हैं.. गाकर मौजूद लोगों को अपने साथ कर लिया। अवध में होली खेले रघुबीरा पर पूरे उल्लास के साथ नृत्य करके वातावरण में होली के रंग घोल दिए। रामायण गुरुकुल सोसाइटी लखनऊ की दिव्या उपाध्याय ने आकाश राजपूत के साथ कथक और भरतनाट्यम के साथ पारंपरिक लोक नृत्यों द्वारा राम चरित पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। लखनऊ से आए नितिन कुमार साहू ने लुप्त हो चुकी कठपुतली विधा के माध्यम से ना केवल राम चरित के प्रसंगों को दिखाया बल्कि पर्यावरण और सफाई जैसे मुद्दों को मानस के माध्यम से प्रस्तुत किया। नोएडा से आईं माया कुलश्रेष्ठ ने अपने दल के साथ राम कथा के विविध प्रसंगों को कथक के माध्यम से प्रस्तुत किया। लखनऊ से आए आदर्श रामलीला समिति ने शिवाकांत द्विवेदी के नेतृत्व में भरत मिलाप का मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत करके सभी को भाव विभोर कर दिया। संचालन देश दीपक मिश्र ने किया। इस अवसर पर कलाकारों का सम्मान फिजी से आए अखिलेश प्रसाद और समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने किया।



छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते मुख्यमंत्री। अमृत विचार



महिला लाभार्थी को उज्ज्वला योजना का प्रतीकात्मक सिलेंडर सौंपते मुख्यमंत्री।



लाभार्थी को आयुष्मान योजना का लाभ देते मुख्यमंत्री।

## छात्राओं को किया सम्मानित सौंपी लाभार्थियों को चाबी

**अयोध्या, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआईसी में गुरुवार को जनसभा से पहले विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। योजनाओं के लाभार्थियों प्रमाण पत्र व आवास की चाभी सौंपी। खाद्य सुरक्षा विषय पर विभिन्न आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम रहीं छात्रा तृप्ति, आराध्या, वंदिता सेठ, अंशिका, शेषाद्रि को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थियों लक्ष्मी, आरती, रचना, सीता, सुमन, उमा देवी को आवास की चाभी सौंपी। एलआरएलएम में आराध्या, सोलर पंप के लिए राम जनम वर्मा, प्रकाश पांडेय, उज्जवला योजना के लिए कुसुम लता, विमला को रसीद सौंपी। इसी तरह रोजगार सृजन योजना के एक को 10 लाख का चेक, एक व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड सौंपा।

# स्वस्ति सिंह ने महादेव की स्तुति दे किया मंत्रमुग्ध

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में रामोत्सव के अवसर पर बुधवार शाम रामकथा पार्क में आयोजित भजन संध्या में लखनऊ की छात्रा स्वस्ति सिंह ने शिव आराधना से श्रद्धालुओं को आह्लादित कर दिया।



युवा गायिका स्वस्ति को सम्मानित करते संस्कृति विभाग के अधिकारी।

मंच पर पहुंची इस युवा प्रतिभा ने जैसे ही अपने कंठ खोले पंडाल में मौजूद श्रद्धालु हतप्रभ रह गए। स्वस्ति ने भजन श्रंखला का शुभारंभ शिव स्तुति से किया। 15 मिनट के भजन में शिव स्तुति का ऐसा वाचन सुन श्रद्धालु झूमने लगे। इसके अलावा उन्होंने राम भजनों की प्रस्तुति दी। राम स्तुति के दौरान युवा गायिका ने श्रद्धालुओं से अयोध्या आगमन की अनुभूति भी साझा की। उन्होंने कहा कि यहां आकर ऐसा आभास हो रहा है सलिला सरयू स्वयं अपना दुलार और स्नेह बरस रहीं हो। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की यह नगरी हम जैसी युवा प्रतिभाओं को संस्कार, धर्म का पालन और संस्कृति का संदेश व सीख देती है। यहां उन्हें भजन गायक के लिए संस्कृति विभाग की ओर से सम्मानित भी किया गया। लखनऊ के सेंट्रल अकादमी स्कूल में कक्षा 12 की छात्रा को भजन के प्रति लगाव परिवार के बुजुर्गों से मिला है। संस्कारवान परिवार में पल बढ़ रही स्वस्ति सिंह कहतीं हैं कि वर्तमान समय में परिवार और समाज दोनों का भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अनुरूप होना जरूरी है। उनकी माता ज्योति सिंह जहां लाडली को एक शिक्षिका के रूप में गढ़ रहीं हैं वहीं निजी बैंक में वरिष्ठ पद तैनात पिता मुकेश कुमार सिंह जीवन के प्रबन्धन का गुर सिखा रहे हैं। भविष्य में इंजीनियर बन कर देश के लिए योगदान देने का सपना संजोई स्वस्ति का कहना है कि भजन उनकी संस्कृति से जुड़ा है।

## सार-संक्षेप

### प्रदेशीय प्रतियोगिता के लिए खेलों का ट्रायल 15 से

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में 20 मार्च से आयोजित होने वाली नौ खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाली मंडलीय टीम के चयन के लिए यहां चयन ट्रायल 15 मार्च से होगा। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होने वाले अंडर-12 व अंडर-15 वर्ग के बालक व बालिका ट्रायल में जिला स्तरीय ट्रायल 15 मार्च को सुबह 11 बजे तथा मंडलीय ट्रायल 18 मार्च को दोपहर दो बजे होगा। चयनित मंडलीय बालक व बालिका टीम 20 मार्च से आगरा में होने वाली अंडर-12 जिम्नास्टिक व मेरठ में होने वाली अंडर-12 तैराकी की प्रदेशीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इसके अलावा अंडर-15 वर्ग की टीम सोनभद्र में बालक-बालिका तीरंदाजी, आजमगढ़ में बालक-बालिका बास्केटबॉल, गोरखपुर में बालिका कुश्ती, अयोध्या में बालक-बालिका टेबल टेनिस व हैण्डबॉल व लखनऊ में होने वाली वॉलीबॉल की प्रदेशीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

### सब जूनियर बालक हॉकी ट्रायल 15 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के समन्वय से गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर में 16 मार्च से होने वाली प्रदेशीय सबजूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता के लिए जिला व मंडल ट्रायल यहां 15 मार्च को होगा। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में जिला स्तरीय ट्रायल पूर्वान्ह 11 बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर दो बजे होगा। इस ट्रायल में एक जनवरी 2009 के बाद जन्मे खिलाड़ी प्रधानाचार्य से प्रमाणित आयु प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

### नया कीर्तिमान स्थापित करेगा निपुण कंपोजिट विद्यालय



कंपोजिट विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों को सम्मानित करते अध्यक्ष।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** निपुण कंपोजिट विद्यालय करीमपुर विकास खंड रुदौली के शिक्षकों को जिले में स्थान हासिल करने पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष व प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी ने गुरुवार को सम्मानित किया। उन्होंने कहा यह विद्यालय यहां के शिक्षकों व प्रधानध्यापक विद्यासागर भीम के सहयोग से नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। बताया कि कंपोजिट विद्यालय करीमपुर के कक्षा 1,2,3 के 70 प्रतिशत से अधिक छात्र निपुण घोषित किए गए हैं जो उत्कृष्ट की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि बिना मेहनत लगन व निष्ठा के ऐसा संभव नहीं हो पता। इसके लिए निश्चित रूप से टीम भावना से कार्य करने के लिए पूरा विद्यालय परिवार बधाई का पात्र है। सम्मानित होने वालों में शिक्षक राम जी मिश्रा, प्रियंका सिंह, कोमल आर्य, उषा देवी, विनोद कुमार नाहिद उस्मान आदि रहे।

### मित्रता से बड़ा कोई धन नहीं : स्वर्णदीप

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के अंजना मजरे सूरापुर स्थित मां काली के स्थान पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का गुरुवार को समापन हो गया। कथाव्यास स्वर्णदीप शास्त्री ने कहा कि मित्रता से बड़ा कोई धन नहीं होता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता यह सिखाती है कि मित्रता में सिर्फ प्रेम दिखना चाहिए न कि अमीरी व गरीबी या फिर छोटा या बड़ा। उन्होंने कहा कि भागवत महापुराण का सदा श्रवण करना चाहिए, जितना समय सत्संग, हरिनाम संकीर्तन में लगता है वह समय जीवन में सदुपयोगी है। इस अवसर पर कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह, आशुतोष पांडेय, अरुण तिवारी, आदि मौजूद रहे।



कथा कहते कथाव्यास

### अब परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा 20 मार्च से

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा में संशोधन किया गया है। आगामी 16 मार्च से शुरु होने वाली वार्षिक परीक्षा अब 20 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि सभी 1792 परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा पहले 16 मार्च से शुरु होनी थी लेकिन बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव द्वारा गुरुवार को तिथि में परिवर्तन का आदेश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

### आरआरसी केंद्र चलाएंगी समूह की महिलाएं

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों की तर्ज पर कूड़ा एकत्रित होने वाले आरआरसी केंद्र का संचालन भी समूह की महिलाएं ही करेंगी। पहले चरण में स्वच्छ भारत अभियान के तहत चयनित 11 ब्लॉकों में समूहों के चयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला समन्वयक दीपक कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पहले फेज में 464 गांवों का आरआरसी केंद्र बनाने के लिए चयन किया गया। इन गांवों में कूड़ा उठाने के लिए वाहनों की व्यवस्था के साथ ही व अन्य उपकरण की व्यवस्था की गई है। योजना के तहत चयनित गांवों में महिलाएं गीला व सूखा कचरा अलग करेंगी। इसके बाद सूखा कचरा ही आरआसी पर रखा जाएगा। इसी के तहत केंद्रों की जिम्मेदारी भी समूह की महिलाओं को देने की कवायद चल रही है।

# सात साल का फैज ने रखा रोजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** यहां तक आते आते कितनी नदियां सूख जाती है, हमें मालूम है पानी कहां ठहरा होगा। किसी शायर की इस लाइन को 7 साल के आलमगंज कटरा के फैज आलम ने सच कर दिखाया। इस नन्ही सी उमर में फैज आलम ने रमज़ान का पहला रोज़ा रखकर पूरे दिन अल्लाह की इबादत की।

रमजान का पहला रोज़ा मंगलवार को था और जब सेहरी के वक्त भोर में करीब 3:30 पर परिवार के लोग उठे तो नन्हा फैज़ भी उठा और सेहरी करने के बाद फजर की नमाज अदा करके सो गया। सुबह 8 बजे स्कूल जाने लगा तो न ही पानी की बोतल ले गया और न ही टिफिन। पेपर खत्म हुआ तो घर आया पर खाना खाने से मना कर दिया और कहा कि मैं रोज़ा हूं, अम्मी, दादी व मोहल्ले के कई लोगों ने समझाया कि अभी छोटे हो अगले साल रहना, लेकिन उसकी जिद के आगे सब बेकार रहा और सेहरी का खत्म वक्त सुबह 4:50 मिनट से लेकर शाम 6:10 मिनट तक बिना अन्न और जल के अल्लाह की रज़ा के लिए फैज़ ने अपना पहला रोज़ा पूरा किया।



फैज आलम

▸▸ 15 घंटे रहा भूखा-प्यासा

▸▸ रोजेदारों और नमाजियों ने सेहतमंद और लंबी उमर के लिए कई दुआएं

### मस्जिद में नमाजियों ने किया स्वागत

इफ्तार के वक्त मस्जिद अशरफिया में फैज़ आलम को माला पहनाकर मस्जिद के पेश इमाम हाफिज मेराज अहमद, हाजी सेराज अहमद उर्फ चांद, हाफिज मोहम्मद अफजल सहित अन्य लोगों ने खुजुर खिलाकर इफ्तार कराया। अल्लाह की बारगाह में उम्र दराज़ी, सेहतमंदी व बेहतर तालीम हासिल करने के लिए खुसूसी दुआएं दी। इस तरह से सात साल की इस नन्ही सी उम्र में फैज ने अपनी जिंदगी का पहला रोज़ा रखकर अल्लाह की इबादत करने का शरफ हासिल किया। हाजी इरशाद अली, एहसान अली, मुनीर अहमद सिद्दीकी, इमाम अली, इरफान अली, मोहम्मद फजल, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद सुहेल, मोहम्मद ज़हीर मौजूद रहे।

## नहीं मिला स्ट्रेचर तो मां को गोद में लेकर जाना पड़ा





मंडलीय चिकित्सालय में सुधार की गुंजाइश नहीं बची हुई। बुधवार को भी लापरवाही की तस्वीरें सामने आईं। पहली तस्वीर में हैरिंग्टनगंज की रहने वाली राधा को डिस्चार्ज के बाद स्टैचर नहीं मिला, परिवार के लोग गोद में उठा कर ले जाने को मजबूर हुए। दूसरी तस्वीर में अमौना के विनोद कुमार को खुद स्टैचर खींच कर ले जाना पड़ा। जिला मुख्यालय पर वरिष्ठ अधिकारियों की नाक के नीचे यह तस्वीरें बहुत कुछ बयां करती हैं। ● प्रशांत शेखर

## पलिया लोहानी को फिर मिला मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत पलिया लोहानी को मुख्यमंत्री द्वारा दुबारा प्रोत्साहित किया गया है। सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने की ओर अग्रसर पलिया लोहानी ग्राम पंचायत को उत्कृष्ट कार्य करने के लगातार दूसरी बार वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार दिया गया है। निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने बुधवार को जिलाधिकारियों को भेजे पत्र में लिखा गया है कि यह पुरस्कार पंचायत सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को दिया जा रहा है। इस पत्र में अयोध्या जिले के पलिया लोहानी गांव को प्रथम पुरस्कार, कोरो राघवपुर को द्वितीय, घूरी टीकर को तृतीय, रामपुर मया को चतुर्थ और असकरनपुर ग्राम पंचायत को पंचम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। निदेशक के पत्र में यह बताया गया है कि प्रथम स्थान पाने वाली ग्राम पंचायत को 35 लाख, द्वितीय स्थान पाने वाली पंचायत को 30 लाख, तृतीय स्थान के लिए चयनित ग्राम पंचायत को 20 लाख, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायत को 15 लाख तथा पंचम स्थान पर चयनित होने वाली ग्राम पंचायत को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे। पलिया लोहानी के ग्राम प्रधान अभिषेक भद्र सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत में व्याप्त ठोस व तरल अपशिष्ट का प्रबंध किया जा रहा है।



अभिषेक सिंह, प्रधान

**सूरत-ए-हाल** सड़क की तो बात छोड़िए गडढे नहीं हो पाए बराबर


# उभरे ढक्कन, गहरे गड्ढे, चलना हुआ दुश्वार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उभरे सीवर के ढक्कन, गहरे गडढे और उबड़-खाबड़ सडक। सिविल लाइंस-कंधारी बाजार होते हुए नियावां चौराहे की इस सड़क पर रोज हिचकोले लेते ई-रिक्शा, लड़खड़ाती बाइक और झोल खाते चार पहिया वाहनों को देखा जा सकता है। जो कभी भी हादसे का कारण बन सकता है।

रामपथ को देखकर शहर की सड़कों का अंदाजा नहीं लगाया जाना चाहिए। तस्वीर भिन्न दिखती है। विकास के नाम पर इंतजार कब तक करें। दिक्कतें बहुत हैं। ऐसा ही हाल इस सडक का भी है। लगभग डेढ़ किमी. लंबी ये सड़क सिविल लाइंस में रामपथ से निकलती है। नियावां चौराहे पर रामपथ से ही जुड़ती है। लोग रिकाबगंज चौराहे पर जाम में फंसने से बचने के लिए सिविल लाइंस से नियावां जाने के लिए शॉर्ट कट रास्ते के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसलिए इस सड़क पर हर समय इस पर भीड़ रहती है। इस पर लगभग साल भर पहले सीवर लाइन डाली गई। जगह-जगह चैंबर बनाए गए। सड़क को बराबर किया गया, लेकिन फर्ज अदायगी भर। सीवर चैंबर के ढक्कन सड़क से ऊपर हैं। जगह-जगह गडढे बन गए हैं। झटका लगता है। सड़क उबड़-खाबड हो गई। एक ई-रिक्शा सड़क पर पहुंचा तो हिचकोले खाते हुए चलने से जाम लगना तय है। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि सड़कों की मरम्मत शुरू कराई गई है।






ऊबड-खाबड़ रास्ते पर चलना दुश्वार एवं बीच सड़क पर उभरे सीवर के ढक्कन हादसे का सबब बन सकते हैं। अमृत विचार

### हाल सिविल लाइंस-कंधारी बाजार-नियावां चौराहा मार्ग का

**बोले लोग- शहर की सड़कों का हाल ठीक नहीं**




मनोज सोनकर बोले कि बहुत दिन सड़क बंद रही। अब खुली तो पैदल चलना भी मुश्किल है। यह तो गांव की सड़क से भी खराब है।



परमजीत ने कहा कि शहर की सड़कों का हाल ठीक नहीं है। इस पर तो पैदल चल पाना मुश्किल है। इसे दुरूस्त किया जाना चाहिए।



श्याम कुमार बोले कि शहर की ज्यादातर सड़के खोदी गई। विकास होना अच्छी बात है, लेकिन इसे ठीक भी तो करना चाहिए।



अमन वाल्मिकी ने कहा कि सड़क इतनी खराब है कि रिक्शा, ठेला कब पलट जाए, भरोसा नहीं। पैदल चल पाना मुश्किल है।

### क्षय रोगों के लक्षण व बचाव की दी जानकारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीएचसी सोहावल के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर बैदरापुर पर टीबी रोग की स्क्रीनिंग के लिए गुरुवार को एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने उपस्थित लोगों को क्षय रोग के लक्षण व बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संभावित रोगियों के नमूने जांच के लिए एकत्रित किए गए। इस मौके पर उमेश शुक्ला, सौम्या चौधरी, शिव शंकर आदि मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिये अयोध्या शहर से एल के जी से इंटर तक के लिए सभी विषयों के योग्य एवं अनुभवी शिक्षक / शिक्षिकाओं की ।

**गायत्री पब्लिक स्कूल**
रेवतीगंज, ब्लॉक हैरिंग्टनगंज, अयोध्या
8090420051, 9415387756
Email:
rsshuklagps@rediffmail.com
gpsayodhya@gmail.com

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य


Email-id: gicfaizabad@gmail.com | सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646



**रोजा**

शिया
सहरी : 04.48 बजे
इफ्तार : 06.24 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.43 बजे
इफ्तार : 06.10 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।



जीआईसी ग्राउंड में मंच से लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार



रामलला का दर्शन-पूजन करते सीएम योगी।



जीआईसी मैदान में लगी परियोजनाओं की शिलापट।

# विकसित भारत के लिए विकसित अयोध्या जरूरी : योगी

## मुख्यमंत्री बोले- देश की पहली सोलर सिटी बन गई रामनगरी, कहा-अब सूर्य की रोशनी से चमकेगी सूर्यवंश की राजधानी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित अयोध्या जरूरी है। अब सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या भगवान सूर्य की रोशनी से प्रकाशित होगी। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बन गई है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहीं। वह राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में कृषि मेला और प्रदर्शनी के समापन अवसर पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 1090 करोड़ की 411 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कहा कि इसमें सबसे बड़ी परियोजना सोलर की है। 40 किलोवाट के सोलर प्लांट के उद्घाटन और इतनी ही क्षमता के सोलर प्लांट का शिलान्यास करते हुए कहा कि सूर्य वंश की राजधानी अयोध्या अब यह भगवान सूर्य की ही रोशनी से प्रकाशित होगी। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बन गई। इससे पहले अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने शुरुआत से आम लोगों की संवेदनाओं को उभारा। कहा कि आज अयोध्या की गूंज पूरी दुनिया में है। यह वही अयोध्या जहां के लिए कहा जाता था परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा की तारीख 22 जनवरी से 10 मार्च तक एक करोड लोगों ने रामलला के दर्शन किए। प्रभु की ऐसी कृपा कि सब कुछ शांतिपूर्ण, सुगम और सौहार्द के बीच संपन्न हो रहा है। यह सब कुछ पीएम मोदी के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। उन्होंने अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति आतिथ्य भाव के लिए अयोध्या के लोगों की सराहना की। उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर तीखे हमले किए। जनसभा में आए लोगों से सवाल-जवाब के लहजे में कहा कि सपा सरकार यहां एयरपोर्ट बनवा सकती थी क्या? हाथ उठाकर जवाब आया नहीं। फोर और छह लेन की सड़कें बनवा सकती थी क्या? जनसमूह का जवाब आया नहीं। कहा कि जो आस्था का सम्मान न कर सके। युवाओं को रोजगार न दे सके। गरीबों को आवास न दे सके। इलाज न दे सके। बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान न दे सके। ऐसे लोगों के बोझ को सिर पर ढोने के लिए मजबूर थोड़े ही हो। इसे दूर फेंकों। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सब वर्ष 2017 में दीपोत्सव शुरू किया तो सपा, बसपा व कांग्रेस के लोगों ने इसे औपचारिकता बताया, जबकि ये श्रीराम के आगमन की तैयारी थी। लोगों की भावनाओं से अयोध्या को जोड़ते हुए कहा कि दीपोत्सव के बाद लल्लू महराज (सांसद) के कहने पर ही अयोध्या जिला, अयोध्या नगर निगम बना। जब सब अयोध्या हो गया तो श्रीराम को आना ही था।

कहा कि पीएम मोदी के विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश की जरूरत है और विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित अयोध्या की जरूरत है। इसी के लिए आज यहां सार्वजनिक कार्यक्रम में आएं हैं। आज 1100 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। अयोध्या के विकास के लिए 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं है। कुछ पूरी हो गईं, कुछ पर काम हो रहा है। प्राण प्रतिष्ठा में 54 देशों के राजदूत आए। नव्य और दिव्य अयोध्या बन रही है। पूरे विश्व से लोग अयोध्या आना चाहते हैं। राम लला का दर्शन करना चाहते हैं। बैठक में सांसद लल्लू सिंह, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायकगण वेदप्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, डॉ. अमित सिंह चौहान, अपर पुलिस महानिदेशक जोन अमरेन्द्र सिंह सेंगर, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व आरटीओ ऋतु सिंह सहित अन्य अफसर मौजूद थे।



जनसभा में मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

**सीएम ने किया 1090 करोड़ की 411 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास**

### रामनवमी कार्यक्रम का दिया प्रस्तुतीकरण

कमिश्नर गौरव दयाल ने बताया कि रामलला के विराजमान होने के बाद श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए नगर निगम, विकास प्राधिकरण व स्वास्थ्य विभाग को बेहतर कार्य का निर्देश दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि श्रीरामनवमी 17 अप्रैल को भव्यता से मनाई जाएगी। बैठक में डीएम नितीश कुमार ने रामनवमी कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण दिया। कहा कि पिछले साल की तुलना में इस बार और बेहतर व्यवस्था की गई है। विभागों में पूरा समन्वय रहेगा। एसएसपी राजकरन नैय्यर ने पार्किंग व ट्रैफिक व्यवस्था आदि की जानकारी दी। आईजी प्रवीण कुमार ने आवश्यकतानुसार पुलिस व्यवस्था की बात कही। बताया कि पुलिस को श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया गया हैं।

### देश में चारों तरफ मोदी की गूंज

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी शक्ति बनकर सामने आएगा। विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होगा। इससे देश का हर नागरिक खुशहाल होगा। आज देश में चारों ओर फिर एक बार मोदी सरकार की गूंज है। लोगों से इस पर सहमति ली। प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह को सरल, सुलभ, शांतिप्रिय और अयोध्या के प्रति समर्पित बताया। कहा कि देश में जहां भी रहते हैं केवल अयोध्या और राम की चर्चा करते हैं। इसलिए इनको पकड़कर फिर लाया गया है। आम लोगों से हामी भराई। जनसभा में सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, विधायक राम चंद्र यादव, विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, पूर्व विधायक गोरखनाथ, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व अध्यक्ष अवधेश सिंह बादल सहित अन्य नेता व बड़ी संख्या लोग मौजूद थे।

### शुरू करने जा रहे हैं फैमली आईडी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम बहुत जल्दी फैमिली आईडी योजना शुरू करने जा रहे हैं। इसके जरिए योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों को लाभ देने का प्रयास है। जो लोग सरकारी योजनाओं के पात्र होंगे और उन्हें अभी तक उसका लाभ नहीं मला है, ऐसे लोगों को इस योजना के माध्यम से चिह्नित कर सरकार उनके पास जाएगी और योजना का लाभ दिलाएगी। सबका कल्याण ही तो राम राज्य है। इसी का प्रयास है।

### 1090 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को 1090 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें लोक निर्माण विभाग की 166.10 करोड़ की लागत की 111 सड़कें, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की 209.64 करोड़ की 99 परियोजनाएं, ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की 200 करोड़ की एक परियोजना, प्राविधिक शिक्षा विभाग की 116 करोड़ की एक परियोजना, नगर विकास विभाग 393.52 करोड़ की 12 परियोजनाओं सहित अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही नियोजन विभाग के पांच, नगर विकास विभाग के आठ, बेसिक शिक्षा विभाग की एक, गृह विभाग के पांच सहित अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में 684 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व 406 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया।

### मुख्यमंत्री ने कई बार आकर दर्शन को सुलभ बनाया : लल्लू

**अयोध्या अमृत विचार :** अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मुख्यमंत्री ने कई बार आकर भगवान श्रीरामलला के दर्शन को सुलभ बनाने का काम किया। सभी के आशीर्वाद, हनुमान जी की कृपा और संतों के आशीर्वाद से मुझे 1991 से लगातार अयोध्या की सेवा करने का अवसर मिला। उन्होंने पीएम मोदी, सीएम योगी, संगठन के साथ सभी आभार जताया। जनसभा को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, विधायक सदर वेदप्रकाश गुप्ता, रूदौली रामचन्दर यादव, बीकापुर डॉ. अमित सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय, पूर्व विधायक गोरखनाथ आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह, रामकृष्ण तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।



जनसभा को संबोधित करते सांसद लल्लू सिंह।

# मंच पर योगी, मौन की भाषा बोल रहे थे राम

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ थे, लेकिन बोल, मौन की भाषा में श्री राम के थे। मंच पर पीछे लगा भव्य और दिव्य राम मंदिर और राम लला का चित्र वह सब कुछ कह रहा था। जिसकी चुनाव में जरूरत है, लेकिन बोलने की जरूरत नहीं होती। स्थान और मंच के साथ तस्वीर भी नौ साल पहले जैसी ही दिख रही थी। मंच पर यह प्रयोग दोबारा देखने को मिला।

अभी लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। भाजपा ने अपना चुनाव अभियान शुरु कर दिया। सांसद लल्लू सिंह को भाजपा ने फैजाबाद लोक सभा क्षेत्र से फिर प्रत्याशी बनाया। कृषि मेले और प्रदर्शनी के समापन अवसर व लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम के लिए योगी आदित्यनाथ जनसभा को संबोधित करने जीआईसी पहुंचे थे। वह मंच पर मौजूद थे। वक्ता बोल रहे थे, लेकिन इन सब के पीछे मंच पर लगी तस्वीर बिना बोले ही सब कुछ कह रही थी। तस्वीर निर्मित राम मंदिर और उसके ऊपर प्राण प्रतिष्ठित राम लला की थी। जय श्री राम के नारों के बीच जनसभा में मौजूद अवाम के लिए संकेत साफ था। चित्र देखकर जनसभा में मौजूद लोगों की संवेदनाएं उभरी। बोले जहां राम वहां सब। राम सबके और सबके राम। बाबा ने भी राम के आने की पृष्ठभूमि से प्राण प्रतिष्ठा तक की चर्चा। इसकी जानकारों में चर्चा भी रही। राम नरेश ने कहा चुनाव की अंतर्धारा में राम हैं। सबकी नैया वही पार लगाते हैं। सुधीर ने कहा अयोध्या में चाहे कुछ भी हो राम तो रहेंगे। याद दिलाया सन् 2014 के चुनाव में ऐसी तस्वीर सामने थी। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार व भाजपा नेता नरेंद्र मोदी इसी मैदान में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। लल्लू सिंह तब भी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी थे। तब तो राम मंदिर पर फैसला भी नहीं आया था। उन्होंने लल्लू सिंह को श्री राम की तस्वीर के नीचे ही हाथ उठाकर जितवाने की अपील की थी। समय बदला लेकिन परिदृश्य पुराना जैसा ही है। सियासत के जानकारों ने चर्चा की। चुनाव की बिसात पर एक बार फिर राम और राम मंदिर आ गया है।






जीआईसी के मंच पर लगी श्रीराम मंदिर व रामलला की तस्वीर एवं श्रीराम की तस्वीर के सामने प्रत्याशी के पक्ष में अपील करते नरेंद्र मोदी (फाइल फोटो)।

**चुनाव की अंतर्धारा में राम मंदिर और राम लला भी**

## सार-संक्षेप

### सीएम के साथ हेलीकॉप्टर पर सवार महापौर ने साझा की तस्वीर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नगर निगम के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने गुरुवार को अपने ऑफिशियल फेसबुक एकाउंट पर मुख्यमंत्री के साथ हेलीकॉप्टर पर सवार होने की एक तस्वीर साझा की है। मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी लेते दिख रहे महापौर ने लिखा है कि अयोध्या के विकास के लिए हेलीकॉप्टर में मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की गई। अयोध्या के विकास के लिए केन्द्र और प्रदेश सरकार कृतसंकल्प है। उन्होंने यह भी लिखा है कि अयोध्या के नगरीय विकास के लिए हवाई सर्वेक्षण भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया।



मुख्यमंत्री योगी के साथ हेलीकॉप्टर पर महापौर।

### साथी को पीटने की आरोपी शिक्षिका निलंबित

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र मवई के प्राथमिक विद्यालय पूरे शहलाल में महिला शिक्षक जसप्रीत कौर की पिटाई करने वाली आरोपी महिला शिक्षक मुक्ति सिन्हा को बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने गुरुवार को निलंबित कर दिया। एक पखवाड़ा पहले प्राथमिक विद्यालय पूरे शाह लाल की शिक्षिका जसमिंदर कौर की शिक्षण कार्य के दौरान शिक्षिका मुक्ति सिन्हा ने पिटाई कर दी थी। पीड़ित शिक्षिका ने थाना पटरंगा में मुकदमा दर्ज कराया था ।मामले में कार्यवाहक खंड शिक्षा अधिकारी मवई रमाकांत राम ने बीएसए को सौंपी अपनी जांच में शिक्षिका मुक्ति सिन्हा को दोषी करार दिया ।खंड शिक्षा अधिकारी मवई ने आरोपी शिक्षिका को निलंबित किए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शिक्षिका के विरुद्ध जांच जारी रहेगी।

### स्वास्थ्य सुविधा में हेल्थ वर्कर महत्वपूर्ण : सीएमओ

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत एएनएम का दो दिवसीय टीकाकरण प्रशिक्षण प्रशिक्षण दर्शननगर केंद्र में गुरुवार को कराया गया। कुल 15 बैच में 300 स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला को टीकाकरण कार्यक्रम पर प्रशिक्षित किया गया ।इस मौके पर सीएमओ डॉ संजय जैन ने कहा कि जमीनी स्तर पर जनसमुदाय को स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराये जाने में हेल्थ वर्कर की की महत्वपूर्ण भूमिका है। समय से टीकाकरण करके गर्भवती महिलाओं और बच्चों को विभिन्न होने वाली बीमारियों से बचाया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। डॉ. हरिबंश यादव, डॉ. राजेश चौधरी, मनोज कुमार त्रिपाठी, डॉ. अहसन हसन किदवई, डॉ. दिलीप सिंह जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने प्रशिक्षण प्रदान किया।



प्रतिभागी को प्रमाणपत्र प्रदान करते सीएमओ।

### काशीराम की जयंती से बसपा शुरू करेगी लोकसभा समर

**अयोध्या,अमृत विचार :** जिले में बहुजन समाज पार्टी लोकसभा समर 2024 की शुरुआत पार्टी संस्थापक कांशीराम की जयंती से करेगी। इसके लिए पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में अंबेडकरनगर निवासी एक कारोबारी को पार्टी की ओर से फ़ैजाबाद लोकसभा का प्रभारी घोषित किये जाने की तैयारी है। पार्टी के मंडल कोआर्डिनेटर महेंद्र आनंद ने बताया कि पार्टी कार्यालय मकबरा पर आयोजित जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल मौजूद रहेंगे।

**अभिनंदन** | पीएम मोदी ने अयोध्यावासियों से किया था अतिथि देवो भव : का आह्वान

# आगे बढ़ी अयोध्या के संस्कार व संस्कृति के सृजन की धारा



विवेक सक्सेना, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या के संस्कार और संस्कृति के सृजन की धारा आगे बढ़ गई। पीएम मोदी ने राम मंदिर के भूमि पूजन के समय कहा था अब अयोध्या के लोगों की जिम्मेदारी बढ़ गई। उन्होंने अयोध्या आने वाले लोगों के प्रति अतिथि देवो भवः के भाव को अंगीकार करने का आह्वान किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अयोध्या के लोगों की आतिथ्य सेवा को अद्भुत उदाहरण बताकर पुष्ट कर दिया कि अयोध्या में संस्कृति और संस्कार के सृजन की धारा आगे बढ़ गई।

श्री राम मंदिर पर फैसले के बाद पांच अगस्त 2020 को पीएम मोदी मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन करने पहुंचे थे। उस समय पीएम मोदी ने अपने संबोधन में अयोध्या के लोगों की जिम्मेदारी का अहसास कराया था। भाव था कि श्रीराम लला का मंदिर बनने जा रहा है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचेगे। वह अयोध्या के अतिथि होंगे। उनके प्रति अयोध्या के लोगों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उनकी सेवा और सहयोग के लिए उन्हें मानसिक रूप से अपने को तैयार करना चाहिए। अतिथि देवो भवः की सनातन संस्कृति के मुताबिक उनके प्रति व्यवहार करना चाहिए।

**सीएम योगी ने कहा-अयोध्या के लोगों ने प्रस्तुत किया आतिथ्य सेवा का अद्भुत उदाहरण**

ऐसा नहीं है कि इस लगभग साढ़े तीन साल में अयोध्या के लोगों ने तकलीफें नही झेली। तमाम अवसरों पर दिक्कतें हुई। समस्याएं आईं। नुकसान जैसी स्थिति भी बनी लेकिन अयोध्या के लोगों ने कर्तव्य को अपने से दूर नहीं किया। चाहे पीएम मोदी के आह्वान रहा हो या फिर अयोध्या की सनातन संस्कृति में निहित अतिथि देवो भवः का भाव। उन्होंने संस्कृति को सिर माथे बांधे रखा। आज सीएम योगी को उनकी इस संस्कृति और संस्कार के लिए खुले मंच से अयोध्या के लोगों का अभिनंदन करना पड़ा।

जीआईसी के मैदान पर सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या ने फिर से अपने आप को साबित किया है आतिथ्य सेवा के लिए। 22 जनवरी से 10 मार्च तक एक करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रभु रामलला के दर्शन अयोध्या धाम में आकर किए। इस दौरान आतिथ्य सेवा का भी अद्भुत उदाहरण अयोध्या धामवासियों ने प्रस्तुत किया। इससे मैं कह सकता हूं कि अब अयोध्या वासी देश केकिसी भी कोने में जाएंगे और बताएंगे कि अयोध्या से आए हैं तो वहां के लोग भी उन्हें पलकों पर बैठाएंगे। उन्होंने अयोध्या धाम के लोगों को हृदय से अभिनंदन करने और इस दिन को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति बार-बार, कोटि-कोटि अभिनन्दन और अभिवादन की बात कही। कहा कि एक भी व्यापारी उजड़ा नहीं। सबका पुर्नवास हुआ और मुझे ये भी बताया गया है कि रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के बाद सबका व्यवसाय भी कई गुना बढ़ा है।

### अवैध निर्माण पर लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील रुदौली के ग्राम कूड़ा सादात में खलिहान की भूमि पर अवैध निर्माण करने पर लेखपाल ने कोतवाली रुदौली में मुकदमा दर्ज कराया है। कुढ़ा सदात की गाटा संख्या 420/0138 हेक्टेयर राजस्व अभिलेख में खलिहान दर्ज है।लखनऊ अयोध्या राजमार्ग के किनारे गांव के रियाज अहमद निर्माण कर रहे थे।निर्माण कार्य किए जाने की खबर वायरल होने का संज्ञान लेकर एसडीएम अंशिका दीक्षित ने तहसीलदार से लेखपाल को आरोप पत्र जारी करने और कार्यालय से संबद्ध करने के निर्देश दिए थे।ग्राम सभा की भूमि पर निर्माण करने वाले रियाज पर लेखपाल सीमा पांडे ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत दर्ज कराया है। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने गुरुवार को बताया कि खलिहान की भूमि पर निर्माण करने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।

## एक नजर

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

मवई, अयोध्या। बाबाबाजार थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका हुआ शव मिला है। सैदपुर मजरे खारिका गांव में विशाल गोस्वामी (36) पुत्र बाबूराम गोस्वामी अपने खेत में खड़ी गेहूं की फसल की रखवाली के लिए बुधवार की देर शाम गया था। उसका गुरुवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में बरगद के पेड़ से फंदे से लटकता हुआ शव ग्रामीणों को दिखाई दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना बाबा बाजार राजेश सिंह ने बताया मामला आत्महत्या का है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच की जा रही है।

### गोकशी का अभियुक्त चापड़ के साथ गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र में पुलिस ने गोकशी के अपराध में संलिप्त हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त अनवर हुसैन उर्फ कल्लू बंजारा पुत्र अजमेरी को एक अदद नाजायज चापड़ के साथ गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय से गोकशी और हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त अनवर हुसैन उर्फ कल्लू बंजारा पुत्र अजमेरी निवासी सहजौरा थाना इब्राहिमपुर को ढेलमऊ मोड़ के पास से एक अवैध चापड़ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### अपात्र लाभार्थियों से नहीं हो सकी रिकवरी

देवरिया बाजार, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जनपद के विकास खंड जहांगीरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत शंकरपुर वर्जी में विगत 25 अप्रैल 2023 को शिकायत के बाद आवासों की जांच के लिए जिलाधिकारी द्वारा भेजी गई टीम में परियोजना निदेशक ने आवासों की जांच किया। उन्होंने ग्राम पंचायत के कुल 12 आवासों की जांच किया था। जिसमें गुड्डी, पुष्पा, अनीता आदि अपात्र पाई गई। मामले में संलिप्त सचिव अरूण कुमार पर निलंबन की कार्यवाही करते हुए खंड विकास अधिकारी जहांगीरगंज को निर्देशित किया कि अपात्र आवास लाभार्थियों से रिकवरी नोटिस जारी कर वसूली करें। अन्यथा अंतिम नोटिस कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए भू-राजस्व को वसूली के लिए निर्देशित करें। लेकिन मामले में दस महीने बीत गए हैं और आज तक न तो वसूली हो सकी और न ही प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# प्रतियोगिता : 12 खंड शिक्षा क्षेत्र के 96 प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

## कंपोजिट विद्यालय डाभासेमर में हुआ जनपद स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार कार्यक्रम

अयोध्या कार्यालय



प्रतियोगिता में पुरस्कृत किए गए छात्र - छात्राएं व अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय डाभासेमर द्वितीय में गुरुवार को जनपद स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य डायट जय प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय की उपस्थिति में आयोजन हुआ।

जनपदीय प्रतियोगिता में प्रत्येक विकासखंड से आठ उत्कृष्ट प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कुल 12 विकासखंडों के 96 प्रतिभागियों ने अपने विज्ञान के उत्कृष्ट मॉडलों का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक के बच्चों में विज्ञान की विषय वस्तु एवं वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे बच्चों में से 10 उत्कृष्ट मॉडलों का चयन किया जाना रहा। उत्कृष्ट मॉडलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे को 10000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 7500, तृतीय स्थान पाने वाले को 5000 एवं अन्य बच्चों को सांत्वना धनराशि के रूप में 2500 रुपये दी गई। निर्णायक समिति में प्राचार्य डायट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुधाकर त्रिपाठी प्रवक्ता नवोदय विद्यालय, उप प्राचार्य नवोदय विद्यालय एसबी यादव द्वारा 10 बच्चों का चयन किया गया। प्रथम स्थान अमानीगंज के सचिन कुमार, द्वितीय पूरा बाजार की प्रिंसी, तृतीय मिल्कीपुर की स्वाती ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार मया के सूरज और नाजिया बेगम, रुदौली के रिया पांडे ,अमानीगंज से अंश और अनुराग ,मिल्कीपुर से महक और मसौधा से जीवन को मिला। 96 बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं एक बैग स्टेशनरी प्रदान की गई।

तीनों एसआरजी डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी, मनीष रस्तोगी,अमित मिश्रा , जिला संबंधित प्रशिक्षण आदेश सिंह, उत्कर्ष एवं अमन सहित विभिन्न विकासखंडों के गणित एवं विज्ञान के एआरपी भी उपस्थित रहे।

## गैर इरादतन हत्या में तीन लोगों को पांच साल की सजा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** गैर इरादतन हत्या में दोषी पाते हुए कोर्ट ने मां उसके बेटे व बहू को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक पर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी हुआ है। यह फैसला अपर जिला जज अमित कुमार पांडेय की अदालत से गुरुवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश तिवारी व सुधाकर मिश्रा ने बताया कि घटना 9 फरवरी 2019 की है। चंद्रावती निवासी ताजपुर थाना खंडासा अपने दरवाजे पर बैठी थी। इसी समय उनके गांव की सियाराजी ,उसका लड़का रमेश कुमार व बहु रानी उसके दरवाजे पर कूड़ा डालने लगी। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे मारा पीटा। उसे छुड़ाने उसके पति सुकई, बहू सोना आई तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। इसी चोट के कारण इलाज के दौरान सुकई की लखनऊ के बलरामपुर चिकित्सालय में मौत हो गई। इसकी रिपोर्ट तीनों के खिलाफ चंद्रावती ने गैर इरादतन हत्या की धारा में लिखवाई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने तीनों को दोषी पाते हुए सजा दी।

# विश्वविद्यालय ने किक बॉक्सिंग में जीते पदक




प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले प्रतिभावान खिलाड़ी।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग पुरूष प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय के पुरूष बॉक्सरों के एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक प्राप्त किए। किक बॉक्सिंग की ततामी किक लाइट इवेंट के 84 किलोग्राम भार वर्ग में अखिल कुमार ने विश्वविद्यालय के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया।

रिंग स्पोर्ट्स फुल कॉन्टेक्ट इंवेट के 57 किलोग्राम भार वर्ग में राजकुमार राणा व अभिषेक वर्मा ने रिंग स्पोर्ट्स लो कॉन्टेक्ट इवेंट के 51 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किए। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों के साथ पुरूष खिलाड़ियों ने भी अपने वर्चस्व को कायम रखा। टीम कोच डॉ. अनुराग पाण्डेय रहे।क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु सिंह, क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेंद शुक्ला, कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार, कुलानुशासक प्रो. एसएस मिश्रा ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# अयोध्या, लखनऊ, मेरठ व गोरखपुर ने जीता लीग मैच



प्रदेशीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता के लीग मैच में गोल के लिए जूझती खिलाड़ी।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के समन्वय से क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में चल रही प्रदेशीय सीनियर महिला आमंत्रण हॉकी प्रतियोगता में गुरुवार को अयोध्या, लखनऊ, मेरठ मंडल व स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने मैच जीत कर पूल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। दूसरे दिन स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर व प्रयागराज के बीच हुए मुकाबले में स्पोर्ट्स कॉलेज ने 7-0 से प्रयागराज पर एकतरफा जीत दर्ज की। आकांक्षा ने पांच और रीति व रेनुका ने एक-एक गोल किया।

अयोध्या मंडल ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में ममता के गोल की बदौलत शाहजहांपुर को 1-0 से हराया। लखनऊ मंडल ने मधु व मनीषा के गोल से मऊ को 2-0 से हराया। मेरठ मंडल ने गोरखपुर मंडल को कंचन व मानसी के गोल से 2-0 से हराया। स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने आगरा मंडल को 10-0 से जीत दर्ज की। इसमें राबिया ने चार, रश्मि व कोमल ने दो-दो तथा रेनुका व आकांक्षा ने एक-गोल किया। इस अवसर पर आरएसओ चंचल मिश्रा, उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद, विकवेक कुमार, सीडी सिंह, ऑफीसियल्स व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## सख्ती : जेईई को अवैध प्लाटिंग की रोज दें रिपोर्ट

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडेय ने सभी जेई को अवैध प्लाटिंग की ओर रोज रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है। इसके लिए प्राधिकरण ने 50 कर्मियों को अतिरिक्त इस व्यवस्था की निगरानी के लिए लगाया है। उनके निर्देश के बाद प्राधिकरण में तैनात अवर अभियंताओं की फौज सक्रिय हो गई है।

▸▸ अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने नगर क्षेत्र के जेई को दिए निर्देश

अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि 12 से अधिक सेक्टरों में हर सेक्टर में आठ से दस स्थानों पर अवैध प्लाटिंग और अनियमित ढंग से भवन, व्यवसायिक कॉम्पलेक्स बनाने गए हैं। इन्हें सूचीबद्ध कर लिया गया है। सभी अवर अभियंताओं से एक सप्ताह के भीतर पूरी भौगोलिक रिपोर्ट मांगी गई है। खास कर डूब क्षेत्र में हुई 24 से अधिक अवैध प्लाटिंग लोकेट की गई है। जहां लोगों ने मकान तक बनवा लिए है। पलिया शाहबदी और पलिया लोहानी इलाके में बुधवार को अवैध प्लाटिंग पर जेसीबी चलाए जाने के बाद गुरुवार को अवर अभियंताओं द्वारा डूब क्षेत्र, लखनऊ रोड पॉलीटेक्निक क्षेत्र, देवकाली बाईपास क्षेत्र आज का स्थलीय भी किया गया, प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि सोमवार से अधिकारी स्थलीय निरीक्षण के लिए निकलेंगे।

# जीवन में सकारात्मक होना जरूरी



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी।

अयोध्या कार्यालय

**आयोजन**

**अमृत विचार :** मुमताजनगर स्थित फॉरेवर लॉन में प्रख्यात जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने गुरुवार को खुशियों का उपहार कार्यक्रम में अपने उद्बोधन से लोगों को जीवन में सकारात्मक होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन को सरल बनाने के लिए लोगों का सकारात्मक होना बहुत जरूरी है। साकारात्मक सोच व ऊर्जा से कोई भी व्यक्ति अपने जीवन की दिशा और दशा को अपने अनुकूल कर सकत है। उसके लिए दृढ़संकल्पित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मन की शांति से ही जीवन सुख मय होता है और आत्मिक शांति से ही मानव जीवन सफल होता है।

स्थानीय संचालिका ब्रह्माकुमारी शशी दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज प्रभु शक्ति अनुभूति भवन चेला छावनी वजीरगंज की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम दो दिनों तक आयोजित होगा। मानव जीवन में सुख-शांति बनी रहे, इसी को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें लोगों को सकारात्मक रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसमें लोग भाग ले सकते हैं। इससे पहले उन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया(रजि.) यूथ विंग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश लधानी, वरिष्ठ समाजसेवी वेद प्रकाश राजपाल,मुखिया गिरधारी चावला,अर्जुन दास वासवानी, कांता वासवानी,रागिनी राजपाल, चित्रा राजपाल, पूजा अरोरा,मधु वासवानी, कविता तुलस्यानी,मनीष तुलस्यानी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एनटीपीसी का 400 बिलियन यूनिट उत्पादन का आंकड़ा पार

टांडा, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने 13 मार्च को 400 बिलियन यूनिट (बीयू) उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी ने 399.3 बीयू उत्पादन किया था। 13 मार्च 2023-24 तक एनटीपीसी कोयला स्टेशनों ने 77.06 प्रतिशत का प्लांट लोडिंग फैक्टर (पीएलएफ) दर्ज किया है। इससे पहले कंपनी ने 1 सितंबर 2023 को 1428 एमयू का एक दिन का उच्चतम उत्पादन दर्ज किया था।

▸▸ एनटीपीसी 2032 तक 60 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए है प्रतिबद्ध

एनटीपीसी इकाइयों का यह शानदार प्रदर्शन एनटीपीसी इंजीनियरों, संचालन टीम और रख रखाव की प्रथाओं और प्रणालियों की विशेषज्ञता का परिणाम है। इसके अलावा यह उपलब्धि राष्ट्र को विश्वसनीय और सस्ती बिजली प्रदान करने की एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। एनटीपीसी की स्थापित क्षमता 75.4 गीगावॉट है, जबकि 5 गीगावॉट नवीकरणीय सहित 18 गीगावॉट क्षमता निर्माणाधीन है।

कंपनी 2032 तक 60 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। बिजली उत्पादन के साथ-साथ एनटीपीसी ने ई-मोबिलिटी, वेस्ट-टू-एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन समाधान सहित विभिन्न नए व्यावसायिक क्षेत्रों में भी कदम रखा है। इस अवसर पर टांडा परियोजना प्रमुख अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि बिजली निर्माण के आलावा हम परियोजना के निकटवर्ती गांवों में सम्पूर्ण विकास का कार्य सदैव जारी रखेंगे।

## पीड़िता की तहरीर पर देवर के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। भाभी के साथ अश्लील हरकत, जबरदस्ती और मारपीट करने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने देवर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। मामला कटका थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते 10 मार्च को लगभग 11:30 बजे मैं अपने घर से बाहर निकली तो मेरा देवर दीपक आ गया और पड़कर घर के अंदर कमरे में खींचकर ले गया और गलत नीयत से अश्लील हरकत करने लगा। किसी तरह से देवर के चंगुल से छूटकर बाहर भाग कर आई। हल्ला-गुहार मचाने पर देवर बुरी तरह से मारने पीटने लगा। जिसके बाद गांव के कुछ लोग भी आ गए, वह जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। उसके द्वारा इस प्रकार की घटना मेरे साथ कई बार की जा चुकी है। जिससे मेरे मान सम्मान और जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# नाले के निर्माण में अनियमितता का आरोप

▸▸ राजेसुल्तानपुर कस्बे में नाला निर्माण की खामियां को लेकर लोगों में आक्रोश

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** राजेसुल्तानपुर कस्बे में नाला निर्माण की खामियां जोर पकड़ने लगी हैं। एक करोड़ से ऊपर की लागत से बन रहा नाला मानक और गुणवत्ता की अनदेखी के चलते लोगों के आक्रोश का कारण बनता जा रहा है। बावजूद जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है।

बता दें कि राजेसुल्तानपुर नगर पंचायत की ओर से स्थानीय कस्बे में कराए जा रहे नाला निर्माण की खामियां उजागर न हो इसके लिए निर्माण कार्य में तेजी पकड़ लिया है। एक करोड़ 40 लाख की लागत से नाली निर्माण करने की जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन ने कार्यदाई संस्था को सौंपकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ ली है। जिसकी वजह से नाला निर्माण में मानक और गुणवत्ता की अनदेखी जमकर की जा रही है।



मानक विहीन किया जा रहा है नाले का निर्माण। अमृत विचार

### चेयरमैन बोले- निर्माण कार्य की होगी जांच

वहीं जब चेयरमैन विनोद प्रजापति से बात की गई तो उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्गत किए गए टेंडर पर नाले का निर्माण कराया जा रहा है। इस संदर्भ में अधिशासी अधिकारी से वार्ता करके नाला निर्माण की जांच कराई जाएगी।

नाला निर्माण के पहले बनने वाले स्ट्रक्चर में मामूली सरिया डालकर उसे कंक्रीट के सहारे ऐसे खड़ा कर दिया जा रहा है। जिसकी गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोग कई बार मुखर तो हुए लेकिन उनकी शिकायतों को अनदेखा कर दिया गया। ऐसे में मानक और गुणवत्ता के विपरीत नाले का निर्माण धड़ल्ले से जारी है। मामले को लेकर जब अधिशासी अधिकारी लक्ष्मी चैरसिया से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया।

## सार-संक्षेप



दुरदरिया पूजन करतीं महिलाएं।

### मातृ शक्तियों ने किया दुरदुरिया पूजन

रामपुर भगन, अयोध्या। अमृत विचार : रामपुर भगन स्थित बाबा भगन राय के ऐतिहासिक स्थल पर गुरुवार को सामूहिक दुख दुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैकड़ों मातृ शक्तियों ने श्रद्धापूर्वक अवसान माई की कथा सुनी, साथ ही सभी को लाई, चना व मिष्ठान आदि का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजक पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य संगीता सैनी व ग्राम प्रधान बलवंत सिंह बताया कि प्रत्येक वर्ष सामूहिक दुख दुरिया कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस अवसर गुड़िया, शकुंतला, कमलेश, राधा, अखिलेश कुमारी, रोली, माया सैनी, कोमल सहित सैकड़ों मातृ शक्तियां शामिल रहीं।

### गठबंधन प्रत्याशी के प्रचार में उतरेंगे कांग्रेसी

अयोध्या, अमृत विचार : इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के प्रचार-प्रसार को गति देने के लिए महानगर कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को कमला नेहरू भवन में कांग्रेस पदाधिकारियों ने बैठक कर रणनीति बनाई। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह ने कहा कि भाजपा कि मोदी सरकार के झूठ से जनता परेशान है। लोग इनको उखाड़ फेंकने का मौका ढूंढ रहे हैं। कार्यकर्ता गठबंधन धर्म का पालन करते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने का काम करेंगे। 10-10 वार्डों का सेक्टर बनाकर कांग्रेस पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी जाएगी। जो समाजवादी पार्टी और उम्मीदवार से बेहतर तालमेल बनाकर प्रचार प्रसार करेंगे। संचालन वरिष्ठ नेता कबीन्द्र साहनी ने किया। बैठक में जनार्दन मिश्रा, फ्लावर नकवी, मो. आरिफ, पंकज सिंह, सरजू प्रसाद वर्मा, रामेंद्र मोहन मिश्रा आदि थे।

### नि:शुल्क भोजनालय का विधायक ने किया उद्घाटन



मसड़ा बाजार में भोजनालय का उद्घाटन करते क्षेत्रीय विधायक राममूर्ति वर्मा।

बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। गरीब, निसहाय और अशक्त लोगों को नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए मसड़ा बाजार में भोजनालय का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक राममूर्ति वर्मा ने फीता काटकर किया। शेख विफन मेमोरियल ट्रस्ट के संचालक क्षेत्र पंचायत सदस्य असलम अब्बास द्वारा संचालित नि:शुल्क भोजनालय का उद्घाटन करते हुए क्षेत्रीय विधायक राममूर्ति वर्मा ने कहा कि ऐसे केंद्र क्षेत्र के अशक्त और बेसहारा लोगों के लिए वरदान है जो जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराकर क्षेत्र की संपन्नता को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका का निर्वाहन करते हैं। उद्घाटन के दौरान क्षेत्रीय लोगों के अलावा सैय्यद फैजान अशरफ उर्फ चांद मियां, निसार अहमद प्रधान संघ अध्यक्ष बसखारी विजयमणि यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजमन भारती, प्रबंधक संतराम मौर्य के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

### 313 वाहनों को चेक कर 24 का काटा चालान

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद में शान्ति और कानून व्यवस्था को देखते हुए समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना, चौकी क्षेत्रांतर्गत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। बिना नंबर प्लेट वाली गाडियों तथा काली फिल्म वाली गाडियों व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की विशेष रूप से चेकिंग की गई। साथ ही दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट घूमने वाले लोगों की सघन चेकिंग कर यातायात नियमों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कुल 313 वाहनों को चेक कर 24 वाहनों का चालान काटा गया।

**व्यवस्था** एक दिन में एक परीक्षक हाईस्कूल की 50 और इंटर की जांचेगा 45 कॉपियां

# यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 से

अयोध्या कार्यालय

▸▸ इस बार स्टेप मार्किंग प्रक्रिया के तहत होगा मूल्यांकन

▸▸ सेल की निगरानी में मूल्यांकन में परीक्षार्थियों की तरह बैठेंगे परीक्षक

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं पूरी होने के बाद उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी शुरू हो गई है। 16 मार्च से शुरू हो रहे मूल्यांकन के लिए सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने उप प्रधान परीक्षकों और परीक्षकों को निर्देश भेजे हैं।

हिदायत दी है कि मूल्यांकन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सामान्य रूप से एक परीक्षक एक दिन में हाईस्कूल के अधिकतम 50 व इंटरमीडिएट के परीक्षक एक दिन में अधिकतम 45 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। प्रश्नोत्तरों का मूल्यांकन स्टेप मार्किंग प्रक्रिया के अनुसार किया जाए। उदाहरण के लिए यदि किसी प्रश्न को सही हल करने पर क्रमश 1+1+1=3 अंक निर्धारित है और परीक्षार्थियों ने यदि इनमें से प्रथम दो अंश सही लिखा तथा एक अंश गलत लिखा है तो उसे 2 = 1 + 1 अंक प्रदान किए जाएं न कि तीसरा अंश गलत लिखने पर उसे इस प्रश्न में शून्य अंक दे दिया जाए। हल सही होने परन्तु मात्रक (यूनिट) न लिखने या अशुद्ध लिखने पर आंशिक अंक काटे जाएं।

### स्वच्छ व सुंदर लिखावट पर मिलेगा एक अतिरिक्त अंक

इस विज्ञान, गणित अथवा अन्य तकनीकी विषयों में परीक्षार्थी ने यदि किसी प्रश्न को हल करने में उसके स्टेप्स को सही लिखा है परन्तु त्रुटिवश उसने उत्तर गलत लिख दिया है तो उसे शून्य अंक न देकर उत्तर के अनुरूप अपेक्षित अंक दिए जाएंगे। स्वच्छ एवं सुन्दर हस्तलेख पर एक अतिरिक्त अंक दिया जाएगा।

**बोर्ड परीक्षा - मूल्यांकन- 2024**

| स्कूल | मुख्य परीक्षक | परीक्षक | आवंटित उत्तर पुस्तिका |
|---|---|---|---|
| जीजीआईसी | 37 | 312 | 90407 |
| जीआईसी | 34 | 317 | 81866 |
| मनोहरलाल इंटर कॉलेज | 47 | 453 | 66117 |
| राजकरण इंटर कॉलेज | 38 | 389 | 85251 |
| आदर्श इंटर कॉलेज | 42 | 428 | 86203 |
| योग | 198 | 1899 | 409844 |

### मूल्यांकन केंद्रों पर पर्यवेक्षक तैनात

जिला विद्यालय निरीक्षक ने राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाध्यापक शांति प्रजापति, नैय्यर जमाल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में अशोक सरोज, श्यामपरि वर्मा, एमएलएमएल इंटर कॉलेज में कंचन वेत्ता, राम जी राय, एमपी एलएल आदर्श इंटर कॉलेज सुनीता सिंह और बीना सिंह और राजकरण वैदिक पाठशाला मूल्यांकन केन्द्र पर तारावती व बंसत कुमार को पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया है। रोज सुबह 10 से पांच बजे तक मूल्यांकन चलेगा।

> पांच मूल्यांकन केंद्रों पर 16 से मूल्यांकन शुरू होगा। परिषद की ओर से जारी गाइडलाइन से सभी परीक्षकों को जानकारी दी जा रही है। पारदर्शिता के साथ मूल्यांकन कार्य होगा।
> —डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक

# रामनगरी में महिला चोर गिरोह सक्रिय

अयोध्या कार्यालय

▸▸ भीड़भाड़ वाले इलाकों में श्रद्धालुओं के साथ हो रही वारदात

**अमृत विचार :** चोरी-छिनैती के मामलों में पुलिस ने बिहार निवासी पुरुष गिरोह का पर्दाफाश कर 14 लोगों को गिरफ्तार कर लगभग 21 लाख रूपये के सोने के मंगलसूत्र और चेन बरामद किया था। इसके बाद प्रकाश में आई घटनाओं से पता चलता है कि अभी भी रामनगरी में महिला चोर गिरोह सक्रिय है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के कंधारी बाजार रिकाबगंज निवासी नीलम सिंह पत्नी बलवंत सिंह हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए जाते समय सीढ़ियों पर वारदात का शिकार हो गईं। जिसकी रिपोर्ट आरजेबी थाने में दर्ज कराई है। उनका कहना है कि कतार में उनके पीछे खड़ी सावली रंग की दो युवा महिलाओं ने गले की 9.5 ग्राम वजनी सोने की चेन चोरी कर ली। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र श्रीरामनगर कॉलोनी खाले का पुरवा निवासी पंकज कुमार सिंह की पत्नी यात्रा के दौरान महिला गिरोह की शिकार हो गई। पंकज का कहना है कि वह लता मंगेशकर चौक से साकेत पेट्रोल पंप हाइवे बाईपास जाने के लिए ई-सिटी बस पर सवार हुई थी। पास में खड़ी चार-पांच महिलाओं ने पत्नी की चेन और पर्स पार कर दिया। रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक आरजेबी देवेंद्र पांडेय का कहना है कि सभी मामलों की जांच के साथ-साथ पुलिस गिरोह की तलाश में भी जुटी है। पुलिस के अनुसार दर्शन-पूजन के लिए रामनगरी आए हैं तो भीड़भाड़ वाले इलाकों में आपको विशेष रूप से सतर्क रहने की जरूरत है। प्रमुख मठ-मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए गले की चेन और कीमती जेवरात पहनकर न जाएं।



**चौथा रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.46 बजे
इफ्तार : 06.19 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04. 46 बजे
इफ्तार : 06.11 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# सपा है दलित विरोधी पार्टी : मुख्यमंत्री

## जनपद को 21 अरब 22 करोड़ की मिली सौगात, सीएम बोले- भाजपा सरकार सुरक्षा, लोक कल्याण के लिए कर रही काम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनपद को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने 2122 करोड़ रुपए की 4977 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सपा समेत विरोधी दलों पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सपा दलितों की विरोधी है, सपा के लोगों ने गेस्ट हाउस कांड करवाया था। लेकिन भाजपा सरकार सुरक्षा, समृद्धि और लोक कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि क्या यह सपा और कांग्रेस के लोग दे पाते। वहां तो चाचा और भतीजे में ही जंग छिड़ी हुई है। नियुक्ति आई नहीं कि पूरा परिवार वसूली में व्यस्त हो जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्ष में एक बदलते भारत को देखा है। पहले विश्व में देश की पहचान नहीं थी। अब पूरे विश्व में भारत का सम्मान है। 56 लाख परिवारों को मकान मिला है। पहले ऐसा नहीं होता था। पहले नौकरी आती थी तो वसूली आरंभ हो जाती थी। चाचा भतीजे में जंग छिड़ जाती थी। आज भी जंग छिड़ी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले दुनिया में सम्मान नहीं था। आतंकवाद था, लेकिन भारत एक नए रूप में है। यह नया भारत है। रोजगार मिल रहा है। अयोध्या में रामलला को विराजमान हो गए हैं। सभी को योजनाओं से अछादित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद रितेश पांडेय, एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, भाजपा नेता रमाशंकर सिंह, लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी, धर्मेंद्र सिंह टिल्लू, पूर्व विधायक अनीता कमल, संजू देवी, सुभाष राय समेत अन्य कई भाजपा नेता और जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता आदि उपस्थिति रहे।



अकबरपुर हवाई पट्टी पर भाजपा नेताओं से रूबरू होते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते सीएम योगी व साथ में सांसद रितेश पांडे।

### मुख्यमंत्री ने छात्र से पूछे सवाल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद भ्रमण का कार्यक्रम सिविल लाइन ग्राउंड अकबरपुर में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास के पथ पर अग्रसर जनपद के सूचना विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, उद्योग विभाग, उद्यान विभाग और डूडा सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया गया। मुख्यमंत्री ने पहले छात्र का नाम पूछा इसके बाद उससे पढ़ाई के बारे में पूछताछ किया। उन्होंने छात्र से कोर्स से जुड़े सवाल भी किए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने एक बच्चे को अन्नप्रासन और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

### कार्यक्रम में लगे नौकरी दो नौकरी दो के नारे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के दौरान शिक्षक भर्ती घोटाले का बोर्ड लिए महिलाओं ने नौकरी दो-नौकरी दो के नारे लगाएं। हालांकि पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत ही महिलाओं को हिरासत में ले लिया है।

### लाभार्थियों को किया सम्मानित

इसके उपरांत मंच से मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्री गिरीश चंद यादव, सांसद रितेश पांडे, एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी और अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के अंतर्गत आवास पूर्ण कर चुके लाभार्थी को चाबी का वितरण किया। उन्होंने 5800 करोड़ के निवेश पर निवेशक जैनी केमिकल एंड फार्मास्पिटकल्स लिमिटेड को एमओयू हस्तांतरण प्रमाण पत्र, नव चयनित मेडिकल अफसर को नियुक्ति पत्र, 45000 रुपए प्रति माह आय प्राप्त करने वाली लखपति दीदी को सम्मान प्रमाण पत्र दिया।

### सीएम ने इन्हें किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना और निवेश करने के लिए उद्यमियों को डैमो चेक देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने पांच चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा।

### अंबेडकरनगर का नाम मिटाना चाहती थी सपा

मुख्यमंत्री ने 20 मिनट तक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अंबेडकरनगर तो हमारे जनपद का पड़ोसी जिला है। इसका बार्डर गोरखपुर से जुड़ता है। 2017 के पहले यहां पर माफियाओं का बोलबाला था। माफिया गरीबों की जमीन कब्जा करते थे, जिनकी कमर सरकार ने तोड़ दी। समाजवादी लोग तो जनपद का नाम ही मिटाना चाहते थे। आज संवेदनशील सरकार होने पर योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के लाभार्थियों को मिल रहा है।



बच्चे का अन्नप्रासन कराते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### ग्राम प्रधान बंदीपुर को किया पुरस्कृत

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार 2023-24 के तहत ग्राम प्रधान बंदीपुर को पुरस्कृत किया। उन्होंने फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना के लिए अनुदान के रूप में 12 लाख का डेमो चेक, उज्ज्वला योजना अंतर्गत लाभार्थी को गैस सिलेंडर और चूल्हा का प्रतीक चिन्ह, श्रम सम्मान योजना के तहत दर्जी ट्रेड से सिलाई मशीन, शत प्रतिशत निपुण होने पर सहायक अध्यापक को प्रशस्ति पत्र और डूडा से 50 हजार के ऋण का डेमो चेक प्रदान किया।

### कमल पर आती हैं मां लक्ष्मी

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में मकान के साथ उज्ज्वला योजना का कार्ड भी मिल रहा है। निजी नलकूप को फ्री में बिजली मिल रही है। स्मार्टफोन का वितरण किया जा रहा है। सरकार फैमिली आईडी जारी करेगी। जिससे सभी को उसी कार्ड पर योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि मां लक्ष्मी कमल पर आती हैं। विकसित यूपी के लिए विकसित अंबेडकरनगर चाहिए और इसके लिए डबल इंजन के सरकार की जरूरत है, वहीं ही विकास कर सकती है। योगी ने कहा कि आज बेटी के साथ छेड़छाड़ की तो अगले चौराहे पर यमराज मिलेंगे।

# सीएम ने कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** गुरुवार को पंचायती राज विभाग के 19 करोड़ 80 लाख रुपए की 899 परियोजना, कृषि शिक्षा और अनुसंधान विभाग में 50 लाख रुपए की एक, बेसिक शिक्षा विभाग में दो करोड़ 94 लाख की दो, लोक निर्माण विभाग में एक अरब 90 करोड़ 27 लाख की 320 सड़कें, ग्राम विकास विभाग में 40 लाख की 11, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में पांच करोड़ 71 लाख रुपए की 18, नगर विकास विभाग में चार करोड़ 94 लाख रुपए की 14, नियोजन विभाग में एक करोड़ 18 लाख की आठ और पावर कारपोरेशन में 18 करोड़ 38 लाख रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। हर घर पानी पहुंचाने की घर-घर नल योजना के तहत जल जीवन मिशन की 14 अरब 26 करोड़ 40 लाख रुपए की 345 परियोजनाओं के साथ ही पंचायती राज विभाग के 42 करोड़ 17 लाख की 505, नगर विकास विभाग के एक अरब 46 करोड़ 75 लाख के 90 कार्य, बेसिक शिक्षा विभाग के नौ करोड़ 40 लाख के नौ, व्यवसायिक शिक्षा और कौशल विकास विभाग के आठ करोड़ 17 लाख रुपए की दो, नियोजन विभाग के दो करोड़ 18 लाख रुपए के छह, पावर कारपोरेशन के एक अरब 47 लाख रुपए के 2,673 कार्यों के साथ ही ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की छह करोड़ 79 लाख की 60 समेत 18 अरब 77 करोड़ 30 लाख रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास कर जिले के विकास के लिए सौगात दिए।



परियोजनाओं का लोकार्पण करते सीएम योगी व साथ में सांसद रितेश पांडे।

### आस्था व विश्वास के साथ काम कर रही सरकार

कार्यक्रम के दौरान सांसद रितेश पांडे ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के लिए संकल्पित साकार करने के क्रम में आस्था, अर्थव्यवस्था विश्वास, सहयोग पर आधारित विकास यात्रा गति के साथ आगे बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश देश के अग्रिम राज्य के रूप में स्थापित हुआ है। इस प्रयास में पूर्वांचल में विकास के नए अध्याय में लिखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में गरीब कल्याण के लिए 60 हजार से अधिक प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिए गए हैं। जनपद में सात लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड लोगों को स्वास्थ्य चिताओं पर विराम लगाने का कार्य कर रही है। देश में 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त अनाज की गारंटी के साथ परिवारों में खुशहाली आने का कार्य हो रहा है। अंबेडकरनगर में लाखों किसानों को सालाना 6000 किसान सम्मन निधि से लाभ पहुंचाया जा रहा है अंबेडकर नगर में युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए बेवाना और कटक में 1000 एकड़ भूमि अधिग्रहित करके दो-दो औद्योगिक गलियारा स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं अंबेडकरनगर को जोड़ने के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे आज हमें हर मंडी से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

## एक नजर

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। गुरुवार को थाना जहांगीरगंज पुलिस टीम द्वारा एक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने और मारपीट कर धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता मिली है। बीते दिवस थाना जहांगीरगंज क्षेत्र अन्तर्गत निवासी एक 15 वर्षीय नाबालिग ने अपने साथ दुराचार करने व मारपीट कर धमकी देने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर सूचना दिया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पुलिस ने गोलू उर्फ मार्तण्ड पुत्र सुभाष यादव निवासी ग्राम काजीपुर थाना हंसवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त गोलू उर्फ मार्तण्ड पुत्र सुभाष यादव निवासी ग्राम काजीपुर थाना हंसवर को महमदपुर आदमपुर मोड़ चौक से गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया है।

### अवैध शराब के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। थाना हंसवर क्षेत्र में कांस्टेबल अनिल यादव ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त सादिक खान पुत्र हसीबुल्लाह खान निवासी बड़ागांव थाना जहांगीरगंज के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। वहीं थाना मालीपुर क्षेत्र में हेड कांस्टेबल राजभर यादव ने अभियुक्त सेवाराम पुत्र हीरालाल निवासी ताहापुर थाना मालीपुर के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना राजेसुल्तानपुर में उप निरीक्षक जंगेश हुसैन ने अभियुक्त लालमन पुत्र तिलकधारी निवासी फरिदपुर हेठरिया थाना राजेसुल्तानपुर के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद व हेड कांस्टेबल सुभाष यादव ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त राहुल कुमार पुत्र रामदरश निवासी कुरांव थाना राजेसुल्तानपुर के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है।

### हादसे में श्रमिक की मौत

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। मजदूरी करके साइकिल से घर वापस जा रहे श्रमिक को बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही श्रमिक की मौत हो गई। बता दें कि सम्मनपुर के सुल्तानगढ़ निवासी राजेश सोनी टांडा में मजदूरी का कार्य करते थे। वह मजदूरी करके वापस घर आ रहे थे तभी पट्टी बरियावन मार्ग पर लेहड़ी गांव के पास स्थित पुलिया के निकट पहुंचने पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीनों युवक बाइक छोड़कर भाग गए। वहां मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल श्रमिक को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी और दो बच्चों के सर से पिता का साया छिन गया। मृतक की पत्नी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी का कहना है कि गाड़ी पंजीयन संख्या के आधार पर चालक का पता लगाया जा रहा है।

# झोलाछाप डॉक्टर ने ली बालिका की जान

**▸▸ परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** एक बार पुनः तहसील क्षेत्र मे स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से फल-फूल रहे झोलाछाप चिकित्सक ने नाबालिग बालिका की जान ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टर को हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया है।

मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के मलूकपुर बड़ागांव स्थित हरीराम भट्टे का है। जहां पर काम करने वाले मजदूर सल्ननशाह पुत्र रफीक शाह जिला लखीमपुर खीरी थाना फूलबहेड के गांव दुधवा मिननिया की सात वर्षीय पुत्री रुबीना बानों की तबीयत खराब होने के कारण उसे इलाज के लिए देर शाम भट्टे के कुछ ही दूरी पर झोलाछाप डॉक्टर मंसाराम यादव पुत्र राम शकल यादव निवासी कन्नूपुर पेठिया के पास इलाज कराने के लिए पहुंचे। मृतका पुत्री के पिता ने बताया कि डॉक्टर द्वारा बच्ची को एक इंजेक्शन लगाते हुए दवा दिया। दवा लेकर जब तक हम लोग भट्टे के पास स्थित आवास पर पहुंचते तब तक बच्ची का शरीर काला पड़ना शुरू हो गया और थोड़ी देर में बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की मौत होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। साथ ही साथ क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार करते हुए गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। जब इस सम्बन्ध में जलालपुर अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके पूर्व जलालपुर वाजिदपुर मोड़ स्थित चाइल्ड केयर पर गलत इलाज के चलते एक मासूम की मौत हो गई थी। वहीं रामगढ़ रोड मिर्जा गालिब स्कूल के कुछ ही दूरी पर सरकारी अस्पताल में हड्डी के डॉक्टर द्वारा एक गर्भवती महिला का ऑपरेशन से डिलीवरी के समय ही मौत हो गई। वहीं जलालपुर ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर के सामने एक निजी अस्पताल में एक गर्भवती महिला का ऑपरेशन से डीलवरी कराते समय इलाज के दौरान मौत हो गई थी। आए दिन हो रही ऐसी घटना होने के बावजूद प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सो रहा है।

# बुराईयों से बचाता है रोजा : मौलाना गौहर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** बड़ा इमामबाड़ा मीरानपुर में अंजुमन अकबरिया के तत्वावधान में एक माह का धार्मिक कार्यशाला का आगाज पेश इमाम जामा मस्जिद मौलाना अकबर अली वायज जलालपुरी की अध्यक्षता में हुआ।

बतौर मुख्य अतिथि इलाहाबाद से आए मौलाना सैय्यद मोहम्मद अली गौहर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पवित्र कुरान में अल्लाह तआला ने इरशाद फर्माया है ऐ साहबे ईमान हमने तुम पर रोजा लिख दिया है, वैसे ही जैसे तुमसे पहले वालों पर लिखा था। क्योंकि शायद तुम मुतक्की हो जाओ। अल्लाह रब्बुल इज्जत ने कुरान शरीफ के सूरह बकरा की आयत संख्या 183 से 187 तक में रोजा से संबंधित उल्लेख किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रोजा रखो जिससे तकवा हासिल करो और परहेजगार बन सको। तकवा का अर्थ है अल्लाह जो आदेश देता है। उसका पालन करना और जो मना करता है उसे छोड़ देना। रेहान जैदी ने व्यवस्था संभाला। कार्यक्रम में अली अस्करी नकवी, अजीज मेहदी रिजवी, अय्यूब खान, रजा अनवर, कमर अब्बास, जुल्फेकार हुसैन, ताजीम अली, रियाज हुसैन, इफ्तेखार हुसैन, रजी हैदर, अली, जौन, इर्तेजा, मुर्तुजा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



बड़ा इमामबाड़ा में बच्चों को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद मोहम्मद अली गौहर।

**कार्यक्रम** — चेयरमैन ने बसखारी पूर्वी चौराहे का नाम किया अंबेडकर चौक

# बाबा साहेब के सपनों को पूरा कर रही भाजपा

बसखारी, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को जो सम्मान देने का काम किया है वह अब तक किसी भी पार्टी ने नहीं किया है। प्रदेश की योगी सरकार ने 2017 में सरकार बनते ही एक अहम फैसला लेते हुए सभी कार्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के फोटो को लगाने का दिशा-निर्देश जारी कर बाबा साहेब के मान सम्मान को बढ़ाने का काम किया है।

बाबा साहेब और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की डबल इंजन की सरकार पूरा कर रही है। उक्त बातें नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने बसखारी पूर्वी चौराहे पर लगे भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के साइन बोर्ड का अनावरण करते हुए कही। उन्होंने बसखारी पूर्वी चौराहे को अब आंबेडकर चौक से जाने की घोषणा किया। उन्होंने कहा कि अब नगर पंचायत में ट्रिपल इंजन की सरकार है। जो बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों का भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इससे पहले नगर पंचायत अध्यक्ष का कार्यक्रम में पहुंचने पर फूल और माला पहनकर स्वागत किया गया। बता दें कि इस स्थान पर दो वर्षों से लोग बाबा साहब के साइन बोर्ड को लगाने के लिए प्रतीक्षा कर रहे थे। नगर पंचायत में सपा व बसपा के टिकट पर अध्यक्ष बनने वाले जनप्रतिनिधि भी उनकी मांग को अनसुना कर रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम में सभासद मायाराम कनौजिया, सभासद प्रतिनिधि लाल जी पासवान, सभासद लालमन, सभासद प्रदीप मास्टर, सभासद सूर्यलाल उपाध्याय, प्रतीक, अजय कुमार मद्धेशिया, पवन सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।



बाबा साहेब के साइन बोर्ड का अनावरण के मौके पर मौजूद नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अध्यक्ष ओमकार गुप्ता। अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत कटुआनाला, विकासखण्ड-कटरा बाजार, जनपद-गोण्डा**

पत्रांक: मेमो — **निविदा सूचना** — दिनांक: 05.03.2024

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग/शौचालय/पंचायत भवन/सामुदायिक शौचालय एवं अन्य के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री जैसे- ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, हयूम पाइप, डाला, गिट्टी व मिट्टी ढुलाई सहित, हैण्डपम्प मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट/सोलर लाईट/स्ट्रीट लाईट/हैण्डपम्प रिबोर, डस्टबिन/सफाईकर्मी किट, टाइल्स, इण्टरलॉकिंग ईट, व्हील चेयर, कूलर इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 16.03.2024 को शाम 04 बजे तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न कर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर कर सकते हैं। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को लेकर किसी भी प्रकार का अंतिम अधिकार ग्राम प्रधान का होगा।
निविदा खुलने की तिथि:- 16.03.2024, शाम 5 बजे।

सुधाँशु वर्मा, ग्राम पं. अधिकारी, ग्राम पं.- कटुआनाला, वि0ख0-कटरा बाजार, जनपद-गोण्डा
अमरीश सिंह, ग्राम प्रधान, ग्राम पं.- कटुआनाला, वि0ख0-कटरा बाजार, जनपद-गोण्डा

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.:** वमंविइं-लजं०-01-2024; **कार्य का विवरण:** लखनऊ मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर स्थापित विभिन्न मेक के डी०जी० सेटों के कॉम्प्रिहेन्सिव एनुअल मेन्टीनेन्स कॉन्ट्रेक्ट तीन वर्ष के लिए; **अनुमानित लागत:** ₹73,50,121.44; **बयाना राशि:** ₹1,47,000/-; **निविदा मूल्य;** ₹0.00/-; **कार्य समापन की अवधि:** 36 माह। **निविदा सं.:** वमंविइं-लजं०-02-2024; **कार्य का विवरण:** लखनऊ मंडल में प्लेटफॉर्म पर लाइटों का 30 प्रतिशत व 70 प्रतिशत में अलगाव और विभिन्न सर्विस भवनों में कन्वेन्शनल पंखों का बीएलडीसी पंखों में बदलाव; **अनुमानित लागत:** ₹1,31,93,701.44; **बयाना राशि:** ₹2,16,000/-; **निविदा मूल्य;** ₹0.00/-; **कार्य समापन की अवधि:** 04 माह। **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय:** 05.04.2024 को 15:00 बजे।
**नोट:** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य लखनऊ
मुजाधि/विद्युत-301
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे** — विज्ञप्ति सूचना सं.02/24(हाल्ट)
संख्या.-सी/143/हाल्ट/फ्लैग/नोटीफिकेशन/19 — दिनांक: 12.03.2024
**(यह आवेदन पत्र नौकरी के लिए नहीं है)**
लखनऊ मण्डल के निम्नलिखित हाल्ट/फ्लैग स्टेशनों को कमीशन के आधार पर टिकट बिक्री हेतु अभिकर्ता नियुक्त किया जाना है जिनका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | खण्ड में स्थित | स्टेशनों के मध्य | हाल्ट स्टेशन का नाम | किस जिले में हाल्ट स्थित है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सीतापुर-मैलानी | हरगॉव-लखीमपुर | खीरी टाउन | लखीमपुर |
| 2 | सीतापुर-मैलानी | हरगॉव-लखीमपुर | कादीपुर सानी | लखीमपुर |
| 3 | गोण्डा-बढ़नी | पचपेड़वा-बढ़नी | त्रिलोकपुर हाल्ट | बलरामपुर |
| 4 | गोण्डा-बढ़नी | तुलसीपुर-पचपेड़वा | लैबुडवा हाल्ट | बलरामपुर |
| 5 | नानपारा-मैलानी | मिहिनपुरवा-रायबोझा | गायघाट | बहराइच |
| 6 | गोरखपुर-गोण्डा | मगहर-सहजनवा | सीहापार | गोरखपुर |
| 7 | गोमतीनगर-बुढ़वल | जहॉगीराबाद-बिन्दौरा | रफीनगर | बाराबंकी |
| 8 | सिधौली-सीतापुर | कमलापुर-खैराबाद | बरई जलालपुर | सीतापुर |
| 9 | गोरखपुर-नौतनवा | लक्ष्मीपुर-नौतनवा | भगीरथपुर | महाराजगंज |
| 10 | गोरखपुर-आनन्दनगर | पीपीगंज-कैम्पियरगंज | रामचौरा | गोरखपुर |
| 11 | गोरखपुर-नौतनवा | लक्ष्मीपुर-नौतनवा | बरूआकलां | महाराजगंज |
| 12 | गोरखपुर-आनन्दनगर | पीपीगंज-कैम्पियरगंज | महावनखोर | गोरखपुर |
| 13 | गोरखपुर-नौतनवा | लक्ष्मीपुर-आनन्दनगर | झामट | महाराजगंज |

**आवेदन पत्र जमा करने की तिथि एवं समय: 15.04.2024 को 10.00 से 14.00 बजे तक।**
**आवेदन पत्र खोलने की तिथि एवं समय: 15.04.2024 को 15.00 बजे।**
उपरोक्त हाल्ट/फ्लैग स्टेशनों के लिए स्थानीय इच्छुक व्यक्ति आवेदन पत्र सील बंद लिफाफे में (जिस पर आवेदन किये गये हाल्ट/फ्लैग स्टेशन का नाम अंकित हो) आमंत्रित किया जाता है। जो कि मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्वोत्तर रेलवे, अशोक मार्ग, लखनऊ-226001 के कार्यालय में निविदा कक्ष में रखे निविदा बाक्स में उपरोक्त तिथि एवं समय पर डाले जायेंगे। इस सूचना सम्बन्धी विस्तृत जानकारी रेल नेट के वेबसाइट http://www.ner.indianrailways.gov.in पर कर सकते हैं।
मुजाधि/वाणिज्य-297 — मण्डल रेल प्रबंधक/वाणिज्य, लखनऊ
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे बड़े पुत्र निजामुद्दीन व उसकी पत्नी नाजरीन का चाल चलन ठीक नहीं है। आये दिन हमसे मारपीट कर परेशान करते हैं। वह शराबी व जुआरी है। इस के चलते वह पूरे परिवार को धमकी देता है। इसी के चलते मैने व मेरे परिवार ने बड़े पुत्र व उसकी पत्नी से संबंध विच्छेद कर लिया है। उन दोनों की ओर से किये गये किसी भी अच्छे या गलत कार्य के लिये वह खुद जिम्मेदार होगा। **कुतुबुद्दीन पुत्र अजिज मोहम्मद निवासी अनन्दीपुर्वा मौजा खुर्रमपुर थाना व जिला कन्नौज।**

**सूचना**
मैं तारा दत्त अपने पुत्र जगदीश चन्द्र के आर्मी नं.-4193644 X, ग्राम-बमोरा, पो.ओ. बौडा मेहता, जिला-चम्पावत, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम TARA DATT दर्ज है जबकि मेरा सही नाम TARA DUTT है। अत: मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में TARA DUTT दर्ज किया जाये।

**गुमशुदा**

मेरा पुत्र प्रमोद कुमार दिनांक 21-12-2023 की शाम से घर मे बिना कुछ बताए लापता हो गया है। उसकी उम्र 30 वर्ष, रंग गोरा, कद 5 फीट है। काफी खोजने के बाद भी उसका कोई पता नही चला सका। उसकी गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। यदि किसी सज्जन को उसका कोई पता या जानकारी मिले तो कृपया सूचित करने की कृपा करें। सूचना देने वाले को पांच हजार नकद इनाम दिया जाएगा। **नौमीलाल, निवासी- मोहल्ला गुठवनपुरवा वार्ड डड़ियामऊ. नगर पंचायत व तहसील फतेहपुर। जिला बाराबंकी, फोन नं0- 8090836042**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **जोगा सिंह अपने पुत्र बिरेन्द्र सिंह मलडा के आर्मी नं. -4199072X ग्राम-मण्डलसेरा, पो. ओ. मण्डलसेरा, जिला-बागेश्वर, उत्तराखण्ड,** मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम जोगा सिंह मलडा दर्ज है जबकि मेरा सही नाम जोगा सिंह है। अत: मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में जोगा सिंह दर्ज किया जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मै **अनिल कुमार पुत्र चेतराम, निवासी- मोहल्ला- सुभाष नगर सिकन्दरपुर, परगना व तहसील- छिबरामऊ, जनपद कन्नौज,** मौजा स्थित खेड़ा जगदीशपुर की गाटा संख्या 568 आराजी 121.5 वर्गमीटर मेरे नाम पर दर्ज है। मेरे विक्रेता चन्द्रकान्त पुत्र राधाचरण, निवासी- लोहिया नगर सिकन्दरपुर, परगना व तहसील छिबरामऊ, जिला कन्नौज के नाम नगर पंचायत सिकन्दरपुर जिला कन्नौज में दर्ज है. उनका नाम पृथक करके मेरा नाम अंकित कर लिया जाये।

## एक नजर

### खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर पहुंचकर विभागीय कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। यहां पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देव प्रकाश पांडेय, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ल, आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित तिवारी, बालमुकुंद पांडेय, राजेश तिवारी, लेखाकार प्रभाकर तिवारी, देवानंदन तिवारी, आशुतोष पांडेय, राम जियावन व हरीश मिश्र ने उनका स्वागत किया।

### अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**वजीरगंज, गोंडा :** जगदीशपुर कटरा निवासी अमित मिश्रा ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि 28 फरवरी को शाम 4 बजे वादी के पिता ईश्वरचंद मिश्र 40 वर्ष मोटरसाइकिल से घर से वजीरगंज बाजार जा रहे थे गोंडा अयोध्या हाईवे पर वकील कुआं मोड के सामने आ रही स्कॉर्पियो के अज्ञात चालक द्वारा गाड़ी को तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनको जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वादी के पिता को गंभीर चोटें आई। उनको जिला चिकित्सालय गोंडा ले जाया गया जहां से आई कांन हॉस्पिटल लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं पर उनका इलाज चल रहा है तथा मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नेत्र शिविर 21 को

**रुपईडीह, गोंडा :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर आगामी 21 मार्च को निशुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। नेत्र परीक्षण अधिकारी श्यामलाल गौतम ने बताया कि शिविर में नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच की जाएगी।

### ग्रामीणों ने जर्जर सड़क निर्माण की उठाई मांग

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बलवंत नगर के बिकवा घाट से बलवंत नगर तिराहे तक जाने वाली सड़क की दशा अत्यंत खराब है। इससे क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान सुनीता राजभर ने क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया से मिलकर सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग की है ताकि राहत मिल सके।

### मोबाइल चार्जिंग को लेकर मारपीट में केस दर्ज

**वजीरगंज, गोंडा :** वजीरगंज थाना के तहत परसापुर महडोर निवासी सरोज ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि बुधवार शाम छह बजे मोबाइल चार्ज करने के विवाद को लेकर विपक्षी बुद्धू, उनकी पत्नी रेशमा व लड़की रूबी निवासी ग्राम उपरोक्त ने अभद्रता करते हुए मूका थप्पड़ डंडे से पिटाई कर दी, जिससे वादिनी व लड़की को काफी चोटे आई है तथा विपक्षीगणों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पहले रामभक्तों पर चलती थी गोली, अब हो रही पुष्प वर्षा

## गोंडा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से साधा विरोधी दलों पर निशाना

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गोंडा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाषण का केंद्र बिंदु राम मंदिर रहा। सीएम योगी ने कहा कि पहले रामभक्तों पर गोलियां चलती थीं लेकिन अब उन पर पुष्प वर्षा हो रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही पूर्वजों के पांच सौ वर्षों का संकल्प पूरा हुआ है। अब भव्य दिव्य और नव्य अयोध्या देखने को मिल रही है।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को जिले के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह



सभा को संबोधित करते सीएम योगी।

इंटर कॉलेज ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने विरोधी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारों ने प्रदेश को लूटने का काम किया।

एक वर्ग विशेष को प्रसन्न रखने के लिए दूसरे वर्ग की धार्मिक आजादी छीन ली गयी थी। पहले आप जिसे वोट देते थे, वह राम का नाम लेने में संकोच करते थे। अब आपके वोट का सदुपयोग हो रहा है। पहले रामभक्तों पर गोलियां चलती थीं लेकिन अब उन पर पुष्प वर्षा हो रही है। सीएम योगी ने प्रदेश के पिछड़ेपन के लिए पूर्ववर्ती सरकारों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि आपका वोट लेने वाले लोग महिलाओं संग बदसलूकी करते थे। व्यापारियों के यहां डकैती डलवाते थे। किसानों के साथ लूट घसोट करते थे। आज आपको वोट ने देश की तकदीर बदल दी है। आज बेटी व व्यापारी दोनों सुरक्षित है। करीब 30 मिनट के संबोधन में सीएम का फोकस राम मंदिर पर ही रहा। सीएम योगी ने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि राम मंदिर बनने के बाद पहली बार गोंडा आने का अवसर मिला है। राम मंदिर बनने से गोंडा को सर्वाधिक लाभ मिल रहा है। सीएम ने होली की बधाई देते हुए कहा कि पहले रामभक्तों पर गोलियां चलती थीं, अब जय श्री राम की बोली निकलती है।राम भक्तों पर गोली नहीं, पुष्प वर्षा हो रही है। भव्य दिव्य और नव्य अयोध्या देखने को मिल रही है। पांच सौ वर्षों का संकल्प पूरा हुआ है।

अयोध्या में मंदिर बनने का सर्वाधिक लाभ गोंडा को मिल रहा है। सारे विकास गोंडा में हो रहे हैं। आस्था को सम्मान मिल रहा है। सीएम ने जय श्री राम का उद्घोष करते हुए कहा कि देश की आवाज के साथ गोंडा की आवाज भी आगे बढेगी।

# समान कार्य, समान वेतन व्यवस्था लागू किया जाए

**गोंडा कार्यालय:** बेसिक शिक्षा परिषद के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सेवा दे रहे अनुदेशकों के नियमितीकरण समेत 6 मांगों को लेकर भारतीय मानवाधिकार परिवार के देवेंद्र प्रताप जिला संगठन सचिव ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत नियुक्त निर्देशक पिछले 11 वर्षों से सेवा दे रहे हैं ,उनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक हो गई । शिक्षा नीति के अनुसार उन सभी को नियमित किया जाए। अनुदेशकों को 12 माह के लिए समान कार्य ,समान वेतन व्यवस्था लागू की जाए। पीएफ व्यवस्था की जाए। नवीनीकरण के नाम पर अनुदेशकों का शोषण किया जाता है इसलिए स्वतः नवीनीकरण व्यवस्था की जाए। अनुदेशकों को केवल 10 अवकाश मिलता है इसको बढ़ाया जाए। महिला अनुदेशक का अंतर्जनपदीय स्थानांतरण जिस ब्लाक में शादी हुई हो ,व पुरुष अनुदेशकों का अपने ब्लॉक में स्थानांतरण किये जाने की सुविधा दी जाए। जिला संगठन सचिव ने मांग पूरी करने की अपेक्षा की है।

# मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा : सीएम योगी

## शहीदे आजम सरदार भगत सिंह कॉलेज से 17 अरब की विकास योजनाओं की दी सौगात



टामसन मैदान में मंच से लोगों का अभिवादन करते सीएम व अन्य जनप्रतिनिधि।




लोकार्पित की गई परियोजना में करनैलगंज के मौजूदा को छोड़ पूर्व विधायक का नाम।

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को शहर के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज के ग्राउंड से जिले को 17 अरब रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देकर चुनावी शंखनाद किया। सीएम ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए देश में तीसरी बार मोदी सरकार आवश्यक है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश बदल चुका है। हम नए भारत में रह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान के बढ़ाया है। आतंकवाद और नक्सलवाद का सफाया कर देश सुरक्षा के साथ समृद्धि के नए प्रतिमान गढ़ रहा है। मोदी के नेतृत्व में ही देश विश्व की तीसरी बडी अर्थव्यवस्था बनेगा।

शहर के सरदार भगत सिंह इंटर कालेज ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर 1189 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण तथा



सेल्फी लेती मुस्लिम महिला।

531 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश आवश्यक है। इसी तरह विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित गोंडा भी जरूरी है। इसी विकास के दृष्टिगत जिले को 17 अरब रुपये के विकास योजनाओं की सौगात मिली है। विकसित भारत के लिए जिले को मेडिकल कालेज दिया गया है। बाढ़ की परियोजना को पूरा किया जा रहा है। सरयू नहर की परियोजना पूरी हुई है। श्रावस्ती को वायु सेवा से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि

### लोकार्पण शिलापट पर लिख दिया पूर्व विधायक का नाम

जिले में बन रहे स्वशासी मेडिकल कालेज के लोकार्पण के लिए लगाए गए शिलापट में बड़ी खामी देखने को मिली। शिलापट में करनैलगंज के भाजपा विधायक अजय कुमार सिंह के स्थान पर पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह का नाम लिख दिया गया। इसको लेकर लोगों में जबरदस्त चर्चा रही। विधायक के समर्थकों ने इस चूक पर नाराजगी भी जताई।

अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनने का सर्वाधिक लाभ गोंडा को मिल रहा है। सारा विकास गोंडा में हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के विकास में कोई कमी नहीं होने दी जायेगी।

सीएम ने केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार के साथ आवाज बुलंद करने का आह्वान करते हुए केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार चुनने की अपील की। सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि योगी के सीएम बनने के बाद तेजी से विकास हो रहा है। सड़क, बिजली, ओवर ब्रिज, मेडिकल कालेज का लोकार्पण इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जिले पर मुख्यमंत्री की विशेष कृपा रही है। सांसद ने सीएम को भरोसा दिलाया कि प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के संकल्प में वह कदम से कदम मिलाकर साथ रहेंगे। विधायक प्रतीक भूषण ने भी मुख्यमंत्री को पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का भरोसा दिया। सीएम के आने से पहले जनसभा को विधायक विनय द्विवेदी, प्रेम नरायन पांडेय, प्रभात वर्मा, बावन सिंह व अजय सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा , विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह "मंजू सिंह"भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, सूर्य नरायन तिवारी, महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रत्ना वर्मा समेत संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी ने किया।

# लाभार्थियों को बांटे डेमो चेक व प्रमाणपत्र

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने मंच से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डेमो चेक, प्रमाण पत्र व आवास की चाबी सौंपी। सीएम ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थी राधा कश्यप व सुनीता कश्यप को प्रमाण पत्र सौंपा। पीएम आवास योजना की लाभार्थी सासिया बानो व ग्रामीण आवास योजना की लाभार्थी लालमती को उनके नए घर की चाबी सौंपी। राष्ट्रीय मत्स्य योजना, आजीविका मिशन के लाभार्थी समूह की महिलाओं को सीएम ने डेमो चेक भी वितरित किया।

**महाराजा देवी बक्श के नाम पर किया मेडिकल कालेज का नामकरण:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिवे में बन रहे मेडिकल कालेज का नामकरण



लाभार्थी को प्रमाणपत्र देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

गोंडा नरेश महाराजा देवीबक्श सिंह के नाम पर किए जाने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि मेडिकल कालेज में देवी बक्श सिंह की प्रतिमा लगेगी। उनका इतिहास लिखा जायेगा। जिससे आने वाली पीढ़ी अपने इतिहास से परिचित हो सके।

**अयोध्या से गोंडा को फोरलेन से जोड़ने से लिए चल रहा काम:** जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने जिले के गोंडा से अयोध्या तक फोरलेन सड़क निर्माण की मांग को लेकर कहा कि सरकार इस पर काम कर रही है। गोंडा से अयोध्या फोरलेन सड़क सरकार के एजेंडे में है। जिले के विकास के लिए सरकार का खजाना हमेशा खुला है। किसी भी कार्य में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जायेगी।

## मानदेय को लेकर किया प्रदर्शन

**गोंडा कार्यालय:**वजीरगंज के खादी गांधी आश्रम की माली हालत ज्यादा ठीक नहीं है। बोनस मानदेय कॉलोनी 10 वर्षों से न मिलने पर महिलाओं ने प्रदर्शन किया। दुर्गावती का कहना है कि वह 10 वर्षों से चरखा चलाकर सूत काट रही हैं। आज तक एक पैसा नहीं मिला है। रानी सिंह ने कहा कि बच्चों की फीस जमा नहीं हो पाती है और न ही हमारा स्वयं का खर्चा चल रहा है। नीलम सिंह ने कहा कि ग्रेच्युटी एवं जमा फंड की भी कोई अधिकृत जानकारी हम लोगों को नहीं दी जा रही है। गांधी आश्रम के मंत्री बालकेश्वर मिश्र ने कहा कि 30 लोगों की सूची प्रमाणित कर हेड ऑफिस गोरखपुर को भेजी गई है।

# खदान का टीला गिरने से बालिका की मौत

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचार:** बकरी चराने गयी बच्ची की गुरुवार को महादेव गांव के पास हो रहे अवैध बालू की खदान में मिट्टी का टीला गिरने से उसके नीचे दबकर करीब पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई।

मृतक के बाबा राम कुमार निषाद ने बताया कि गांव की लड़कियां खदान के पास बकरी चराते समय खेल रही थीं। इसी बीच बालू व मिट्टी का टीला दरककर गिर गया। बालू के ढेर में मेरी पांच वर्षीय पोती परी पुत्री पुत्ती की दबकर मौत हो गई।

गांव की लड़कियों ने बताया कि शालू, गौरा, ननका व शलोनी ने बताया कि हम लोग खदान के पास बकरियां चरा रहे थे। इसी बीच बालू का ढेर गिर गया। बालू के बीच परी दब गई। हम लोगों ने भी टीले में गिर गये थे किसी तरह बाहर निकल कर जान बचाई। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि खनन के बालू में दबकर मासूम की मौत की सूचना मिली। पूरे घटनाक्रम की जानकारी की जा रही है।

# मतदाता साक्षरता क्लब का वर्कशॉप शुरू

**बेलसर, गोंडा:** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज में मतदाता साक्षरता क्लब के तहसील स्तरीय वर्कशॉप का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने किया। उन्होंने निर्वाचन साक्षरता क्लब में शामिल शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि 18 वर्ष उम्र पूरा करने वालों को प्रेरित कर उनसे फार्म छह भरवाने के साथ अपने गांव व कस्बे के लोगों को मतदाता बनने के लिये प्रेरित करें। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में बताया कि इस ऐप पर निर्वाचन से सम्बंधित सभी जानकारियां उपलब्ध



मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर प्रदर्शित करते बच्चे। अमृत विचार

हैं। निर्वाचक साक्षरता क्लब के प्रशिक्षक राजवर्धन श्रीवास्तव ने मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों तथा कैम्पस एम्बेसडर को चुनावी साक्षरता बढ़ाने हेतु निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा तरबगंज तहसील अंतर्गत विभिन्न विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों का स्वागत करते हुए अपील किया कि आप सब घर-घर जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें तथा मतदान के दिन बुजुर्गों, महिलाओं, विकलांगों एवं आम मतदाता को बूथ पर ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर आनंद कुमार पांडे एवं चंद्रशेखर सहित विभिन्न विद्यालयों के साक्षरता क्लब के सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। संचालन शिक्षक अशोक कुमार ने किया। इस दौरान नोडल अधिकारी सुनीता श्रीवास्तव, नवल किशोर उपाध्याय दिलीप कुमार मौर्या, उपमा वर्मा, हनी ठाकुर, सुमंगला, बृजेंद्र पांडे, राधेश्याम दुबे, विवेक तिवारी, रंजय सिंह, अमित मिश्रा, शिवकुमार, प्रदीप गोस्वामी, आदि के साथ विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, प्रधानाचार्य एवं छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट शिवम स्काउट गाइड ने मतदाता जागरूकता में अहम भूमिका निभाई।

## कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**गोंडा कार्यालय :** न्यायालय एफटीसी को वजीर गंज के चंदहा निवासी आशीष कुमार सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वादी एक सीधा-साधा मजदूर व्यक्ति है।

तीन जनवरी को ग्रामवासी विपक्षीगण रामनारायन, रमेश सिंह, देवबक्स सिंह, ऋषि सिंह व ऋषभ सिंह एक राय होकर वादी की आबादी की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करके नींव खोद रहे थे। मना करने पर आमादा फौजदारी हो गए। वादी से अभद्रता करते हुए मूका- थप्पड़, लाठी से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। उसकी आबादी की जमीन पर मुकदमा सिविल न्यायालय में विचाराधीन है।

# छात्र-छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामोदय पीजी कॉलेज बादलपुर बेलसर गोंडा में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत निशुल्क स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बीएड द्वितीय वर्ष और बीए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रेम नरायन पांडे, जन्मेजय सिंह प्रधान प्रतिनिधि एवं समाजसेवी और महाविद्यालय के प्रबंधक राम गनेश तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि



स्मार्ट फोन के साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार छात्र-छात्राओं के हित में अनेक योजनाएं चला रही है इसी क्रम में स्मार्टफोन योजना एक ऐसी योजना है जिसके द्वारा सरकार छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने का प्रयास कर रही है। महाविद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि इस वर्ष स्मार्टफोन योजना के अंतर्गत कुल 165 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए हैं।

इसी क्रम में बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा शुचि पांडे ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा - थैंक यू सीएम सर। इस अवसर पर प्रबंधक राम गनेश तिवारी, दिलीप तिवारी जनमेजय सिंह, समस्त स्टाफ एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# शिक्षक समर्थ राष्ट्र की आधारशिला

**नवाबगंज, गोंडा:** कटरा भोगचंद स्थित कटरा कुटी पीठ के ब्रह्मलीन शिक्षक संत सत्यनारायण दास जी महाराज की स्मृति में सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर पीठ के महंथ स्वामी चिन्मयानंद महाराज ने कहा कि शिक्षक सम्मान केवल पुरस्कार नहीं है बल्कि इसे पाने वाले शिक्षकों के लिए नई जिम्मेदारी है। महान दार्शनिक शिक्षाविद् पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए महंत जी ने कहा कि एक शिक्षक राष्ट्र निर्माता है सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला है। विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की वह महत्वपूर्ण



शिक्षकों को सम्मानित करते स्वामी चिन्मयानंद। अमृत विचार

कड़ी है जिससे राष्ट्र निर्माण को समय अनुसार आदर्श गति मिल सकती है। प्रधानाचार्य संतोष पांडे ने कहा कि राजा और प्रजा दोनों को शिक्षकों के सम्मान के प्रति खुलकर सामने आना ही होगा। अंत में सभी सेवानिवृत्ति और वर्तमान शिक्षक शिक्षिकाओं समेत को अंगवस्त्र माल्यार्पण मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ अरुण सिंह, विपनेश पांडे, राम गोपाल सिंह, डॉ कुमार, विनोद कुमार गुप्ता, पं चंद्र किशोर शास्त्री, मोहित पांडे, शशि कला श्रीवास्तव, जय प्रकाश श्रीवास्तव, कथा व्यास शांडिल्य महाराज, विहिप के सुरेंद्र सिंह, गोविंद शाह समेत शिक्षक शिक्षकाएं मौजूद रहीं।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**वजीरगंज, गोंडा:** वजीरगंज के श्री दयानंद आर्य वैदिक इंटर कॉलेज में बच्चों को आउट ऑफ स्कूल बच्चों के विशेष प्रशिक्षण के लिए ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय नोडल अध्यापकों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षक राधेश्याम तिवारी ने प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि शारदा कार्यक्रम के तहत भटके हुए बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करें। बीइओ हर्षित पांडेय ने कहा कि अभियान चलाकर बच्चों को शिक्षा की धारा से जोड़ने का प्रयास करें। प्रशिक्षण में आनंद देव सिंह, अवनीश चंद्र मिश्र, तनु बाजपेई सपना, अनीता, सुधाकर मिश्र, कृष्ण देव पांडेय आदि रहे।

# संत बाबा का समागम मनाया

**गोंडा कार्यालय:** नगर के प्राचीनतम गुरुद्वारा बड़गांव साहिब में गुरुद्वारा के संस्थापक संत बाबा दीदार सिंह का सालाना समागम बड़ी श्रद्धापूर्वक मनाया गया। प्रातः काल से ही गुरुनानक नाम लेवा साध संगत का गुरुद्वारा साहिब में माथा टेक कर बाबा जी को श्रृद्धांजलि देने का सिलसिला शुरू हो गया जो कार्यक्रम समापन तक चलता रहा। गुरुद्वारा प्रधान सरदार राजेन्द्र सिंह भाटिया ने बताया कि श्री अखण्ड पाठ साहिब की आज सम्पूर्णता हुई। उसके बाद गुरुवाणी गायन, कथा विचार के बाद समूह संगत ने सिख धर्म के अनुसार आज से शुरू हुए नये साल के मौके एवं चैत्र मास की संगरांद के मौके पर देश व समाज में सुख शान्ति की



गुरुवाणी करते लोग। अमृत विचार

अरदास की। उपरांत गुरु का लंगर भी वरताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संत दीदार सिंह जी के परिवार जन सरदार रनजीत सिंह, रनजोत सिंह, गुरुद्वारा करनैलगंज के प्रधान सरदार हरजीत सिंह सलूजा, बलविंदर सिंह, चरनजीत सिंह खालसा, प्रोफेसर त्रिलोचन सिंह, चिरनजीत सिंह सलूजा, ओम प्रकाश छाबड़ा, सिदक छाबड़ा, दरविंदर सिंह, प्रितपाल सिंह सलूजा, करन सिंह, इशमीत सलूजा, ओमी ठक्कुर, राजेन्द्र सिंह, श्रवण छाबड़ा, अजीत बेदी, लक्की चैनानी, श्रीकांत, गुलशन तलरेजा का सहयोग रहा।

## अमित आयुष मिशन के जिला प्रबंधक बनाए गए



**गोंडा कार्यालय:** जिले की यूनानी चिकित्सक डॉ अमित सिंह को आयुष मिशन का जिला प्रबंधक बनाया गया है। उन्हें क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी कार्यालय में तैनाती दी गई है। डा अमित सिंह के जिला प्रबंधक बनने से आयुष मिशन को बढ़ावा मिलेगा। जिला प्रबंधक का दायित्व मिलने पर डा अमित ने कहा कि वह अपनी तरफ से यूनानी चिकित्सा को बढ़ावा देने का पूरा प्रयास करेंगे।

## एक नजर

### कर्मचारियों ने नए आरएम का किया स्वागत

**गोंडा कार्यालय :** हरदोई से स्थानांतरित होकर आए अपराजित श्रीवास्तव ने गुरुवार को परिवहन निगम देवीपाटन रीजन के नए क्षेत्रीय प्रबंधक का चार्ज संभाल लिया है। कर्मचारियों ने उनका स्वागत बुके देकर किया। अबतक यहां चार्ज संभाले क्षेत्रीय प्रबंधक अंकुर विकास का तबादला हो गया है। नवागत क्षेत्रीय प्रबंधक अपराजित श्रीवास्तव के आगमन पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त) जगपाल सिंह ने बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम मे गोंडा डिपो के आरएम कपिल देव, रुपईडीहा डिपो के एआरएम राम प्रकाश, सुनहरी सिंह, पंकज श्रीवास्तव, जगदंबा समेत बड़ी संख्या मे कर्मचारी मौजूद रहे।

### गो आश्रय केंद्र के निर्माण की उठाई मांग

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत पकड़ी मारूडीह के प्रधान पप्पू शुक्ल ने खंड विकास अधिकारी से मिलकर ग्राम पंचायत में गो आश्रय केंद्र का निर्माण कराए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में गो आश्रय केंद्र की स्थापना न होने से अधिकांश किसान बेसहारा पशुओं से परेशान हैं।

### नलकूप की नाली क्षतिग्रस्त होने से परेशानी

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कौड़िया में संचालित राजकीय नलकूप की नाली क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे अधिकांश किसानों को फसल सिंचाई में दिक्कतें उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान रिंकू मिश्र ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से मिलकर राजकीय नलकूप की नाली का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

### पुलिस ने किया 28 वाहनों का चालान, वसूले 33 हजार

**रुपईडीह, गोंडा :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गोंडा बहराइच मार्ग पर चलाए जा रहे अवैध वाहनों की चेकिंग के अभियान के दौरान पिछले दिनों में पुलिस चौकी आर्य नगर ने 28 वाहनों को मिलाकर 33 हजार पांच सौ रुपये का ई चालान किया। चौकी प्रभारी प्रशांत गुप्त ने बताया कि वाहनों की चेकिंग नियमित रूप से की जा रही है।


### पंचायत भवन में नहीं बैठते सचिव व पंचायत सहायक

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में अधिकांश पंचायत भवन पर नियमित रूप से पंचायत सचिवों व पंचायत सहायकों के न बैठने से अधिकांश ग्राम वासियों को अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। श्री रग्घू बाबा सेवा आरोग्य संस्थान के प्रबंध निदेशक गोली दुबे ने बताया कि ग्राम पंचायत में नियमित रूप से पंचायत सचिवों को रोस्टर के अनुसार व पंचायत सहायको को नियमित रूप से पंचायत भवनों पर उपस्थित होने के लिए खंड विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद अधिकांश पंचायत सचिव व पंचायत सहायक पंचायत भवनों पर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में लोगों को बैरंग लौटना पड़ रहा है।

# नए इलेक्ट्रॉनिक कांटे से आज बंटेगा राशन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** खाद्यान्न वितरण की तिथि जारी कर दी गई है। इस माह में राशन वितरण नए इलेक्ट्रॉनिक तौल व ई-पास मशीन से किया जाएगा। जिले में वितरण शुक्रवार से होगा। इसे लेकर कोटेदारों को प्रशिक्षण दिया गया था। इसके बाद कोटेदारों को मशीन दी गई है। जिले में वर्तमान समय में 1393 उचित दर विक्रेताओं की दुकान संचालित हो रही है। कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने तकनीक का सहारा लिया है और खाद्यान्न का वितरण इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से करने को निर्णय लिया गया है। लिंक वेल कंपनी के प्रशिक्षकों ने कोटेदारों को मशीन कैसे चलाया



तौल के लिए आए इलेक्ट्रॉनिक कांटे।

जाए इसके बारे में तकनीकी रूप से दक्ष कराया। कोटेदारों ने भी कई समस्याओं को सामने रखा था, जिस पर उसका निराकरण का भरोसा दिया। डीएसओ ने मशीन में वोडा व आइडिया के सिम की जगह एयरटेल व जियो सिम को लगाने के लिए अधिकारियों को पत्र भेजा है। बताया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक तौल व ई-पास मशीन से जोड़ा जाएगा। जब राशन कार्ड धारक को पूरा खाद्यान्न मिल जाएगा तभी मशीन से पर्ची निकलेगी। पर्ची निकालने के बाद ही खाद्यान्न वितरण होना माना जाएगा। मार्च माह के वितरण के दौरान राशन कार्ड धारकों को गेहूं चावल के साथ-साथ अंत्योदय राशन कार्ड धारक को तीन-तीन किलो चीनी भी जाएगी। प्रशासन की ओर से वितरण पर नजर रखने के लिए पर्यवेक्षक अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। किस अधिकारी की ड्यूटी कहां लगी है वह सूची पूर्ति विभाग ने संबंधित अधिकारियों को पहुंचा दी है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की ओर से भी पूर्ति विभाग को निर्देश दिया गया है कि खाद्यान्न वितरण में लापरवाही ना हो लाभार्थियों को पूरा खाद्यान्न मिले यदि कोई कोटेदार गड़बड़ी करता है तो उसके खिलाफ बेधड़क कार्रवाई की जाए। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि 15 मार्च से जनपद में खाद्यान्न का वितरण होगा राशन कार्ड धारकों को गेहूं चावल तो मिलेगा ही, साथ में अंतोदय राशन कार्ड धारकों को चीनी भी वितरित की जाएगी। सभी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षकों को भ्रमणशील रहकर खाद्यान्न वितरण पर नजर बनाए रखने को निर्देश दिया गया है। यदि कोई कोटेदार गड़बड़ी करेगा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भक्त की भक्ति से प्रसन्न होकर लौह खंभ से प्रगट हुए भगवान

**नवाबगंज, गोंडा:** नवाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गांव में चल रही आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य राज नारायण ने प्रहलाद चरित्र के कथा का बखान किया।



कथा व्यास ने भक्त प्रहलाद के कथा वर्णन करते हुए कहा कि असुर कुल में जन्म लेकर भी प्रहलाद सद आचरण करते हुए कृष्ण भक्ति करते हैं। लेकिन यह बात हिरणाकश्यप को रास नहीं आई। अंततः भक्त प्रहलाद को मारने के लिए अनेक उपाय किए लेकिन साक्षात् हरि की कृपा हो उसका बाल भी बांका नहीं हो सकता। ईश्वर से द्वेष रखने के कारण हिरणाकश्यप ने पुत्र को स्वयं मारने का प्रयास किया और भक्त के सामने भगवान को ललकारा। प्रहलाद की निष्काम भक्ति व प्रेम के वशीभूत नारायण खम्भे से साक्षात प्रगट होकर भक्त की रक्षा किए और पापी को परलोक भेज दिया। कथा व्यास ने कहा कि संतानों में संस्कार का अभाव हो रहा है। जो हर परिवार के लिए चिंताजनक है। ग्रंथ, रामायण वेद पुराण हमें सद कर्म सिखाते हैं। बच्चों को धर्म के मार्ग पर चलने की जरूरत है। भौतिक सुखों की चाह वाली शिक्षा हितकारी नहीं है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की गई जान

## एक युवक सांड़ से टकराया तो दूसरा बिजली के पोल से




नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की जान चली गई। एक युवक सांड़ से टकरा गया तो दूसरा बिजली के पोल से टकरा गया जिससे दोनों की इलाज के दौरान मौत हो गई।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के नकहरा के मजरे गांव बरई पुरवा निवासी श्रवण भारती (36) बुधवार को किसी काम से मोटरसाइकिल से नवाबगंज आया था। देर रात्रि करीब नौ बजे अपने घर वापस लौट रहा था। अचानक चौखड़िया गांव के पास सड़क पर घूम रहे छुट्टे मवेशी से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज पहुंचाया जहां पर मौजूद डॉ ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज दिया।

थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि इत्तेफाकिया दर्ज कर लिया गया है। कटरा शिवदयाल गंज गोंडा मार्ग वजीरगंज थाना क्षेत्र के ब्रह्मचारी पुरवा निवासी पवन कुमार (30) अयोध्या से मोटरसाइकिल पर सवार होकर देर रात्रि करीब ग्यारह बजे अयोध्या से अपने घर ब्रह्मचारी पुरवा वजीरगंज जा रहा था। अचानक दुल्लापुर रेलवे क्रासिंग के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर रेलवे फाटक के बगल एक खम्भे से टकरा गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हेल्मेट क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हुए युवक को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।

थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज दिया गया है।

### डंपर की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल

**खरगूपुर, गोंडा :** अनियंत्रित डंपर के चपेट में आकर युवक घायल हो गया। स्थिति गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया। बीती रात आर्य नगर महाराजगंज होकर बलरामपुर की ओर जा रही एक डंपर स्थानीय थाना क्षेत्र के ओरीपुरवा गांव के निकट अनियंत्रित होकर लल्लन शुक्ला के घर में घुस गई। इसके चपेट में आकर सुरेश कुमार (35) पुत्र बाबू चंद गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजनों ने देर रात को ही मंडल मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां स्थिति नाजुक होने पर चिकित्सक ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद डंपर वाहन चालक मौके से भाग निकला।

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, आरक्षी घायल

**कटरा बाजार, गोंडा :** बुधवार की देर रात कटरा बाजार रामापुर मार्ग पर शांतिनगर विद्यालय तिराहे के पास बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी दी। दुर्घटना में युवक बुरी तरह घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। निरीक्षक के अनुसार मृत युवक की पहचान बहराइच जनपद के थाना फखरपुर के बिबियापारा खेमनी निवासी अखिलेश उर्फ गोलू के रूप हुई है। मृतक के पिता वीरेंद्र कुमार ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेजने बाद अज्ञात वाहन व चालक के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। उधर इसी घटना में सेंट फ्रांसिस कैब्रिनी इटर कालेज में कैंप किए हुए सीआईएसएफ का जवान सुभाष सड़क किनारे टहल रहा था। वाहन की चपेट में आकर वह भी घायल हो गया। उसका उपचार शांति नगर अस्पताल में हो रहा है। आरक्षी खतरे से बाहर है।

# 1.45 लाख उज्ज्वला लाभार्थियों को होली में नहीं मिलेगा फ्री सिलेंडर

**गोंडा कार्यालय:** जिले के 3.26 लाख पीएम उज्ज्वला योजना के पात्रों को सरकार ने होली व दीपावली पर फ्री घरेलू सिलेंडर देने का वादा किया था। यह वादा दीपावली में भी नहीं पूरा हो पाया था। अधिकतर पात्रों ने केवाईसी ही नहीं कराई थी। अब भी करीब 1.45 लाख ऐसे लाभार्थी हैं जिन्होंने केवाईसी प्रक्रिया नहीं पूरी की है। ऐसे में एक लाख से अधिक पात्रों को फ्री सिलेंडर नहीं मिल पाएगा। जिले में 72 गैस एजेंसियां हैं जिनके यहां 3:25 लाख से अधिक लाभार्थी हैं। जब यह मुफ्त सिलेंडर देने का आदेश आया था तो जिला पूर्ति विभाग व पेट्रोलियम के अफसर ने केवाईसी प्रक्रिया पूरा करने का आदेश एजेंसी को दिया। लेकिन लाभार्थियों की संख्या के सापेक्ष 55% केवाईसी ही कर पाई। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को पहले गैस एजेंसी से सिलेंडर बुक करा कर नगद पैसा देकर डिलीवरी प्राप्त करनी थी। एक बार फिर जब होली सिर पर है तो ऐसे में केवाईसी न होने से लोग इस योजना से वंचित रह सकते हैं। हालांकि योजना से जुड़े अफसर का दावा है कि एजेंसी लगातार उपभोक्ताओं से संपर्क कर ई केवाईसी करवा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि सभी लाभार्थियों को मुफ्त सिलेंडर का फायदा मिले इसके लिए एजेंसियों को निर्देश दिया जा रहा है। लाभार्थियों से केवाईसी करवाने को कहा गया है। पीसीएल के सेल्स अफसर व उज्जवला गैस योजना के नोडल अधिकारी चेतन शर्मा ने बताया कि सभी गैस एजेंसी को लगातार निर्देश दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं को भी चाहिए कि ई-केवाईसी कराकर योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि भारत पेट्रोलियम के लाभार्थियों ने सबसे अधिक केवाईसी कराया है अन्य कंपनियों को भी निर्देश दिया जा रहा है।

## नाबालिग को बहलाकर भगाया मुकदमा दर्ज

**परसपुर, गोंडा:** थाना क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित ने अपहरण मामले में आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि गत 12 मार्च को सुबह आठ बजे बहला फुसलाकर उसकी नाबालिग बहन को विपक्षी भगा ले गये। उसने अपनी बहन की काफी खोजबीन किया है। किंतु वह नहीं मिली।

इस बाबत प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर आरोपी ग्राम जोगिन पुरवा के प्रदीप गुप्ता के विरुद्ध अपहरण मामले में विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। और मामले की जाँच शुरू कर दी गयी है।

## दहेज के लिए महिला को मारकर घाघरा में फेंका

**परसपुर, गोंडा:** ग्राम बहुवन मदार माझा में दहेज के लिए महिला को मारकर घाघरा नदी में फेंकने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पति समेत छह पर केस दर्ज कराया है। ग्राम रांगी के रहने वाले कौशल कुमार सिंह का आरोप है कि उसने दो वर्ष पूर्व अपनी लड़की कोमल की शादी ग्राम रामपाल पुरवा बहुवन मदार माझा के हरिकेश सिंह से की थी। पति हरिकेश सिंह, ससुर रामकेवल, दशरथ सिंह, पवन की पत्नी, सौतेली सास व देवर कल्लू सिंह आदि दहेज के लिये प्रताड़ित करते थे। 12 मार्च को ससुरालीजन उसकी बड़ी लड़की पिंकी सिंह को जरिये मोबाइल पर भाग जाने की सूचना दी। मायके वाले मौके पर पहुंचे तो उन्हें मालूम हुआ कि लड़की को मारकर रात में घाघरा नदी में फेंक दिया है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि शव को नदी से निकलवाया गया। आरोपित हरिकेश, राम केवल, दशरथ, पवन की सौतेली सास, कल्लू सिंह, नैतिक सिंह के विरुद्ध विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। और इस की विवेचना सीओ करनैलगंज को सौंपी गई है।

# कला प्रतियोगिता का आयोजन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गुरुवार को आईसीआईटी कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर गोंडा में एक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्थान में सीसीसी, ओ लेवल और टैली कोर्स कर रहें 42 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भ्रूण हत्या, मेरा भारत महान, मतदान, बदलता भारत, जल बचाओ आदि। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राशि गुप्ता ओ लेवल, दूसरा स्थान कशिश वर्मा ओ लेवल, तीसरा स्थान रोली ओझा सीसीसी, चौथा स्थान दिव्या सिंह ओ लेवल, पांचवा स्थान नितिका श्रीवास्तव ओ लेवल, छठा स्थान




प्रतियोगिता में पोस्टर प्रदर्शित करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

दीपक टैली को मिला। सभी विजयी छात्र- छात्राओं को संस्थान की उप निदेशका ऊषा गुप्ता ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। संस्थान के निदेशक संतोष कुमार गुप्ता ने सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनायें और बधाई दी। इस प्रतियोगिता में दीपशिखा, अंशिका, नितिका, सीमा, नज़रेन, नेहा, तृप्ति, पल्लवी, हर्ष यादव, जय शर्मा, आसिफ आदि ने भाग लिया। इस मौके पर संस्थान के शिक्षक शिवम् सिंह, माया राम यादव, ऋतिक अवस्थी, गणेश कुमार, गौरव, कनक आदि रहीं।

## बहू और ससुर की पिटाई, केस दर्ज

**परसपुर, गोंडा:** थाना क्षेत्र के ग्राम मदनवा कॉलोनी राजापुर की रहने वाली महिला माया ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज कराया है और आरोप है कि 20 फरवरी को 11 बजे अपने टिन शेड में बैठी चूल्हे पर चाय बना रही थी। कमलेश सिंह, विपिन सिंह, अनिल सिंह व एक अज्ञात उसके टिन शेड में घुस आए। और एक राय होकर लाठी डंडा लेकर टिन शेड में घुस आए और चारपाई उठाकर बाहर फेंक दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया एक अज्ञात समेत चार लोगों के विरुद्ध विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है और मामले की विवेचना सीओ करनैलगंज को सौंपी गयी है।

# आरसीसी सेंटर बनकर तैयार नहीं हो रहा कूड़े का निस्तारण

**इटियाथोक, गोंडा:** सरकार लाखों की लागत से ग्राम पंचायत में आरआरसी सेंटर का निर्माण करवा रही है जिसका उद्देश्य हर घर से कूड़ा इकट्ठा कर केंद्र पर लाया जाए और केंद्र पर कूड़े को अलग कर जो कूड़ा इस्तेमाल करने लायक है उसे इस्तेमाल किया जाए। कूड़े को लाने के लिए गाड़ी भी खरीदी गई है। गांव में मुख्य मुख्य जगहों पर कूड़ा इकट्ठा करने के लिए डिब्बे भी रखे गए हैं। लेकिन ये निष्प्रयोज्य हैं।

इटियाथोक विकासखंड में 85 ग्राम पंचायतें हैं। जिनमें तीन ग्राम पंचायत इटियाथोक, पारासराय व परसिया बहोरीपुर में आरआरसी सेंटर का निर्माण हो चुका है। आरआरसी केंद्र बन गया है और उसमें ताला लगा दिया गया है। कूड़ा गाड़ी भी खरीद ली गई है, लेकिन कूड़ा प्रबंधन का कार्य नहीं किया जा रहा है। इसी के साथ-साथ 43 ग्राम




इटियाथोक में बना आरसीसी सेंटर। अमृत विचार

पंचायतों में आरआरसी सेंटर का प्रस्ताव पास हो चुका है। वीडियो पंचायत परमात्मा दिन ने बताया कि 850000 रुपए की लागत से आरसी सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। 3 ग्राम पंचायतों का निर्माण पूर्व में कराया जा चुका है और 43 पर कार्य चल रहा है। शीघ्र ही सभी ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर का निर्माण पूरा हो जाएगा।

जागरूकता | सरयू डिग्री कॉलेज के तत्वावधान में कंपोजिट विद्यालय सकरौरा ग्रामीण में सात दिवसीय विशेष शिविर का किया गया आयोजन

# स्वयंसेवकों ने रैली निकाल वाहन चालकों को यातायात के नियम बताए

**करनैलगंज, गोंडा:** राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रैली निकाल वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। सरयू डिग्री कॉलेज के तत्वावधान में कंपोजिट विद्यालय सकरौरा ग्रामीण में आयोजित सात दिवसीय शिविर के छठवें दिन एनएसएस के प्रतिभागियों ने यातायात सुरक्षा पर रैली निकाली। रैली सकरौरा ग्रामीण के नये पुरवा, कचनापुर के बेलवा सम्मय टेपरा, गोड़ियन पुरवा आदि ग्रामों में निकाली गई। स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, हेलमेट पहनो, सुरक्षित रहो आदि स्लोगनों के माध्यम से लोगों को सड़क



करनैलगंज में वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देतीं छात्राएं।

सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरबी सिंह ने भी जागरूक किया। वरिष्ठ प्राध्यापक बृजेश सिंह ने भी सामाजिक सौहार्द पर विचार रखे। इस मौके पर विजय यादव, ममता मिश्रा, डॉक्टर शैलेंद्र बहादुर सिंह, डॉक्टर दीपक श्रीवास्तव, रवीन्द्र प्रताप सिंह, अमित सिंह आदि रहे।

**मतदान की दिलाई शपथ: बेलसर, गोंडा:** प्रावि कुरहा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन डॉक्टर अनुराग सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा शपथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुराग सिंह ने किया। उन्होंने युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में डॉक्टर आनंद सिंह ने भी विचार रखे। छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वह सुनिश्चित रूप से अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करें और सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस अभियान को बढ़ाने में अपना सहयोग देने की अपील करें। द्वितीय सत्र में बौद्धिक कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम में सम्मिलित मुख्य अतिथि राज्य प्रशिक्षक रजनीकांत तिवारी ने कहा को स्वच्छ लोकतंत्र के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए।



रक्तदान के लिए जुटे एनएसएस के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### एनएसएस के स्वयं सेवकों ने किया रक्तदान

**मसकनवा, गोंडा :** मां गायत्री रामसुख पाण्डेय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खपरीपारा के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के षष्ठम दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में स्वयंसेवकों के अलावा महाविद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के अन्य लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में महाविद्यालय प्रशासक घनश्याम शुक्ला, प्राचार्य डॉ कृष्ण कुमार मिश्रा, बड़े बाबू विनोद शुक्ला, प्रवक्ता आशुतोष मालसे, राज पांडे, पूर्णेन्द्र त्रिपाठी, कार्यक्रम अधिकारी अरुण पाठक सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। वहीं द्वितीय सत्र में पर्यावरण सुरक्षा एवं जल संरक्षण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने घर घर जाकर लोगों को जाकरुक किया। छात्राओं ने लोगों को पर्यावरण प्रदूषण के बारे में आम बोलचाल की भाषा में समझाया। साथ ही लोगों को पानी के उपयोग और दुरुपयोग के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



अमृत विचार
www.amritvichar.com

# अन्नदाताओं के लिए कोई कदम नहीं उठा रही सरकार

संवाददाता, नानपारा, बहराइच


राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृहस्पतिवार को लखीमपुर होते हुए नानपारा पहुंचे। यहां पर उनका पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सरकार किसानों की मांग पर ध्यान नहीं दे रहा है।

भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह बृहस्पतिवार को जिले में पहुंचे। नानपारा टोल प्लाजा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद वार्ता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए वह बहराइच पहुंचे हैं। उन्होंने किसान क्रांति दल को मजबूत करने की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार हमारे किसानो की कोई बात नहीं मान रहा है और यह भी आरोप लगाते हुए कहा कि इस समय केवल केंद्र सरकार उद्योगपतियों का ध्यान रख रही है। उद्योगपतियों के हजारों करोड़ों रुपए माफ किए जा रहे हैं और जो किसान अन्नदाता है, उसके लिए कोई कदम नहीं उठा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जो किसान की बात करेगा वही देश पर राज करेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि जो अनुशासन में और संगठन का सम्मान करेगा वही संगठन में रहेगा और जो बात नहीं मानेगा तो हम हैं भानु कान पड़कर तानु यह कहते हुए वह नवाबगंज कार्यक्रम के लिए प्रस्थान हो गए। नवाबगंज विकास खंड के ग्राम तेजा फाटा में अनूप मिश्रा के यहां आयोजित कार्यक्रम में वह शामिल होंगे। इस दौरान काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# विभाग द्वारा बजट वापस गया तो होगी कार्रवाई

संवाददाता, बहराइच


अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करतीं डीएम मोनिका रानी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के विभिन्न विभागों में उपलब्ध बजट का वित्तीय वर्ष 2023-24 से पूर्व सदुपयोग करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के अन्दर सक्षम स्तर से अनुमोदन एवं स्वीकृति प्राप्त करते हुए प्राप्त आवंटन का सदुपयोग करना सुनिश्चित करें।

कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के उपरान्त समीक्षा में यदि किसी विभाग द्वारा बिना किसी कारण के बजट का समर्पण किया गया है तो इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु डीएम ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन के लिए सौपे गये दायित्वों के प्रति पूरी तरह से सजग रहें। बैठक में डीएम ने निकायों के अधिशासी अधिकारियों एवं डीपीआरओ को निर्देश दिया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित होर्डिंग्स, बैनर, स्टैण्डी, कटआउट इत्यादि को हटाने के टीमें बना लें ताकि निर्वाचन की घोषणा होते ही आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार होर्डिंग्स इत्यादि का निस्तारण हो सके। आईजीआरएस सन्दर्भों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सन्दर्भों का निस्तारण करते समय मात्र औपचारिताए न निभायी जाए बल्कि ऐसा निस्तारण करें जिससे फरियादी भी की गई कार्रवाई से संतुष्ट हो जाए। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि जिन विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की रैकिंग बी,सी,डी श्रेणी की है ऐसे विभाग विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाए।

सभी विभाग फीड किये गये विभागीय प्रगति को पुनः स्वयं परीक्षण कर आवश्यकतानुसार फीडिंग में सुधार लाए ताकि जिले की रैकिंग अच्छी हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ देवेन्द्र पाल सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टीपी शाही सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# युवक की हत्या कर शव पुलिया के नीचे फेंका

## चार दिन से लापता था युवक, परिवार के लोगों ने महिला समेत तीन पर लगाया आरोप

नानपारा, बहराइच


घटना स्थल का निरीक्षण करतीं एसपी वृंदा शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद के गोविंदसिंह पुरवा गांव के निकट पुलिया में एक युवक की हत्या कर शव छिपा दिया गया। परिवार के लोगों ने शव की पहचान करते हुए महिला समेत तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बल्दीपुरवा निवासी ननकन्ने (25) पुत्र पन्ना लाल चार दिन पूर्व घर से गायब हो गया था। परिवार के लोगों ने गंभीरवा चौकी इंचार्ज अजेश कुशाहवा को शिकायती पत्र देकर केस दर्ज करने की मांग की थी। पुलिस और परिवार के लोग युवक की तलाश कर रहे थे। वहीं गुरुवार शाम को मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भोगाजोत के गोविंद सिंह पुरवा पुलिया के नीचे शव छिपा देखा। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव की पहचान आसपास के लोगों से कराई। परिवार के लोगों ने मृतक की पहचान ननकन्ने के रूप में की। साथ ही गांव निवासी बवाली, नकुल और नकुल की पत्नी पर हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने निरीक्षण किया। साथ ही जल्द ही घटना के खुलासे का निर्देश दिए।

### दूसरी बार मिला शव

मटेरा थाना क्षेत्र में शव मिलने का सिलसिला जारी है। अभी एक सप्ताह भी नहीं बीता है, एक युवक का शव मिला था। वहीं गुरुवार को पुन: शव मिलने पर पुलिस के सुरक्षा और गश्त पर सवाल उठ रहे हैं।

## कल से परिषदीय विद्यालयों में होगी परीक्षा

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में 16 मार्च से वार्षिक परीक्षाएं होंगी इसको लेकर बेसिक शिक्षा विभाग तैयारी को अंतिम रूप देने में लगा हुआ है। परीक्षा केंद्रो को प्रश्न पत्र भेजे जा रहे हैं। बहराइच जिले के 14 विकासखंड में 2803 परिषदीय विद्यालय है। इनमें 900 से अधिक जूनियर विद्यालयों का भी संचालन होता है। इन सभी विद्यालयों में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से 16 मार्च से वार्षिक परीक्षाएं शुरू होंगी। इसके लिए परीक्षा केंद्रों को विभाग की ओर से प्रश्न पत्र भेजे जा रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने बताया कि प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के लिए अलग अलग समय पर परीक्षा का आयोजन होगा। जिसमें मौखिक समेत अन्य पेपर आयोजित होंगे। मालूम हो कि अभी भी कई ऐसे विद्यालय शामिल हैं, जहां प्रश्न पत्र ही नहीं भेजा गया है।

# सरकार किसानों के हित में करती है नित नए काम

बहराइच


कृषि मेले में किसान को सम्मानित करते विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के डीहा में स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार में किसान मेला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सदर विधायक अनुपमा जायसवाल रहीं।

महाराजा सुहेलदेव विराट किसान मेला का आयोजन राजकीय कृषि बीज भंडार डीहा विकासखंड चित्तौरा के परिसर सदर विधायक अनुपमा जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मेले में आए हुए किसानों को विधायक ने मिनी किट दिया। इसके बाद उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सम्मान निधि के साथ सब्सिडी उपलब्ध करा रही है। ऐसे में किसान इसका लाभ उठाएं। अध्यक्षता कर रहे जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे ने कहा कि अब किसानों को सब्सिडी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बल्कि मौके पर ही उन्हें उचित दर पर खाद और बीज मिल जायेगा।

सब्सिडी की राशि वापस हो जाएगी। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख भगवती प्रसाद कराती, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे , सुधाकर शुक्ला वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए, मंडल अध्यक्ष भाजपा राम रूप, प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता सहित सैकड़ो कृषक तथा महिला कृषक उपस्थित रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा कृषकों को महाराजा सुहेलदेव की जीवनी तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# चौकसी बढ़ी, गांव-गांव पुलिस कर रही मार्च

उर्रा, बहराइच


ग्राम पंचायत उर्रा में फ्लैग मार्च करते थानाध्यक्ष और एसएसबी के जवान।

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभी से ही प्रशासन मुस्तैद नज़र आ रहा है। भारत नेपाल सीमाओं पर चौकसी बरती जा रही है। जिला प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट मूड में आ गया है। चुनाव से पूर्व सीमावर्ती थानो की पुलिस व एसएसबी की ओर से थाना क्षेत्रों के विभिन्न गांवो का भ्रमण किया जा रहा है।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की संवेदनशीलता को देखते हुए गुरुवार को को तहसील मोतीपुर अंतर्गत थाना मोतीपुर क्षेत्र के भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के समीप के गांव एवं अन्य कई गांवो के मतदान केंद्रो तक स्थानीय पुलिस ,सशस्त्र सीमा बल 66वीं बटालियन की टीम ने संयुक्त रुप से गश्त की। एसएचओ मोतीपुर दद्दन सिंह ने बताया कि एसएसबी व पुलिस के जवानो ने क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर जाकर पैदल गश्त की तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होने बताया कि थाना अंतर्गत उर्रा मतदान केंद्र, जालिमनगर मतदान केंद्र, गूढ़ मतदान केंद्र तथा मिहींपुरवा नगर तथा नेपाल सीमा के करीब मटेही कला तथा बलईगांव में एसएसबी एवं पुलिस के जवानो ने संयुक्त रुप से पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था जांची है।

# क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

बौंडी, बहराइच


क्विज प्रतियोगिता में शामिल छात्र।

**अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र गजाधरपुर में गुरुवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि फखरपुर रणवीर सिंह मुन्ना भैया और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्र रहे। एआरपी गणित अशोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विकास खण्ड फखरपुर के परिषदीय विद्यालयों के उच्च प्राथमिक स्तर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

क्विज प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय गजाधरपुर ,बमियारी,सरद पारा के बच्चे प्रथम तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय बहेलिया और भिलोरा बाँशु के बच्चे द्वितीय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहम्मद पुर, गजाधर पुर, हुसेपुर, हरनामार,तथा शरद पारा के मेधावी बच्चों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र-छात्रा को शील्ड, प्रमाण पत्र, नोटबुक रजिस्टर पेंसिल बॉक्स आदि पुरस्कार वितरित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष मिथलेश मिश्र बरिष्ठ उपाध्यक्ष शाश्वत कलहँस, महामंत्री उमेश कुमार, संगठन मंत्री प्रेम कुमार अवस्थी मंत्री अनुभव मिश्र, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्र कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुखदराज सिंह,मंत्री तनवीर आलम, बरिष्ठ उपाध्यक्ष इरसाद अहमद जूनियर शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री यादवेंद्र यादव, उपेंद्र उपाध्याय,शुशील यादव सुभाष वर्मा, विलाल अंसारी बाबूलाल मौर्य,मनोज कुमार उपाध्याय, बरिष्ठ एआरपी राजकिशोर सिंह ,मनोज गौड़ राजेंद्र सिंह सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विवेक सिंह, मनीष मिश्र, विमलेंद्र सिंह, कमलेश वर्मा विकास खण्ड में कार्यरत गणित व विज्ञान के तमाम शिक्षकों योगदान रहा।

## बकाया धन मांगने पर मारपीट मामले में दो नामजद पर केस

**बहराइच :** उधार ली गई मेमौरी कार्ड का धन मांगने पर दो हमलावरों ने युवक के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। पीड़ित ने इसकी तहरीर बुधवार को दी। पुलिस ने बुधवार रात में दो को नामजद कर केस दर्ज किया है। रानीपुर थाने के सरवा के मजरे घनापुर निवासी आशीष कुमार सक्सेना पुत्र मदन चंद से गांव के ही युवक सुरेश कोरी ने मोबाइल मेमौरी कार्ड उधार खरीदा था। मंगलवार रात में गांव के चेतराम की दुकान पर दोनों का आमना सामना हुआ। तो आशीष ने बकाया धन मांगा। सुरेश व उसके साथी उदल ने गाली-गलौज की। आशीष के एतराज पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की। बुधवार दोपहर में पीड़ित आशीष ने थाने में तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने तहकीकात के बाद मारपीट, धमकी व गाली गलौज की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष आरती वर्मा ने बताया कि जांच के बाद गिरफ्तारी की जाएगी।

# कुल्हाड़ी के हमले से घायल युवती लखनऊ रेफर

**बहराइच, अमृत विचार:** मायके में चारपाई पर सो रही युवती पर पति ने रविवार रात मे कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर हमलावर फरार हो गए थे। घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। बुधवार रात हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने घायल को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है । घायल की हालत नाजुक बनी हुई है।

रामगांव थाना क्षेत्र के गड़वा के मजरे मुड़कट्टनपुरवा निवासी मालिक राम पुत्र प्यारे लाल ने अपनी बेटी गुड़ा की शादी इसी गांव निवासी प्रमुख पुत्र हरिराम से की है। जिनमे अनबन चल रही है। बेटी गुड़ा मायके में है। रविवार रात गुड़ा घर में चारपाई पर सोई थी। बगल में मालिक राम की भांजी सीमा दूसरी चारपाई पर सो रही थी। इसी दौरान गुड़ा का पति प्रमुख व सास बड़का घर में घुसी और गुड़ा से गाली गलौज मारपीट करने लगे। इसी दौरान प्रमुख ने कुल्हाड़ी से गुड़ा के सिर पर वार कर दिया। वह लहुलुहान होकर गिर पड़ी। हमलावर मां बेटे फरार हो गए। आनन फानन में घायल को मेडिकल कॉलेज लाते हुए पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची। मालिकराम की तहरीर पर प्रमुख व उसकी मां बड़का को नामजद कर घर में घुसकर मारपीट, हत्या का प्रयास, गंभीर रूप से घायल करने, धमकी आदि की धाराओं में केस दर्ज कराया गया । प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि घटना के समय ही केस दर्ज कर लिया गया था। आरोपी भी जल्द गिरफ्तारकर लिया जाएगा।

## 23 मार्च तक चलेगा पोषण पखवाड़ा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने बताया है कि 9 मार्च से 23 मार्च तक 'पोषण पखवाड़ा' चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत जन-आन्दोलन और सामुदायिक गतिविधियों आयोजित की जायेंगी। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा पोषण अभियान का शुभारम्भ बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु किया गया है। प्रत्येक वर्ष के बच्चों, किशोरियों एवं महिलाओं में पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य से माह मार्च में 'पोषण पखवाड़ा' मनाया जाता है। पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में तीन व्यापक क्षेत्रों पर विशेष महत्व दिया जायेगा। जिसमें 1-पोषण भी पढ़ाई भी, 2-पारम्परिक व स्थानीय आहार प्रथाओं पर केन्द्रित पोषण के प्रति संवेदनशीलता पर ध्यान केन्दित किया जाना एवं 3-गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ व आईवीसीएफ पर विशेष महत्व दिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने पखवाड़ा से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु निर्देशित किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय तस्करों को 14-14 वर्ष का सश्रम कारावास व जुर्माने की हुई सजा

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार:** नेपाल राष्ट्र के चार चरस तस्करों को अपर सत्र न्यायाधीश ने 14 - 14 साल का सश्रम कारावास व प्रत्येक को दो लाख 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न अदा करने वाले दोषियों को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा पाने वालों में दो सगे भाई शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार 25 जुलाई 2019 को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो लखनऊ को एसएसबी से सूचना मिली थी कि चार नेपाली युवक चरस के साथ दो बाइक पर भरथा चौकी होते हुए नेपाल से भारत सीमा में प्रवेश करने वाले है। इस पर एनसीबी व एसएसबी ने नाकेबंदी कर बनिया गांव के सधई पुरवा गांव के पास उन्हें रोक लिया। उनके कब्जे से 30 किलो 900 ग्राम चरस बरामद हुई। उनकी पहचान नेपाल के जिला डांग अंतर्गत थाना शांतीनगर के पवन नगर निवासी पीतांबर कंडेल व धर्मराज कंडेल तथा उसी थाना क्षेत्र के राजपुर निवासी खरक बहादुर व डांगी सरन निवासी सीताराम चौधरी के रूप में हुई थी। आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश सुदामा प्रसाद के न्यायालय पर आरोप पत्र भेजा गया था। जिस पर फैसला सुनाते हुए एडीजे ने सभी को 14-14 साल का सश्रम कारावास व प्रत्येक को दो लाख 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने वाले दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# एनआईसी में सहायक अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता, श्रावस्ती



**अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अधिकारियों द्वारा थीम के आधार पर जनपद स्तर पर प्रशिक्षण जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में थीम-4 ई-रोल, ईआरओ-नेट आईटी एप्लिकेशन के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में सभी अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा तैयार की गई विभिन्न मोबाइल ऐप की जानकारी दी गई। जिसमें विभिन्न ऐप जैसे-इनकोर, सी-विजिल ऐप, सक्षम एप, वोटर हेल्पलाइन, सम्बन्धित पोर्टल आदि की जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर किसी चुनाव की विश्वसनीयता मुख्य रूप से चुनावी नामावली/मतदाता सूची पर निर्भर होती है। निर्वाचन ऐप निष्पक्ष एवं सुलभ, सत्यापन योग्य एवं चुनाव के लिए बेहतर योजना बनाने में मदद करते है। उन्होने बताया कि मतदाताओं की अधिकतम सीमा के साथ मतदान केंद्र का युक्तिकरण, सही घर संख्या को प्रतिबिंबित करने वाले अनुभागों और भागों का उचित गठन और पुनर्गठन, जीआईएस का उपयोग करके ईआरओ-नेट के माध्यम से किया जाएगा।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पीयूष जायसवाल, उपजिलाधिकारी इकौना ओम प्रकाश उपजिलाधिकारी जमुनहा एसके राय, उपजिलाधिकारी अरूण कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निगम प्रताप सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव एन आई सी अभियंता दीप नारायण आदि लोग मौजूद रहे।

# 12 घंटे तक चली छापेमारी, पूर्व मंत्री के बेटे को लखनऊ लेकर गए

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अखिलेश यादव सरकार में मंत्री रहे गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पहुंची थी। ईडी ने गायत्री प्रजापति की कथित महिला मित्र गुड्डा देवी के घर पर भी दबिश दी। दोनों के घरों पर ईडी की टीम सुबह में ही पहुंच गई। इसके बाद छापेमारी की प्रक्रिया को शुरू किया गया। ईडी की छापेमारी को लेकर दोनों ही स्थानों पर स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा को चाक- चौबंद कर दिया गया था। घर के बाहर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। ईडी के कई अधिकारी दिनभर घर के अंदर मौजूद रहे।

ईडी के छापेमारी के दौरान कागजातों और अन्य मामलों को लेकर पूछताछ की। वहीं अमेठी के साथ-साथ लखनऊ और मुंबई के 17 ठिकानों पर ईडी की टीम ने एक साथ छापा मारा। खनन घोटाले से संबंधित मामले में ईडी की ओर से छापेमारी की। अमेठी स्थित घर में गायत्री प्रजापति की पत्नी महाराजी देवी और छोटा बेटा अनुराग प्रजापति की तबियत खराब हो गई। प्रशासन ने इलाज के लिए सीएचसी फिर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इससे पहले राज्यसभा चुनाव 2024 के दौरान गायत्री की पत्नी सपा विधायक महाराजी प्रजापति ने क्रॉस वोटिंग कर सबको चौंका दिया था।


पूर्व मंत्री के घर पर छापेमारी के दौरान तैनात सीआरपीएफ के जवान।

महाराजी ने भाजपा कैंडिडेट संजय सेठ के पक्ष में वोट किया था। इसको लेकर दावा किया गया कि अपने ऊपर कसे जांच एजेंसी के शिकंजे से बचने के लिए उन्होंने इस प्रकार का कदम उठाया। हालांकि, अब तक इस मामले में कार्रवाई नहीं हो पाई है। सुबह साढ़े पांच बजे से शुरू हुई छापेमारी शाम करीब छह बजे तक चली। ईडी के जाने के बाद पूर्व मंत्री की बेटी ने बताया कि उनके भाई अनुराग प्रजापति को लखनऊ ले जाने की बात बताते हुए अपने साथ ले गई है।

### खनन घोटाले के आरोपी हैं गायत्री

गायत्री प्रजापति हमीरपुर अवैध खनन मामले में आरोपी हैं। अवैध खनन घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। पिछले दिनों सीबीआई की ओर से पूर्व सीएम और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पूछताछ के लिए तलब किया था। हालांकि, अखिलेश यादव इस पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। अब गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर ईडी की टीम के छापे से हड़कंप मच गया है।

### देर शाम तक चली रेड

पूर्व मंत्री के घर पर उनकी पत्नी मौजूदा विधायक महाराजी प्रजापति और छोटा बेटा अनुराग के अलावा घर के सभी सदस्य मौजूद रहे। फिलहाल ईडी की टीम देर शाम तक छापेमारी चलती रही। ईडी की एक टीम गायत्री प्रसाद प्रजापति के महिला मित्र गुड्डा देवी के गंगागंज मोहल्ले स्थित घर भी छापेमारी की थी। वहीं सुरक्षा को लेकर दोनों घरों के बाहर बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। छापेमारी को लेकर ईडी की टीम का कोई बयान नहीं आया है। हालांकि सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि अवैध खनन मामले में कार्रवाई चल रही है।

### दो स्थानों पर एक साथ हुई थी छापेमारी

अमेठी में ईडी की टीम का छापा दो स्थानों पर चला। अमेठी के आवास विकास कालोनी और गंगागंज मोहल्ले में छापेमारी हुई। गायत्री के कथित महिला मित्र गुड्डा देवी के घर पर भी ईडी की छापेमारी के बाद कई प्रकार के कयास लगाए जा रहे हैं। सपा सरकार में कैबनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है, जहां एक तरफ गायत्री प्रसाद प्रजापति जेल में हैं तो वहीं अवैध खनन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने आज सुबह छापा मारा। छापेमारी में आधा दर्जन से अधिक ईडी के अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद जयाप्रदा मामले की सुनवाई अब 21 मार्च को

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में फिल्म अभिनेत्री और पूर्व सांसद जयाप्रदा के एक मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान अभिनेत्री के अधिवक्ता ने दाखिल आवेदन के समर्थन में दाखिल हलफनामे में गलती होने की बात करते हुए अर्जी में संशोधन आवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति मांगी, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले को आगामी 21 मार्च को सूचीबद्ध कर दिया है। वर्तमान मामला न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष चल रही है। मालूम हो कि वर्ष 2019 में मुरादाबाद के सपा सांसद डॉक्टर एसटी हसन ने सपा नेता आज़म खान के लिए आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व सांसद जयप्रदा पर अभद्र टिप्पणी कर दी थी। इस कार्यक्रम में आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम भी शामिल हुए थे। अभद्र टिप्पणी के मामले में जयाप्रदा के पीआरओ मुस्तफा हुसैन ने मुरादाबाद के कटघर थाने में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज कराया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सांसद डॉक्टर एसटी हसन, सपा नेता आज़म खान और अब्दुल्ला आजम सहित 6 लोगों को आरोपी बनाया था। यह मुकदमा एमपी- एमएलए कोर्ट में विचाराधीन है। उक्त मामले में जयप्रदा पिछले काफी समय से गवाही देने कोर्ट में नहीं पहुंच रही थी। कई बार जमानती वारंट जारी होने के बावजूद जयप्रदा कोर्ट में बयान दर्ज कराने नहीं गई थी। इसी के बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने जयाप्रदा के प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए उनके खिलाफ नवंबर 2023 में एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया था। उक्त फैसले के खिलाफ जयप्रदा ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है ,विद्या की रक्षा अभ्यास से ,सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

## संपादकीय

# भारत की स्थिति में सुधार

संयुक्त राष्ट्र ने मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के ताजा आंकड़े जारी किए। इनमें भारत की स्थिति में लगातार दो वर्ष की गिरावट के बाद बड़ा सुधार देखने को मिला है। गुरुवार को जारी एचडीआई पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। मानव विकास से जुड़े ताजा आंकड़ों में भारत में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार आया है। लोगों में जीने की चाह और कमाई में बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का और औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई-2022) में 14 रैंक की छलांग देश के लिए अहम है। पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की रैंक लगातार बेहतर हुई है, जो देश में स्त्री-पुरुष समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। 2014 में यह रैंक 127 था, जो अब 108 हो गई है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी बड़ी सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत का प्रदर्शन इसको वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत से बेहतर रहा है। यह सरकार के दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विकास के उद्देश्य का परिणाम है जिसके तहत नीतिगत पहलों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक एजेंडा निर्धारित किया गया। यूएनडीपी गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करने हेतु लगभग 70 देशों में कार्य करता है। देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतियों, नेतृत्व कौशल, साझेदारी क्षमताओं तथा संस्थागत क्षमताओं को विकसित करने और लचीलापन बनाने में मदद करता है। सूचकांक की गणना तीन प्रमुख संकेतकों-जीवन प्रत्याशा, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष, शिक्षा के औसत वर्ष और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय के अंतर्गत की जाती है। यानि जीवन में चौतरफा विकास से जुड़े अलग-अलग पहलुओं का अध्ययन करने के बाद यह सूचकांक तैयार किया जाता है। यह रिपोर्ट भारत के लिए इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि रिपोर्ट में मानव जीवन के विकास से जुड़े दूसरे अलग-अलग पहलुओं का भी गहन अध्ययन कर उनको भी इंडेक्स में शामिल कर सिलसिलेवार तरीके से उल्लेख किया गया है।

# शोधकार्य में भारतीय दार्शनिक पृष्ठभूमि की जरूरत


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> हम मान क्यों नहीं लेते कि कार्ल पॉपर और भारत में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान दर्शन में संगम देखने वाले चिंतकों की परंपरा में जाने-माने नाम भी शोध चिंतन को विशुद्ध रखने में सफल नहीं हो सकते थे।

शोध चिंतन नए ज्ञान के सृजन से पहले का एक फलसफा होता है। विषय से संबद्ध टॉपिक के बारे में चिंतन की प्रक्रिया का एक क्रमिक इतिहास भी होता है। भारत में शोध चिंतन और पद्धतियों के बारे में ज्ञान मौजूद रहा,लेकिन 'एक्सपेरिमेंटल फ्लेवर' गायब हो गया जिसके लिए राज्याश्रय और सहयोगियों की जरूरत रहती है।

देश में शोध के लिए क्षेत्रीय चिंतकों का अभाव हुआ तो मौलिक चिंतन की अधिकांश धाराएं सूखती रहीं और ब्रिटिश आधिपत्य का असर सन् 1763 के बाद से हम पर बढ़ने लगा। पीछे लौटने का कोई अवसर नहीं बचा। ब्रिटिश लोगों ने हमारे अधिकांश 'मटेरियल कल्चर' को बदल दिया जिसकी जड़ में थी। हमारी शिक्षा पद्धति और शैक्षिक टूल्स जैसे कि भाषा और व्याकरण, खगोलीय गणनाएं और गणित, केमिस्ट्री और एस्ट्रोनॉमी एवं आयुर्विज्ञान। अपने रंग में क्रमशः रेंज जाने के लिए ब्रिटिश लोगों ने देश में जिस तरह से यूरोपियन पद्धति में गवेषणा और अन्वेषण के लिए अनेक अर्द्ध और पूर्णतः वैज्ञानिक संस्थान स्थापित किए उनके कार्यकलापों के चलते आने वाले समय में परिवेशी भारतीय सांस्कृतिक चिंतन से जुड़ी हुई वैज्ञानिक पद्धति में बदलाव होने लगे। इससे भारतीय शोध चिंतन के दर्शन का भी ब्रिटिश पद्धति से 'इंस्टिट्यूशनलाइजेशन' होने हुआ।

ब्रिटिश लोगों के जाने के बाद भारत में जिन अनेक वैज्ञानिक,तकनीकी,इंजीनियरिंग और उच्चतर शिक्षा संस्थानों की स्थापना की झड़ी लगी तब इन्हें भी मजबूरन उसी लीक पर चलाया गया,ऐसा तो नहीं कहेंगे,परंतु इनका अधिकांश रंग-ढंग आधुनिक और यूरोपियन ही रहा। भारतीय वैज्ञानिक दर्शन से उपजने वाला चिंतन अब सिर्फ पृष्ठभूमि के रूप में एक कुलबुलाते हुए जीवाश्म के रूप में बचा है। पीछे लौट जाना नामुमकिन ही है,क्योंकि रास्ते में ऐसे पावरफुल फिजिकल बैरियर्स उठ खड़े हुए हैं,जिन्हें ध्वस्त करना बस की बात नहीं। शोध चिंतन की मुख्य धारा अब एक प्रकार से 'यूनिवर्सल' हो गई है जिसे न तो आधुनिक आर्थिक साम्राज्यवादी चिंतन से मुकाबला करके हम बदल सकते हैं और न ही प्राचीन सभ्यताओं का शक्तिशाली माना जाने वाला वह जैविक सांस्कृतिक परिवेश (कल्चरल इकोलॉजी) जिस पर हरेक मातृदेश खासतौर से भारत नित गर्व करता है,इसके आवेग को रोक सकता है, उलटा प्रतिक्रिया स्वरुप इसे गौरवान्वित करते रहने के लिए नित नए आयोजन करता है।

> शोध संचार की भाषा अब अंग्रेजी है और मेथड अत्याधुनिक और मशीन आधारित। हमारे प्राचीन लौह-धातु कर्मियों और रसायनज्ञों के ज्ञान से अब हम अपने स्पेस और एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम को नहीं चला सकते।

हम मान क्यों नहीं लेते कि कार्ल पॉपर और भारत में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान दर्शन में संगम देखने वाले चिंतकों की परंपरा में जाने-माने नाम भी शोध चिंतन को विशुद्ध रखने में सफल नहीं हो सकते थे। शोध चिंतकों और विज्ञान की अनेक शाखाओं में पश्चिम के फलस्फाकारों की संख्या अत्यधिक है। विज्ञान से संबंधित अभिलेखागारों को देखें तो करोड़ों की संख्या में अपने प्रकाशनों के जरिए से इन्होंने इसे इतना ताकतवर बना दिया है कि अब सभी प्राचीन सभ्यताओं में स्वतंत्र चिंतन की गुंजाईश नहीं बची है। चाहे यह मिस्र देश हो,भारत या चीन हो या मेसोपोटामिया के अवशेषों को छिपाए हुए ईराक और ईरान।

शोध संचार की भाषा अब अंग्रेजी है और मेथड अत्याधुनिक और मशीन आधारित। हमारे प्राचीन लौह-धातु कर्मियों और रसायनज्ञों के ज्ञान से अब हम अपने स्पेस और एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम को नहीं चला सकते। कुछ रोज पहले महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,वर्धा में प्रोफेसर,कृपाशंकर चौबे ने इस बारे में एक समाचार पत्र में प्रकाशित लेख के जरिए से यह मुद्दा उठाया है कि हम विशुद्ध भारतीय दार्शनिक चिंतन से अपने शोधकार्यों की धारा क्यों नहीं मोड़ लेते? उन्होंने इसमें एक स्थान पर शोधकार्य के चिंतन में 'व्यावहारिक पक्ष' शब्दयुग्म का प्रयोग किया है। मेरा मानना है कि खालिस तौर से भारतीय शोध चिंतन की विरासत के बल पर हम दुनिया में कहीं और क्या हो रहा है उसका मुकाबला नहीं कर सकते। दुनिया में शोध चिंतन और इसका व्यवहार अत्यंत कम्पीटीटिव हो चुका है। शोध के नतीजे को साझा करने के लिए इंटरनेट के जरिए तीव्रता से इसके प्रसार,थ्योरेटिकल रूप से इसका उपयोग करने जैसे कि नैदानिकी और उपचार में और टेक्नोलॉजी कंवर्जन के जरिए से गैजेट्स में बदलने के लिए अब दशकों और सदियों का विलंब नहीं होता। कमर्शियल रूप से इसका फायदा ही नहीं,बल्कि टेक्नोलॉजीकल बढ़त मिलने से राष्ट्र ताकतवर बनते हैं। जैसा कि मिलिट्री हार्डवेयर और विनाशक अस्त्र और संचार के साधनों के विकास और इनका कंट्रोल किस के हाथ में है,इससे प्रतीत होता है।

शोध चिंतन अब यूनिवर्सल कैरेक्टर अख्तियार कर चुका है और आपसी सहयोग या कोलैबोरेशन और कूटनैतिक आश्रय के बिना एक भी देश अकेला पावरफुल नहीं बना रह सकता। व्यक्ति में समाई हुई एकल शोध वृत्ति या एक ही व्यक्ति के चिंतन से चलने वाले शोध चिंतन की पारंपरिक भारतीय पद्धति से हम किस नाते सुपर-पॉवर बनने का स्वप्न देख सकते हैं? इसीलिए शोध चिंतन की अपनी विरासत की सीमा पर एक बार फिर से दृष्टि डालें तो मालूम होता है कि अंग्रेज या अन्य यूरोपियन कॉलोनियल पावर्स ने टेक्नोलॉजी के विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व शोध चिंतन के उदय का पूरा फायदा उठाया और साहसिक कदम उठाए। यह माना जाता है कि चिंतन एक 'एबस्ट्रेक्ट' एंटिटी है और इसकी फॉर्म इनटेंजीबल। आधुनिक यूनिवर्सल पद्धति से शोध चिंतन में भारतीयता का पुट कैसे डाला जा सकता है और इसकी मात्रा कितनी होनी चाहिए यह तो वैज्ञानिक-दर्शन चिंतन से उपजे नतीजे,इसके इस्तेमाल से बनाए जाने वाले उत्पाद और टेक्निक्स और टेक्नोलॉजी के सामाजिक और आर्थिक तजुर्बों को महसूस करने वाले हमारे वरिष्ठ वैज्ञानिक ही बता सकते हैं। आचार्य चंद्रशेखर वेंकट रमण ने भारतीय वाद्ययंत्र वीणा के तारों को एक पद्धति और क्रम से अंगुलियों की ताकत लगाकर हिलाने से पैदा हुई झंकार (फ्रीक्वेंसी एंड रेजोनेंस) पर शोध करके यह बताया कि इसकी ध्वन्यात्मक प्रॉपर्टीज क्या और क्यों हैं? भारतीय तंत्रीवाद्यों में वीणा प्राचीनतम वाद्य यंत्र हैं और इसकी फॉर्म भी अनेक हैं,जैसे कि नारदीय वीणा। दूसरा उदाहरण है आचार्य जगदीश चन्द्र बसु द्वारा यह कहना कि वनस्पति में भी जीवन है,अहसास और भावनाएं होती हैं। यह बात तो हमारे प्राचीन मनीषी एक अरसे से कहते रहे थे,लेकिन इसका फिजिकल प्रूफ उस तरीके से वे प्रोड्यूस न कर पाए जैसा कि आचार्य बसु ने किया।

अब तो हालात ऐसे हैं कि आयुर्वेद के अंतर्गत काया-चिकित्सा,भेषजगुण विज्ञान,रसायन, शल्य और नैदानिकी में भी विशुद्ध तौर से भारतीय शोध-चिंतन आधुनिक पद्धतियों की तरफ झुक गया है,मजबूरी में नहीं,बल्कि जरूरत के लिए। आधुनिक आयुर्वेज्ञानिक चिंतन में 'इंटीग्रेटिव मेडिसिन'नामक एक नई शाखा का उदय हुआ जिसमें मौलिक चिंतन यह है कि शरीर की जिन व्याधियों का उपचार आधुनिक चिकित्सा पद्धति (मॉडर्न सिस्टम ऑफ मेडिसिन) में नहीं है उनके इलाज के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों (यूनानी एवं तिब्बिया,आयुर्वेद एंड सिद्ध) को अपनाया जाना चाहिए। देश में शोध की एक नहीं अनेक ऐसी परियोजनाएं चालू हैं जिनमें भारतीय चिंतन और आधुनिक शोध एवं कार्यविधियों को आपस में समवेत किया गया है।

मसलन अयोध्या में बनाए गए रामलला मंदिर के निर्माण से पहले और निर्माण कार्य के दौरान मॉडर्न साइंस एंड इंजीनियरिंग की जिन तकनीकों का इस्तेमाल सीएसआईआर की मार्फत किया गया। इनमें हैं इमारत की नींव और सुपर-स्ट्रक्चर की स्थिरता का रिक्टर स्केल पर अधिकतम आठ डिग्री तक की भूकंप सह्यता का मापन और देवमूर्ति को सूर्य तिलक देने के लिए ऑप्टो-मैकेनिकल डिवाइस की स्थापना। गंगा नदी के प्रवाह के मैदानी क्षेत्र लिए कंप्यूटर सिमुलेशन द्वारा अयोध्या क्षेत्र की भू-गर्भीय संरचना की जांच की गई और विश्वासपूर्वक कहा गया कि वर्तमान मंदिर 10000 वर्ष तक स्थिर रहेगा।

## प्रसंगवश

# वासांसि जीर्णानि यथा विहाय

राजनीतिक दलों में हाई कमान संस्कृति काफी प्रबल होती दिख रही है जिसकी शुरुआत कांग्रेस में इंदिरा गॉधी के कार्यकाल से हुई। हालांकि अब इसमें भाजपा सबसे आगे है जिसमें केंद्रस्थ मोदी-शाह युग्म ही सभी महत्वपूर्ण निर्णय ले रहा है। आंतरिक लोकतंत्र न के बराबर है। प्रदेशों के चुनाव भी मोदी के नाम पर लड़े जाते हैं,जहां उनके मुख्यमंत्री बनने की कोई संभावना नहीं होती है। राज्यों के मुख्यमंत्री ऊपर से नामांकित होते हैं और निर्वाचित विधायकों को उसी नाम पर मोहर लगानी होती है।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत कुछ मास पहले हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के विधानसभाई चुनाव इसके ज्वलंत उदाहरण हैं,जहां जननायक तो क्रमशः शिवराज सिंह,वसुंधरा राजे सिंधिया तथा डा.रमनसिंह थे,किंतु उच्च कमान ने इन सबको किनारे लगाकर अपनी च्वाइस के मुख्यमंत्री बनाए। राजस्थान में वसुंधरा कुछ अड़ रही थीं तो केंद्र ने भारी भरकम नेता राजनाथ सिंह को यह टास्क सौंप दिया। उन्होंने बखूबी राजे को किनारे लगाने का कार्य संपन्न कर दिया,हालांकि चुनावी सभाओं में खुद वसुंधरा के मुख्यमंत्रित्व काल के कार्यों और उपलब्धियों की प्रशंसा करते थे। यही नहीं जो लगभग 20 विधायक वसुंधरा के समर्थक होकर तत्समय उनके पक्ष में मुखर थे,उन्हें अलग कमरे में बैठाकर आदेशित किया कि विधायक दल की नेता चयन बैठक में जो नाम प्रस्तावित किया जाएगा, उस पर 'आप लोग ताली बजाएंगे'। पश्चात् भजनलाल शर्मा का नाम वसुंधरा से ही प्रस्तावित कराया गया,जिस पर निर्धारित स्क्रिप्ट के अनुसार ऊपर संदर्भित समर्थकों ने तालियां बजाईं। अब स्पष्ट है कि जन तंत्र में 'जन' के द्वारा चयनित प्रतिनिधियों का काम ताली बजाना ही रह गया है। इधर हरियाणा में साढ़े नौ साल से मुख्यमंत्री पद पर कार्यरत मनोहरलाल खट्टर को हटाकर हाई कमान ने नायब सैनी को बिठा दिया,जो पीएम मोदी के चहेते भले हों, किंतु शासन का कोई खास अनुभव नहीं रखते हैं। बहरहाल भाजपा आत्मा द्वारा शरीर बदलने की गीता वाली उपमा 'पुराने कपड़े त्यागकर नव परिधान ग्रहण करने को अब बहुशः प्रयुक्त कर रही है। (वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि)अब इससे सफलता कितनी मिलेगी,यह समय बताएगा।

# ओपनहाइमर फिल्म से मिला आलोचकों को जवाब

गत सप्ताह परमाणु के जनक महान वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपनहाइमर पर बनी फिल्म ओपरहाइमर को सात प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कार से हॉलीवुड में नवाजा गया। सात दशकों बाद 16 दिसंबर 2022 को सरकारी तौर पर बाइडेन प्रशासन ने महान भौतिक वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपनहाइमर को गद्दारी के लांछन से मुक्त किया, निर्दोष पाया तथा देशप्रेमी माना। उन्होंने अमेरिका के लिए परमाणु बम बनाया था। इसे हिरोशिमा और नागासाकी पर फोड़ा गया था। बाद में उन्हें सोवियत (कम्युनिस्ट) रूस का गुप्तचर बताकर हर किस्म के अपमान, अवमानना, अनादर करके अवसादग्रस्त बनाया गया,जब तक (1967) वे मरे नहीं।

ओपनहाइमर के सत्कर्मों ने ही उनकी मान मर्यादा लौटाई। वे अब दूसरे लोकवासी हो गए। ओपनहाइमर अपने उन शब्दों को याद कर रहे होंगे,जो उन्होंने जापान पर बम फोड़ने के वक्त पर कहा था। वे पंक्तियां ओपनहाइमर ने अपने प्रिय संस्कृत कवि भर्तृहरि के शतकत्रयम से लिया था : उज्जैन नरेश भर्तृहरि का विचार था कि "उनके हाथों युद्ध में,जंगल में,पहाड़ों की चट्टान पर, गहरे समुद्र में, भाले और बाणों के बीच में, नींद में, भ्रम में,शर्म की गहराई में,मनुष्य ने जो अच्छे कर्म किए हैं,वे उसकी रक्षा करते हैं।" हीरोशिमा और नागासाकी पर बम विस्फोट पर ओपनहाइमर ने याद किए गीता के श्लोक को : "दिवि सूर्यसहस्त्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता। यदि भाः सदृशी सा स्याध्दासस्तस्य महात्मन"।।12।। (आकाश में हजार सूर्यों की एक साथ उदय होने से उत्पन्न जो प्रकाश हो,वह भी उस विश्वरूप परमात्मा के प्रकार के सदृश कदाचित ही हो। अर्थात् इस विषादग्रस्त भौतिकशास्त्री को ख्याल हो गया था कि उनके हाथों कितना भयंकर,त्रासदपूर्ण कृत्य हुआ है। प्रारब्ध तो होना ही था। भोगा भी। ओपनहाइमर प्रारंभ से ही ऐसे अपार नरसंहार वाले शस्त्र के निर्माण का विरोध करते रहें। अंततः हिटलर और टोजों (जापानी प्रधानमंत्री) के विश्व साम्राज्य वाले सपने को नष्ट करने हेतु बम बनाने के लिए तैयार हुए। भगवत गीता के निष्णात ओपनहाइमर ने बम बनाने के बाद और जापान पर उसे फोड़ने के वक्त गीता के ग्यारहवें अध्याय के 32 वें श्लोक को सुनाया था कि : "मैं (भगवान कृष्ण) लोकों का नाश करने वाला बढ़ा हुआ काल हूं।" अर्जुन का उनसे प्रश्न था : "आप कौन हैं"?


के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

> नौ साल बाद राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने उन्हें सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उन्हें राजनीतिक पुनर्वास के संकेत के रूप में एनरिको फर्मी पुरस्कार के साथ नवाजा।

शायद ओपनहाइमर पर श्राप था,दो ध्वस्त जापानी शहरों की जनता का। त्रासदी की अनुभूति स्वयं उन्हें भी हो रही थी। अतः वे प्रारब्ध भुगतने हेतु विवश थे। इसीलिए वे जमकर सक्रिय विरोध करते रहे,जब राष्ट्रपति हैरी ट्रूमन ने परमाणु बम बनाने का आदेश दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति को खौफ था कि विश्वयुद्ध जीतकर सोवियत रूस अधिक विनाशकारी बम बनाएगा। विश्वव्यापी वर्चस्व बना लेगा,मगर विनाश की विभीषिका के आतंक से भयभीत ओपनहाइमर ने सरकार से सहयोग नहीं किया। तभी सिनेटर जोसेफ मैकार्थी का आविर्भाव हुआ। वे इतिहास में कम्युनिस्टों के उग्रतम विरोधी और सोवियत रूस के घोरतम शत्रु के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने ओपनहाइमर को सोवियत कम्युनिस्टों का यार करार दिया। तभी से इस भयातुर वैज्ञानिक की दुखगाथा शुरू हुई।

विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद,ओपेनहाइमर नवनिर्मित संयुक्त राज्य अमेरिका परमाणु ऊर्जा आयोग की प्रभावशाली जनरल एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष बने। उन्होंने परमाणु प्रसार को बाधित करने और सोवियत संघ के साथ परमाणु हथियारों की दौड़ को रोकने के लिए परमाणु ऊर्जा के अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण के लिए अपने पद का उपयोग किया। उनके स्पष्ट विचारों के लिए कई नेताओं की आलोचना के बाद,ओपनहाइमर की 1954 में एक फरेबी सुनवाई में शासकीय सुरक्षा गारंटी रद्द कर दी गई। आरोपी बनाया। प्रभावी रूप से उनकी प्रत्यक्ष राजनीतिक शक्ति को क्षीण कर दिया गया। तब भी उन्होंने भौतिकी में व्याख्यान,लेखन और काम करना जारी ही रखा।

नौ साल बाद राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने उन्हें सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उन्हें राजनीतिक पुनर्वास के संकेत के रूप में एनरिको फर्मी पुरस्कार के साथ नवाजा। ओपनहाइमर सदैव हाइड्रोजन बम के निर्माण के खिलाफ थे। उन्हें वर्षों तक सरकार द्वारा यातना पहुंचाने के बाद,समूचे अमेरिकी राष्ट्र ने उनके साथ सिनेटर मैकार्थी द्वारा किए अत्याचार का विरोध किया गया। जब उनके रूसी जासूस होने का कोई प्रमाण नहीं मिला,तो उन्हें दोषमुक्त किया गया, मगर तब तक ओपनहाइमर का निधन हो चुका था। ओपनहाइमर का दृष्टांत केरल के अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायण को पाकिस्तानी जासूस बताकर उत्पीड़ित करने के समान था। उच्चतम न्यायालय ने नारायण को निर्दोष करार दिया,मगर तब तक तीन दशक बीत चुके थे।


## सोशल फोरम

# रमादान या रमजान

परंपरा से भारतीय रमजान बोलते आये हैं। रमजान हमारे देश में ईरान से आया। मूल अरबी शब्द का उच्चारण "रमादान" से मिलता जुलता है। दोनों के प्रयोग सही हैं।

कुछ वर्ष पहले एक समाचार पत्र में 'सोशियो लिंग्विस्टिक्स' के एक प्राध्यापक रिजवान अहमद साहब का इस पर एक लेख आया था जिसमें उन्होंने कहा कि अपना नाम वे दो तरह से बोलते हैं,अरब देशों में "रिदवान" और भारत में "रिजवान"। उन्होंने यह भी लिखा है कि चाहे लिखने में हम लोग रमादान लिख लें,बोलने में हम रमजान ही बोलते हैं। शायद ही कोई कहते हों कि "अगले रमादान के पहले मैं आपसे मिलूंगा",वे प्रायः हमेशा कहते हैं,"अगले रमजान के पहले मैं आपसे मिलूंगा।"

> बढ़ी समृद्धि से सऊदी अरब ने दुनियाभर के मदरसों और भारत के मदरसों को भी आर्थिक मदद दी और उन मदरसों में फारसी रमजान या खुदा की जगह अरबी रमादान और अल्लाह के प्रयोग को सही बताया गया। उन मदरसों से पढ़े विद्वानों ने रमजान की जगह रमादान के प्रयोग को सही बताया और धीरे-धीरे यह प्रचलन में आ रहा है।


सचिदानंद सिंह
मुंबई

क्या रमादान का वह्हाबीवाद से कोई संबंध है? बिल्कुल नहीं,सिवा इसके कि मुहम्मद इब्न अब्द अल-वहाब अरब में पैदा हुआ था जहां रमादान बोला जाता है। पिछली सदी के सत्तर के दशक में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया था और अरब देशों की बढ़ी समृद्धि के चलते भारत से लाखों श्रमिक वहां गए और उनके मुंह से रमादान सुनते भारत आए।

बढ़ी समृद्धि से सऊदी अरब ने दुनियाभर के मदरसों और भारत के मदरसों को भी आर्थिक मदद दी और उन मदरसों में फारसी रमजान या खुदा की जगह अरबी रमादान और अल्लाह के प्रयोग को सही बताया गया। उन मदरसों से पढ़े विद्वानों ने रमजान की जगह रमादान के प्रयोग को सही बताया और धीरे-धीरे यह प्रचलन में आ रहा है।

-फेसबुक वॉल से

# नई शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा का वर्तमान और भविष्य

नई शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) में एक ऐसी भारतीय शिक्षा प्रणाली की संकल्पना की गई है,जो भारतीय परंपराओं, मूल्यों, लोकाचारों, संस्कारों का संरक्षण, तथा वर्तमान एवं भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करेगी। नई शिक्षा नीति-2020 छात्रों का सर्वांगीण विकास कर उनको वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाने एवं विकसित होने का समान अवसर प्रदान करती है। एनईपी भारत की मिडिल स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक ग्रामीण एवं शहरी दोनों में व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए ऐसी रूपरेखा तैयार की गई है,जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

एनईपी में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष महत्व दिया गया है,क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में छात्रों के लिए प्रारंभ से लेकर शिक्षा के अंतिम छोर तक नवीन प्रणाली का विकास किया गया है। जिसमें फाउंडेशनल एवं प्रीपेटरी स्तर पर बच्चों को इस तरह की शिक्षा और संस्कार देने का प्रावधान किया गया है जिससे उनके बचपन की नींव मजबूत हो सके। मिडिल एवं सेकेंडरी स्तर पर ऐसे विषयों का समावेश तथा चुनाव करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है जिससे छात्र तनावमुक्त रहें। उच्च शिक्षा स्तर पर छात्रों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार विषयों का चुनाव एवं आजीविका हेतु व्यावसायिक विषयों एवं प्रशिक्षण का चुनाव करने की व्यवस्था की गई है,जो छात्रों का सर्वांगीण विकास एवं आजीविका अर्जन हेतु सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगी। वर्तमान में नई शिक्षा नीति का मसौदा इस तरह से तैयार किया गया है कि पूर्व शिक्षा नीतियों में जो खामियां रह गई थीं उनमें संशोधन करके वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखते हुए नवीन और आशावादी दृष्टिकोण से संचालित एवं क्रियान्वित किए जाए,जो छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी एक स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सहायक होगी। एनईपी 21 वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है,जो 34 साल पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 का स्थान ग्रहण करती है। यह नीति सामान्य पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के मूलभूत स्तंभों पर निर्मित है। एनईपी शिक्षा के सतत विकास के 2030 एजेंडा के अनुरूप स्कूल एवं कॉलेज स्तर की शिक्षा को अधिक समृद्ध, लचीला, बहुउद्देशीय तथा आवश्यक बनाती है। शिक्षा को 21 वीं सदी की जरूरत के अनुकूल बनाना और छात्रों की अद्वितीय क्षमता को निखार कर सामने लाना एक जीवंत उदाहरण है।


डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है,क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है।

भारत में नई शिक्षा नीति 2020 को वैश्विक ज्ञान एवं महाशक्ति में बदलने का लक्ष्य रखा गया है। नई शिक्षा नीति 2020 का समाज पर भी सीधा एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हुए परिवर्तनों से विद्यार्थियों का पुनः समाजीकरण होगा जो उन्हें समाज में समायोजित करने में सहायक होगा। छात्रों में अपनी संस्कृति,सभ्यता,प्रथाओं परंपराओं एवं रीति-रिवाजों को सहेजने तथा उनके अनुरूप व्यवहार करने का गुण विकसित होगा और वह सामाजिक मूल्यों को ग्रहण करने में सक्षम हो सकेंगे जिससे सांस्कृतिक हस्तांतरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होगी। एनईपी 2020 विद्यार्थियों का समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करने में सहायक होगी जिससे उनमें सामाजिक गुणों का विकास होगा। इसीलिए कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एनईपी का प्रमुख उद्देश्य सभी वर्गों के छात्रों में दक्षता,वैज्ञानिक स्वभाव, सौंदर्यबोध,नैतिक तर्क,डिजिटल साक्षरता,भारतबोध और चेतना का विकास करना है। साथ ही राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की प्रमुख भारतीय भाषाओं को महत्व, पाठ्यक्रम को और अधिक गुणवत्ता युक्त,लचीला और मूल्यांकन परक करने की बात कही गई है। नई शिक्षा नीति भारतीय जीवन मूल्य पर आधारित होने के साथ ही भारतीय परंपराओं,संस्कृति एवं भाषाओं को प्रोत्साहन,पुनर्स्थापना एवं प्रचार-प्रसार पर बल देती है और यह आने वाले समय में भारत को समर्थ,गौरवशाली और आत्मनिर्भर बनाने की प्रमुख भूमिका निभाएगी। इसमें शिक्षा व्यवस्था के चार प्रमुख आयाम विद्यार्थी,अध्यापक,पाठ्यक्रम और ढांचागत सुविधाओं को रेखांकित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एनईपी में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी आमूलचूल परिवर्तन की बात पर विशेष बल दिया गया है। इसमें बहु विषयक विश्वविद्यालय की स्थापना तथा अंतर्विषयक शोध प्रमुख रूप से होंगे जिससे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का भविष्य सुनहरा,सुखमय और आशावादी होने की उम्मीद की जा सकती है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है,क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। जब देश में आर्थिक समृद्धि अधिक होगी तभी हमारी विधि,कृषि,चिकित्सा आदि क्षेत्रों में क्रांति लाई जा सकती है।

# बहुजनों के चमत्कारिक नेता कांशीराम

कांशीराम को बहुजन नायक तक के सफर में जो धुरी बनी,वो थी 1964 में तथागत बुद्ध व बाबा साहब अम्बेडकर की छुट्टियों को रद्द किया जाना। वे डी के खापर्डे और दीनाभाना छुट्टियों की बहाली के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।

इन्होंने बाबा साहब की लिखी पुस्तक 'जातिभेद का उच्छेद' पढ़ने को दी जिसे पढ़कर कांशीराम नाम की चिंगारी सुलगी और बहुजन राजनीति की नींव पड़ी। अगर वो घटना न घटी होती तो कांशीराम डीआरडीएल में अनुसंधान अधिकारी पद पर नियुक्त हुए रहते और पदोन्नति प्राप्त करते हुए सरकारी सेवा से मुक्त होकर,अन्य कर्मचारियों व अधिकारियों की तरह व्यक्तिगत अर्थव्यवस्था को जरूर मजबूत कर लेते,लेकिन भारत में उनके बहुजन राजनीतिक आंदोलन से जो परिवर्तन आया वो नहीं आया होता। वर्तमान में मान्यवर साहब जैसे करिश्माई नेताओं की कमी है। कांशीराम ने फुले,आंबेडकर, छत्रपति साहूजी महराज के विचारों को आगे कर राजनीति की जमीन हरी की और ऐसे लोग,जो हमेशा वोट बने रहे उनमें जनता के नेतृत्व करने की ललक पैदा की। मान्यवर कांशीराम ने सामाजिक स्थिति को राजनीति में उपकरण की तरह उपयोग किया जिनमें कुछ खोज कमाल के हैं। उन्होंने सचल आंबेडकर मेला, पूना समझौते की निंदा, दो पैरों और दो पहियों का कमाल सरीखे कार्यक्रम कर स्लोगन से वंचित तबकों तक अपना संदेश पहुंचाने में कामयाब रहे। आज भी कांशीराम साहब के विचारों पर चलकर राजनीति में बड़ा मुकाम बनाकर सत्ता तक पहुंचा जा सकता है।


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक



**चौथा रोजा**

शिया
सहरी : 04.41 बजे
इफ्तार : 06.25 बजे

सुन्नी
सहरी : 04. 51 बजे
इफ्तार : 06. 16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# गृहमंत्री अमित शाह के मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

## राष्ट्रपिता पर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अदालत से**



**अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गुरुवार को तलबी बहस नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 16 मार्च नियत की है।

मामले में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर : थाना क्षेत्र धम्मौर के भाईं पैमाइश करने गये लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले में वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट ने सफाई साक्ष्य के लिए 18 मार्च की तारीख नियत की है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गये तत्कालीन भांई लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 में धम्मौर थाने मे सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

### यौन अपराध के दो दोषियों को सजा

▸▸ **एक को पांच साल तो दूसरे को एक साल की हुई जेल**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर। संयुक्त निदेशक अभियोजन एवं मानीटरिंग सेल की सशक्त पैरवी के चलते पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पवन शर्मा ने गुरुवार को बल्दीराय थानाक्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व नौ साल की किशोरी के साथ छेड़छाड़ अपमानित करने तथा हत्या की धमकी देने के दोषी सतीश साहू को पांच साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी सतीश साहू पर छह हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया। वहीं, सह आरोपी सविता नन्दन को हत्या की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए एक साल की जेल व एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। एडीजीसी सीएल द्विवेदी के मुताबिक 19 जून 2020 को गांव से दूर आरोपी ने छेड़छाड व हत्या की धमकी दी थी पीड़िता के परिवार वालो की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेजा। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे का फैसला कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

### नौ आरोपियों के पर दर्ज होगा हत्या का मुकदमा

सुलतानपुर : कोर्ट के आदेश पर कोतवाली अमेठी के मोहल्ला गंगागंज सरवनपुर निवासी फातिमा पत्नी रहमान की याचिका पर गांव के ही रियाजुद्दीन, रिंकू, आजम, नारायण समेत नौ लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने का आदेश अमेठी कोतवाल को दिया है। वादी के वकील राजकुमार गौड़ के मुताबिक फातिमा के लड़के अमन का आरोपी रिंकू से फल खरीदने को लेकर विवाद हुआ था। एक अगस्त 2023 को वादी के लडके अमन को आरोपी रियाजुद्दीन मछली पकड़ने को ले गया था। कोलवा ठेंगडा नदी के पास आरोपियों ने अमन की मारपीट कर हत्या कर दी और नदी में उसकी लाश फेंक दी। कारवाई न होने पर कोर्ट की शरण लेने पर सीजेएम बटेश्वर कुमार ने कोतवाल अमेठी को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने और अनुपालन आख्या सात दिन में भेजने का आदेश दिया है।

**एक नजर**

### सेशन कोर्ट ने लोअर कोर्ट के आदेश को किया बहाल

सुलतानपुर, अमृत विचार : अमेठी जिले के गौरीगंज थाने के चतुरीपुर गांव से निवासी राजबहादुर के खिलाफ वन विभाग ने सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर किया था। आरोप था कि 10 जनवरी 2017 को आरोपी के कब्जे से 6343 कछुए बरामद किया गया था। विभाग के अधिवक्ता एमपी त्रिपाठी ने बताया कि 17 अप्रैल 2019 को सीजेएम ने आरोपी राज बहादुर को 3 वर्ष व 20 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई थी। सजा के खिलाफ आरोपी ने सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी। अपर जिला जज अभय श्रीवास्तव ने अपील खारिज कर सजा बहाल कर दी।

### नवागंतुक बीईओ का शिक्षकों ने किया स्वागत

सुलतानपुर, अमृत विचार : नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी कुड़वार सुधीर सिंह ने गुरुवार को कुड़वार में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि विकास क्षेत्र कुड़वार को निपुण विकास क्षेत्र बनाने में शिक्षकों का सहयोग लिया जाएगा। सूचनाओं का समय से निष्पादन प्राथमिकता पर होगी। शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के स्थानीय इकाई के अध्यक्ष केके सिंह, मंत्री देशराज, मनोज कुमार मौर्या, धनंजय कुमार, फूलचन्द्र, संजय कुमार व निजाम खां आदि मौजूद रहे।

### दीपक बने किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर

सुलतानपुर, अमृत विचार : कादीपुर तहसील के सरायरानी गांव के निवासी युवा नेता दीपक त्रिपाठी को ऑल इंडिया नेशनल किसान कांग्रेस का जॉइन कोऑर्डिनेटर मनोनीत किया गया। दीपक त्रिपाठी को मिली नई जिम्मेदारी पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बधाई दी। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह, वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, सुब्रत सिंह सनी, डीसी पांडेय आदि ने दीपक त्रिपाठी को मिली नई जिम्मेदारी पर बधाई दी।

# 16 से होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

## यूपी बोर्ड: सीसीटीवी की निगरानी में होगी कॉपियों की जांच, मूल्यांकन के लिए बनाए गए चार केंद्र

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से जिले के चार केंद्रों पर होगा। इसमें दो पर हाईस्कूल तो दो केंद्र पर इंटरमीडिएट की कॉपियों की मूल्यांकन होगा। बोर्ड से केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच रही है, जिसे कोठार में सुरक्षा व्यवस्था में रखवा दिया गया है। सीसीटीवी की निगरानी में कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

बोर्ड परीक्षा के समापन के बाद से ही मूल्यांकन की तैयारियों में महकमा जुटा हैं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से शुरू होकर 31 मार्च तक चलेगा। सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक मूल्यांकन के लिए समय निर्धारित किया गया है। इंटरमीडिएट

> मूल्यांकन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। सीसीटीवी क्रियाशील है। चारों केंद्रों पर 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था मुकम्मल की गई हैं। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित है। परीक्षकों को परिचय पत्र दिए जा रहे हैं। जिसके बिना उनका भी प्रवेश केंद्र के अंदर नहीं होगा। -**रविशंकर,** जिला विद्यालय निरीक्षक सुलतानपुर

की कॉपियों का मूल्यांकन शहर के राजकीय इंटर कॉलेज व महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज उतुरी में होगा। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाएं केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और नेशनल इंटर कॉलेज कादीपुर में जांची जाएंगी। डीआईओएस कार्यालय के परीक्षा पटल प्रभारी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि बोर्ड से केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच रही हैं। अभी परीक्षकों



जीआईसी में पहुंची यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाएं।

की ड्यूटी लगाई जा रही है। कितने परीक्षक किन किन केंद्रों पर होंगे, इसकी सही जानकारी शुक्रवार तक ही हो पाएगी।

### की जाएगी ऑनलाइन मानिटरिंग

परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि जीआईसी में बनाए गए आनलाइन मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से मूल्यांकन के समय लगातार निगरानी की जाएगी। चारों मूल्यांकन केंद्रों को यहां से जोड़ा गया हैं। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम को सीधे प्रयागराज से जोड़ा गया है, जहां से मानिटरिंग की जा सकती है।

### सीसीटीवी की निगरानी में होगा मूल्यांकन

उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सीसीटीवी की निगरानी में होगी। एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ल ने बताया कि मूल्यांकन केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए गए हैं। जीआईसी में मेडिकल ऑफिसर डा. अमरजीत मौर्य, महाराणा उतुरी में डा. आयुष सोमवंशी, केशकुमारी में अम्बरीश कुमार व एनआईसी में प्रकाश चंद्र त्रिपाठी को स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

# डिप्टी सीएमओ ने सील किया अवैध क्लीनिक

लंभुआ, सुलतानपुर

**कार्रवाई**

▸▸ **कई बार शिकायत मिलने पर की थी छापेमारी**

**अमृत विचार:** लंभुआ नगर पंचायत के दियरा रोड पर स्थित अवैध रूप से संचालित अंशिका बाल क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने क्लीनिक संचालक से क्लीनिक के दस्तावेज मांगे गए तो संचालक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। इसके बाद अस्पताल को सील कर दिया गया। अस्पताल में भर्ती किए गए सभी मरीजों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल शिफ्ट किया गया।

डिप्टी सीएमओ डीबी पाठक ने बताया कि इस क्लीनिक की कई बार शिकायत की गई थी, शिकायत पर आज अंशिका बाल क्लीनिक पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान क्लीनिक संचालक के पास कोई वैध दस्तावेज न होने के कारण अस्पताल को सील कर दिए गया है। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर राघवेंद्र सिंह, लंभुआ थाने के उपनिरीक्षक जसवीर सिंह मय पुलिस के साथ उपस्थित रहे।

# ज्यूडशरी ट्रांसफर पर वकीलों का गुस्सा बढ़ा

● **बार अध्यक्ष ने हड़ताल के पालन को 14 सदस्यीय संघर्ष टीम गठित की**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** कादीपुर की कोर्ट में अखंडनगर और कादीपुर थानों से संबंधित चालानी और परिवाद के मुकदमों को ट्रांसफर किए जाने का मामला तूल पकड़ लिया है। आंदोलित अधिवक्ताओं की गुरुवार को हुई बैठक के बाद हड़ताल का कठोरता से पालन करने की बात कहते हुए शुक्रवार को हड़ताल जारी रखने का एलान किया।

अध्यक्ष अरविंद पांडेय ने प्रस्ताव पारित कर 14 सदस्यीय संघर्ष समिति बनाकर हड़ताल को कड़ाई से पालन करने की बात कही। बार अध्यक्ष ने कहा कोई भी वकील दीवानी न्यायालय में प्रवेश नहीं करेगा तथा कोई भी कम्प्यूटर विभाग में प्रार्थनापत्र नहीं डालेगा। यदि कोई ऐसा करता पाया गया तो एक हजार रुपए अर्थदण्ड लगाया जायेगा। उसकी सदस्यता रद्द की जायेगी। बुधवार को बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय व महासचिव आर्तमणि मिश्र की अगुवाई में वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में प्रशासनिक न्यायमूर्ति मनीष कुमार से मुलाकात के बाद गुरुवार को साधारण सभा की बैठक बुलाई। वकीलों की बैठक के चलते गुरुवार को भी न्यायिक कार्य ठप रहा। बैठक में पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, नागेंद्र सिंह, रामविशाल तिवारी, रमाशंकर पांडेय, बद्री प्रसाद पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याभूषण पांडेय, मीडिया प्रभारी अशोक शुक्ल आदि मौजूद रहे।



दीवानी संघ भवन में आयोजित बैठक को संबोधित करते अधिवक्ता। अमृत विचार

# एसडीओ की लाइनमैन ने की पिटाई, क्रॉस केस

गोसाईंगंज, सुलतानपुर

**अमृत, विचार:** केएनआई उपखंड में तैनात एसडीओ और संविदा लाइनमैन के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

केएनआई उपखण्ड में तैनात एसडीओ कुमार विकल्प ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह बुधवार को रसूलपुर पर राजस्व वसूली का कार्य कर रहे थे। इस बीच ग्रामीणों ने बताया संविदा लाइनमैन द्वारा अवैध तरीके से विद्युत की आपूर्ति की जा रही है। एसडीओ ने रामदासपुर गांव जाकर फरीदीपुर उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मचारी प्रदीप सिंह से पूछताछ की। आरोप है कि संविदा कर्मचारी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उपखंड अधिकारी के साथ मारपीट की। उधर, संविदा लाइनमैन ने मारपीट का आरोप लगाते हुए गोसाईंगंज पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण करवाकर मामले में केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया दोनों पक्ष के तहरीर के आधार पर केस दर्जकर जांच की जा रही है।

**सार-संक्षेप**

### ब्लॉक प्रमुख ने किया श्री अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार : विकासखंड प्रतापपुर कमैचा के अंधियारी गांव में अन्नपूर्णा मॉडल शॉप भवन का लोकार्पण ब्लॉक प्रमुख सुषमा जयसवाल ने किया। श्रीमती जयसवाल ने बताया कि अन्नपूर्णा मॉडल शॉप से भविष्य में जन सुविधा केंद्र की सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने कहा कि पांच किलोग्राम वाले एलपीजी सिलिंडर, ई-स्टांप, अग्निशमन यंत्र, आय, जाति, निवास, माइक्रो एटीएम, बीसी सखी आदि की सेवाएं भी मिलेंगी। कार्डधारकों को एक स्थान पर कई तरह की सुविधा देने की तैयारी है। पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक साथ लोकार्पण किया है। खंड विकास अधिकारी देवनायक सिंह ने बताया कि एक उचित मूल्य की दुकान का भवन बनाने में लगभग 8 .65 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लोकर्पण मौक़े पर ग्राम प्रधान कलहूराम, राजेश मिश्रा, लालसिंह, गुड्डू उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण करते ब्लॉक प्रमुख।

### पुलिस की क्लीन चिट रिपोर्ट रद, विवेचना का आदेश

सुलतानपुर, अमृत विचार : गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में सात साल पूर्व अनुसूचित जाति की महिला से दुराचार और गाली गलौज कर अपमानित करने के मामले में दाखिल पुलिस की फाइनल रिपोर्ट को विशेष न्यायाधीश त्रिभुवन नाथ पासवान ने निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने विवेचक को मामले में फिर से विवेचना करने का आदेश दिया है। थाना क्षेत्र की एक अनुसूचित जाति की महिला से सामूहिक दुराचार के आरोप में भरथीपुर निवासी विजय शंकर पांडेय और आदर्श उर्फ लल्ला मिश्र पर 20 अगस्त 2017 को सामूहिक दुराचार करने के आरोप में पीड़िता के परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपियों को क्लीन चिट देते हुए मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट दाखिल कर दी थी, जिसे अधिवक्ता अजीजुर्रहमान के जरिए पीड़ित पक्ष ने चुनौती दी थी। न्यायालय ने तर्कों के आधार पर पुलिस की फाइनल रिपोर्ट रद्द कर मामले में दोबारा विवेचना करने का आदेश दिया है।

### हाईकोर्ट का आदेश, 10 दिन में हों अस्पताल में सारी सुविधाएं

सुलतानपुर, अमृत विचार : जिले के जयसिंहपुर तहसील में संचालित सौ बेड के अस्पताल की अव्यवस्था लेकर स्थानीय अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल की थी। दाखिल पीआईएल पर हाईकोर्ट के जज ने आठ अप्रैल को सभी सुविधाएं संचालित कर जानकारी मांगी है। स्थानीय तहसील के दोस्तपुर थाना क्षेत्र निवासी ग्राम खानीपुर हाईकोर्ट अधिवक्ता आशुतोष सिंह ने लखनऊ हाईकोर्ट में सार्वजनिक हित याचिका दायर किया था। दायर याचिका में कहा था कि बिरसिंहपुर स्थित सौ बेड के अस्पताल में अव्यवस्था है। कुछ चिकित्सीय उपकरण है। जो कर्मियों के अभाव में नही संचालित नहीं हो पा रहा है। चिकित्सकों की कमी से अस्पताल सही ढंग से संचालित नहीं हो पा रहा है। जिस पर हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव को 10 दिन का समय देते हुए सभी सुविधा बहाल करवा जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही सुनवाई की अगली तारीख 8 अप्रैल तय किया है।

### ट्रेन से कटकर युवक की हुई मौत

गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के चीनी मिल के पास संजय कुमार (33) पुत्र शंभू नाथ निवासी बेलवारे थाना दोस्तपुर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उपनिरीक्षक गुलाब पाल शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन बताते हैं कि संजय नशे का आदी था। उसे मना करने पर भी नहीं मानता था।

### मतदाता कार्यशाला दिवस के अवसर निकाली गई रैली

गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : मतदाता कार्यशाला दिवस के अवसर पर इंटरमीडिएट कॉलेज नटौली की ओर से रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए कॉलेज के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में रैली आयोजित कर कॉलेज प्रांगण से किठावां, राय पट्टी, मानापट्टी होते हुए खरसोमा बाजार तक लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक उपाध्याय, समस्त अध्यापक व कर्मचारी गण एवं विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी।

# चोरों ने घर से लाखों के जेवरात व नकदी चुराई

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार:** बुधवार की रात लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के मझूई लाल का पूरा गांव में राम लौट यादव के घर को चोरों ने निशाना बनाया और लाखों के जेवरात तथा नगदी चुराकर फरार हो गए। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के मझूई गांव में बुधवार की देर रात राम लौट यादव के घर में चोर घुस गए और लाखों के जेवरात, दस हजार रुपए नगदी तथा अन्य आवश्यक सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब लोग सो कर उठे तो देखे कि घर में सामान बिखरा पड़ा है और घर के पीछे स्थित खेत में कमरे में रखी अलमारी मिली। लेकिन उसमें कोई सामान मौजूद नहीं था। घर वाले यह सब देखकर दंग रह गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर तहकीकात शुरू की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। अभी हाल ही में मदनपुर तथा लंभुआ में हुई आधा दर्जन चोरियों का भी पुलिस खुलासा करने में नाकाम रही है। नए कोतवाली इंचार्ज अखंड देव मिश्रा को चोर खुलेआम चैलेंज कर रहे हैं। लेकिन पुलिस को अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी। कोतवाली इंचार्ज ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# हैंडबॉल में अयोध्या मंडल को मिला रजत

सुलतानपुर, अमृत विचार: 11 से 13 मार्च तक झांसी में आयोजित राज्य स्तरीय पुरुष आमंत्रण हैंडबॉल प्रतियोगिता में सुलतानपुर के 9 खिलाड़ियों ने अयोध्या मंडल की तरफ से प्रतिभाग किया तथा प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में सुल्तानपुर के आशिफ खान को अयोध्या मंडल टीम का कप्तान बनाया गया था। इन सभी खिलाड़ियों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया तथा रजत पदक हासिल किया। इनमें आशिफ खान, कृष्णा सिंह, सुमित गौड़, रजनीश यादव, विजय यादव, मो. कामरान, जय सिंह, रामानंद तिवारी, शुभम चौहान शामिल रहे। सुलतानपुर के हैंडबॉल कोच प्रवीण मिश्रा ने बताया कि सभी खिलाड़ी सुलतानपुर के है।

# मोदी की गारंटी बदल रही देश की तस्वीर

● **प्रत्येक बूथ जीतना लक्ष्य, 370 वोट जोड़ें कार्यकर्ता : अमर पाल मौर्या**

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** भाजपा ने जो कहा उसको पूरा किया है। पीएम मोदी हर गारंटी को पूरी करने की गारंटी हैं। प्रत्येक बूथ पर 370 वोट और अपने पक्ष में जोड़ना है। मोदी की गारंटी देश की तस्वीर और तकदीर बदल रही है। यह बातें मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य, काशी क्षेत्र प्रभारी व प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य ने भाजपा जिला कार्यालय पर विभिन्न बैठकों में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कही।

उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित विभिन्न बैठकों के माध्यम से अभियानों की समीक्षा की। उन्होंने कहा लोकसभा के सभी पोलिंग स्टेशनों पर 22 /23 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करे। प्रदेश महामंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से 50 दिन के कार्यों का एजेंडा बनाने को कहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा हर बूथ को जीतना लक्ष्य है, इस रणनीति बनाकर काम करे। इस मौके पर मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, सुशील त्रिपाठी, डॉ एमपी सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, राजेश गौतम, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पांडेय, पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, बबिता तिवारी, चन्दन नारायण सिंह, संजय सिंह त्रिलोकचंदी आदि रहे।



भाजपा की बैठक में शामिल पदाधिकारीगण। अमृत विचार

**आयोजन** विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया लोकसभा चुनाव के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम

# मतदान कार्मिकों को मिले मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी : डीएम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डीएम ने कहा कि निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए मास्टर ट्रेनर्स सभी मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित करते हुए पूरे मतदान प्रक्रिया की जानकारी दे। सभी मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को ईवीएम पर हैंडसआन करने का अधिक से अधिक अवसर दें, जिससे मतदान दिवस में ईवीएम कनेक्शन, सीलिंग व मॉक पोल की प्रक्रिया को आसानी से वे कर सकें। सीडीओ अंकुर कौशिक ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर तैयार की गई पीपीटी को बारीकी से देख लें, जिससे मतदान दिवस में मतदान को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। वही एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ल ने मतपत्र लेखा व पीठासीन डायरी भरने की बारीकियों पर जानकारी दी। डीडीओ अजय कुमार पांडेय ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल से लेकर मतदेय स्थल तक पहुंचने पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी पोलिंग पार्टी निर्धारित वाहन से ही मतदान केंद्र पर जायेंगे। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा संतोष गुप्ता ने पीठासीन अधिकारी रिपोर्ट भाग 1 से लेकर भाग 5 तक के प्रपत्रों पर विस्तार से चर्चा की। स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पाण्डेय ने बताया कि माकपोल के पश्चात सीयू को अनिवार्य रूप से क्लियर करेंगे और वीवीपैट के ड्राप बाक्स से मॉक पोल की पर्ची निकाल कर काले लिफाफे में सील करेंगे। मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली पर अमिट स्याही लगाई जाएगी। स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने 49 ओ, 49 एम, टेंडर वोट, चैनल वोट पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि पीठासीन अधिकारी को पूरी चुनाव प्रक्रिया का नेतृत्व करना है। उन्होंने मतदाता पर्ची, मतदाता रजिस्टर के प्रारूप को भरकर डेमो भी दिया। स्टेट मास्टर ट्रेनर संतराम यादव ने मतदान के दौरान आने वाली दिक्कतों पर प्रतिभागियों से चर्चा कर निदान के उपाय बताए। प्रशिक्षण की व्यवस्था देख रहे डॉ. जनार्दन राय ने बताया कि इस प्रशिक्षण में कुल 80 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण में रणवीर सिंह, संजीव द्विवेदी, रणधीर सिंह, अकबाल खां, प्रदीप भार्गव, सुनील बरनवाल, हरिओम त्रिपाठी, शैलेश मौर्य, शरद चतुर्वेदी, शैलेश चतुर्वेदी, शशांक सिंह, एन.पी. सिंह, संजय मिश्रा, वदीयत उल्ला, दिलीप शर्मा, अजय सरोज, संतोष वर्मा, प्रदीप सिंह, राजेश सिंह, राम किशोर, धवल प्रकाश आदि ने सहयोग किया।




निर्वाचन कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना व अन्य।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर**

पत्रांक: 1128/ न0पा0परि0सुल0/2023-24 दिनांक: 14 मार्च 2024

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024- 2025 के लिए टैक्सी, टैम्पो पार्किंग शुल्क (संयुक्त) की वसूली के ठेकों हेतु ई-निविदा दिनांक 14.03. 2024 से दिनांक 21.03. 2024 तक आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 22.03. 2024 को अपराहन 3.00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://www.etender.up.nic.in से डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है एवं अन्य नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सम्बन्धित पटल से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

**अध्यक्ष** नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

# लखनऊ की बैठक में तय होगा डुमरियागंज से सपा का उम्मीदवार

सिद्धार्थनगर कार्यालय

लोकसभा चुनाव

▶▶ पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के नाम पर चल रही चर्चा



**अमृत विचारः** लोकसभा 2024 में डुमरियागंज संसदीय सीट का समीकरण कुछ अलग ही तरह के महासंग्राम की और है। गठबंधन के नेताओं के बीच तय हो गया है कि डुमरियागंज संसदीय सीट पर समाजवादी पार्टी का ही उम्मीदवार चुनाव लड़ेगा। इसके बाद यहां सपा की चुनावी सरगर्मी तेज हो गई हैं। भाजपा को शिकस्त देने के लिए नए और सशक्त उम्मीदवार की तलाश शुरू हो गई है। नए हालात में यहां से चिल्लूपार (गोरखपुर) के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी को उतारने के लिए सपा मन बना रही है। बता दें कि विनय शंकर तिवारी पूर्वांचल के सबसे प्रभावशाली ब्राह्मण नेता रहे स्व. हरिशंकर तिवारी के पुत्र हैं और 2007 में जिले के बांसी सीट से चुनाव भी लड़ चुके हैं।

बताया जाता है कि समाजवादी पार्टी के प्रांतीय नेतृत्व ने सिद्धार्थनगर के खास-खास पार्टी नेताओं को लखनऊ बुलाकर उनकी राय ली है। अभी यह तो पता नहीं चल सका है कि जिले के सपा नेताओं ने प्रदेश आलाकमान के सामने क्या राय रखी लेकिन इतना तय है कि समाजवादी पार्टी ने डुमरियागंज सीट से विनय शंकर तिवारी को उतारने के विषय में राय जानने के लिए ही नेताओं को बुलाया था। भरोसेमंद सूत्र बताते है कि सपा इस सीट पर जिले के नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय को चुनाव में उतारने का मन बना चुकी थी लेकिन कुछ वरिष्ठ नेताओं ने उनकी बढ़ती उम्र के कारण उनकी जगह किसी अन्य ब्राह्मण नेता को उतारने की राय दी। इसी विमर्श के दौरान विनय शंकर तिवारी का नाम चर्चा में आया और इसी संदर्भ में लखनऊ में मीटिंग हुई। हालांकि, इसे लेकर कांग्रेस के एक बड़े नेता भी सपा के टिकट के प्रयास में हैं, मगर विनय शंकर तिवारी के नाम पर स्वयं अखिलेश भी राजी बताए जाते हैं। सूत्र कहते हैं कि खुद माता प्रसाद पांडेय भी इसी से सहमत हैं। बता दें कि डुमरियागंज संसदीय सीट से विपक्ष का टिकट फाइनल न हो पाने के कारण कई सियासी उलझनें रहीं। पहले यह सीट सपा को मिली थी। फिर बसपा सुप्रीमो मायावती से भी गठबंधन होने की आशा में यहां से दोनों दलों के टिकट की घोषणा रोक दी गई, मगर उनसे गठबंधन न हो पाने पर यह सीट फाइनल रूप से सपा के खाते में गई है।

### सपा के लिए मुफीद है समीकरण

डुमरियागंज संसदीय सीट का जातीय समीकरण वर्तमान में सपा के लिए बेहद मुफीद है। यहा 26 फीसदी मुस्लिम और 10 यादव मतदाता हैं जो सपा के पक्ष में एकजुट हैं। इसमें 5 फीसदी ब्राह्मण मत जोड़ देने से यह संख्या 41 फीसदी हो जाती है। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग से कम से कम 5 फीसदी वोट सपा को मिलते ही हैं। कुछ प्रतिशत कांग्रेस के परंपरागत वोट हैं जो गठबंधन के चलते सपा को ही मिलेंगे। ऐसे में सपा के ब्राह्मण प्रत्याशी की ताकत यहां अजेय हो जाती है। बशर्ते वह अपना सजातीय मत खींच कर ला सके। स्व. हरिशंकर तिवारी जैसे प्रतिष्ठित राजनेता के परिवार का सदस्य यह आसानी से कर सकता है। इस पर बहुत से लोग सहमत हैं।

### अखिलेश लेंगे फैसला

सपा विधायक सैयदा खातून ने पुष्टि करते हुए बताया की लखनऊ की बैठक में उम्मीदवार के विषय में जिले के नेताओं की राय मांगी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी की राय को ध्यान से सुना। अब उन्हीं को फैसला लेना है की उम्मीदवार कौन होगा? आशा है की एक-दो दिन में इसकी घोषणा हो जाएगी।



### चौथा रोजा

**शिया**
सहरी : 05 .15 बजे
इफ्तार : 06 .21 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04 .54 बजे
इफ्तार : 06 .07 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### पैग़ाम ए रमज़ान

कर के तौबा आज ही से हर बुराई छोड़ दें, मिलके रहना सीख लें, झगड़ा- लड़ाई छोड़ दें। रोजेदारों माह ए रमजां का यही पैगाम है, झूठ, चुग़ली, बेईमानी, बेहयाई छोड़ दें।।
नियाज कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर

# कठिन समय पर ही दिखाई देता है महिलाओं का सामर्थ्य: सौम्या

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हुए समारोह में बोलीं पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक

संवाददाता, गोरखपुर



समारोह का उद्घाटन करतीं पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर व मौजूद अन्य।

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महाप्रबंधक,पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर के मुख्य आतिथ्य में रेलवे प्रेक्षागृह,गोरखपुर में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन महाप्रबंधक ने किया। इस अवसर पर दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के राजनीति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता पाठक, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. लक्ष्मी गुंजियाल, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन अवधेश कुमार, महाप्रबंधक के सचिव आनंद ऋषि श्रीवास्तव, विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी, महिला सशक्तिकरण समिति की पदाधिकारी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति एसोसिएशन के अध्यक्ष बच्चू लाल व अन्य महिला रेलकर्मी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कला समिति के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि हम महिलाओं की शक्ति व काबिलियत को सेलिब्रेट करते हैं। महिला को शक्ति का स्वरूप माना जाता है। महिलाओं के जीवन में कठिनाई आने पर कैसे उनका सामना किया जाए, इससे महिलाओं को अवगत होना चाहिए। जब तक किसी महिला के सामने कठिन समय नहीं आता, उसकी शक्ति, सामार्थ्य व क्षमता नहीं दिखाई देती। कार्यक्रम में कला समिति की कलाकार मीरा सिकदर ने नारी की व्यथा व स्थिति पर आधारित कविता का नाट्य रूपान्तरण 'मैं ही वह लड़की हूं' की मार्मिक प्रस्तुति कीं गईं। संचालन महिला सशक्तिकरण समिति की अध्यक्ष रचना श्रीवास्तव ने किया। स्वागत संबोधन समिति की पदाधिकारी रीता श्रीवास्तव ने किया। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### उरई व पुखरायां स्टेशन पर दिया ट्रेनों का ठहराव

गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर 2 मिनट का ठहराव उत्तर-मध्य रेलवे के उरई व पुखरायां स्टेशनों पर दिया है। लखनऊ जंक्शन से 16 मार्च से चलने वाली 12593 लखनऊ जंक्शन-भोपाल एक्सप्रेस उरई स्टेशन पर 02 .02 बजे पहुंचकर 02 .04 बजे प्रस्थान करेगी। भोपाल से 17 मार्च से चलने वाली 12594 भोपाल-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस उरई स्टेशन पर 04 .58 बजे पहुंचकर 05 .00 बजे प्रस्थान करेगी। गोरखपुर से 20 मार्च से चलने वाली 15067 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस पोखरायां स्टेशन पर 16 .58 बजे पहुंचकर 05 .00 बजे प्रस्थान करेगी। बांद्रा टर्मिनस से 15 मार्च से चलने वाली 15068 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस पुखरायां स्टेशन पर 02 .01 बजे पहुंचकर 02 .03 बजे प्रस्थान करेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 14 मार्च से चलने वाली 11079 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस पुखरायां स्टेशन पर 11 .14 बजे पहुंचकर 11 .16 बजे प्रस्थान करेगी। गोरखपुर से 16 मार्च, 2024 से चलने वाली 11080 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 17 .00 बजे प्रस्थान करेगी।

### एक नजर

#### आज मुख्यमंत्री सिद्धार्थनगर में



**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को जनपद में रहेंगे। वह अशोक मार्ग स्थित बीएसए ग्राउंड में एक जनसभा के दौरान 19 सौ करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री का हवाई जहाज करीब 12 :00 बजे पुलिस लाइन में लैंड करेगा। वहां से सीएम बीएसए ग्राउंड पहुंचेगे। वह 551 विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे जिसकी लागत 1900 करोड़ रुपये है। उनके आगमन को लेकर शासन- प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने बताया कि अब तक के इतिहास में जनपद के लिए यह बहुत बड़ी सौगात है। इससे जनपद में विकास की धारा बहेगी।

#### 6 बांग्लादेशी नाकरिक पकड़े गए

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा के ककरहवा बॉर्डर पर गुरुवार सुबह 9 बांग्लादेशी नागरिक दबोचे गए। समाचार लिखे जाने तक सभी के कागजातों की जांच की जा रही थ्ही। बताया जाता है कि यह बांग्लादेशी नागरिक बौद्ध धर्म के मानने वाले हैं और पिपरहवा आकर बौद्ध दर्शन करना उनका उद्देश्य था। पकड़े गए नागरिकों में 6 पुरुष व तीन महिलाएं है। बता दें कि खुला बॉर्डर होने के कारण कई बार इस तरह की घटनाएं घट चुकी हैं। इसलिए, सीमा पर तैनात जवान सख्ती बरत रहे और रूटीन चेकिंग करते रहते हैं।

# ट्रेनों का 2 मिनट का दिया गया प्रायोगिक ठहराव

**गोरखपुर, अमृत विचारः** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए 12320/12319 ग्वालियर-कोलकाता-ग्वालियर एक्सपे्रस का प्रायोगिक आधार पर 2 मिनट का ठहराव पूर्वोत्तर रेलवे के कन्नौज स्टेशन पर किया है। ग्वलियर से 14 मार्च को चलने वाली 12320 ग्वालियर-कोलकाता एक्सप्रेस कन्नौज स्टेशन पर 23.02 बजे पहुंचकर 23.04 बजे प्रस्थान कर रही है। कोलकाता से 20 मार्च से चलने वाली 12319 कोलकाता-ग्वालियर एक्सपे्रस कन्नौज स्टेशन पर 04.14 बजे पहुंचकर 04.16 बजे प्रस्थान करेगी। 14863/14864 वाराणसी सिटी-जोधपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस का प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का ठहराव मुसाफिर खाना स्टेशन पर किया गया है। वाराणसी सिटी से 15 मार्च से चलने वाली 14863 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस मुसाफिरखाना स्टेशन पर 20.58 बजे पहुंचकर 21.00 बजे प्रस्थान करेगी। जोधपुर से 15 मार्च से चलने वाली 14864 जोधपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस मुसाफिरखाना स्टेशन पर 03.06 बजे पहुंचकर 03.08 बजे प्रस्थान करेगी। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# होली पर चलाई जाएगी स्पेशल ट्रेन

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने होली पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 09111/09112 बड़ोदरा-गोरखपुर-बड़ोदरा होली सुपरफास्ट विशेष गाड़ी का संचलन करने का निर्णय लिया से बड़ोदरा से 18 मार्च को व गोरखपुर से 20 मार्च को एक फेरे के लिए इसका संचालन होगा।

09111 बड़ोदरा-गोरखपुर होली सुपरफास्ट विशेष गाड़ी 18 मार्च, 2024 दिन सोमवार को बड़ोदरा से 19.00 बजे प्रस्थान कर गोधरा 20.10 बजे, रतलाम से 22.45 बजे, दूसरे दिन कोटा से 02.10 बजे, सवाई माधोपुर से 03.20 बजे, गंगापुर सिटी से 04.15 बजे, भरतपुर से 06.10 बजे, आगरा फोर्ट से 07.50 बजे, टुण्डला से 09.25 बजे, शिकोहाबाद से 10.02 बजे, मैनपुरी जं. 11.05 बजे, फर्रूखाबाद से 12.50 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 16.20 बजे, लखनऊ से 18.30 बजे, बाराबंकी से 19.15 बजे, गोण्डा से 20.40 बजे तथा बस्ती से 22.10 बजे छूटकर गोरखपुर 23.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 09112 गोरखपुर-बड़ोहरा होली सुपरफास्ट विशेष गाड़ी 20 मार्च, 2024 दिन बुधवार को गोरखपुर से 05.00 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 06.07 बजे, गोंडा से 07.30 बजे, बाराबंकी से 09.00 बजे, लखनऊ से 10.40 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 12.25 बजे, फर्रूखाबाद से 15.10 बजे, मैनपुरी जं. 16.37 बजे, शिकोहाबाद से 17.49 बजे, टुण्डला से 19.05 बजे, आगरा फोर्ट से 20.10 बजे,दूसरे दिन कोटा से 00.35 बजे, व गोधरा से 07.17 बजे छूटकर वड़ोदरा 08.35 बजे पहुंचेगी।

### यात्रियों को होगी सुविधा

रेलवे प्रशासन ने होली पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए 09195/09196 बड़ोदरा-मऊ-बड़ोदरा होली सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन वड़ोदरा से 23 व 30 मार्चतथा मऊ से 24 व 31 मार्च को दो फेरों में करने का निर्णय लिया है। इससे यात्रियों को सुविधा होगी।

### सार-संक्षेप

#### युवाओं से किया एकजुटता का आह्वान



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की इकाई नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान मे गुरुवार को जिलास्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य राम केवल शर्मा की अध्यक्षता मे सदर ब्लॉक स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, तेतरी बाजार मे किया गया। मुख्य अथिति नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गोविंद माधव व विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री विजय कांत चतुर्वेदी रहे। प्रथम सत्र में जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव ने अपने उद्बोधन के साथ पड़ोस युवा संसद के प्रथम कड़ी संवाद के साथ बुनियादी रूपरेखा युवाओं से साझा की। युवाओं में देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र का स्वरूप देने के संकल्प के साथ उन्हें जोड़ने को संवाद का आयोजन किया गया।

#### विकसित भारत के लिए भरे संकल्प पत्र


कार्यक्रम में अधेड़ को सम्मानित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** गुरुवार को नगर पंचायत उसका बाजार अंतर्गत परसा गौशाला में भारतीय जनता पार्टी की प्रचार वैन पहुंची। स्थानीय लोगों ने केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार के कार्यों की सराहना की। 2024 में उन्नत व श्रेष्ठ भारत के लिए भाजपा की पूर्ण बहुमत सरकार बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया और विकसित भारत के लिए संकल्प पत्र भराए गए। इस दौरान संजय श्रीवास्तव, चंद्रगुप्त जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

#### होली पर परचुन दुकानों से शराब बिक्री पर लगाएंगे रोक


बैठक में निर्देश देते एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार।

**गोरखपुर, अमृत विचार :** होली के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने हरपुर बुदहट थाने में सभी ग्राम चौकीदारों के साथ बैठक की। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि होलिका दहन को लेकर अगर किसी गांव में कोई वाद-विवाद है तो उसकी सूचना पुलिस को उपलब्ध कराएं। अगर किसी गांव से शिकायत मिली कि रात के समय शरारती तत्व घरों में मटका आदि में कीचड़ भरकर घरों में गंदगी कर रहे हैं तो उन्हें चिन्हित किया जाएं। किसी भी गांव में छप्पर आदि उतारकर जानबूझकर नुकसान कर करने वालों की सूचना चुपचाप पुलिस को दें जिन्हें सबक सिखाया जा सके। होली पर परचून की दुकानों पर शराब बिक्री रोकने को सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों को लगाया जाएगा जो गांवों में भ्रमण कर निगरानी रखेंगे। होली का त्योहार प्यार के साथ मनाएं, अफवाहों पर कतई ध्यान न दें।

#### बीईओ ने छात्रों को दिया नकद पुरस्कार



छात्रों को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी व मौजूद अन्य। अमृत विचार

**उस्का बाजार , सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉकस्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने आर्थिक प्रोत्साहन दिया है जिससे वे मॉडल बनाकर जनपदस्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकें। खंड शिक्षा अधिकारी गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरिहारी पहुंचे और वहां ब्लॉकस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम 10 में स्थान पाने वाले 5 छात्रों नंदसागर,पूर्णिमा गुप्ता , अंकिता ,सूरज चौहान व नीलाक्षी को दो -दो हजार रुपये नकद दिए। बीईओ ने विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षक के मार्गदर्शन में वे बेहतरीन मॉडल तैयार करें और जनपदस्तर की प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करें। जनपद स्तर पर शीघ्र ही विज्ञान व क्विज प्रतियोगिता आयोजित होने वाली है। उन्होंने कंपोजिट विद्यालय बकैनिहा के विश्वनाथ व कंपोजिट सुगही की नेहा को भी नकद इनाम दिया। इस दौरान राकेश सिंह ,शैलेंद्र राय आदि मौजूद रहे।

#### 50 लाख की चरस के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा के बढ़नी बॉर्डर पर एक नेपाली तस्कर को 9 किलो 700 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। बताया जाता है कि यह नेपाली तस्कर झोले में चरस रखकर बढ़नी बॉर्डर क्रॉस कर रहा था तभी पुलिस की संयुक्त टीम की निगाह उस पर पड़ी। वह भागने लगा, पुलिस ने उसे संदेह के आधार पर पकड़ा और तलाशी ली। उसके पास से 9 किलो 700 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

#### मतदान केंद्रों का करें शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन

**गोरखपुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन किया। इसमें पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, पुलिस अधीक्षक उत्तरी, पुलिस अधीक्षक यातायात, पुलिस अधीक्षक सुरक्षा, नोडल अधिकारी चुनाव आदि रहे। एसएसपी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों व स्थलों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन होना चाहिए। केंद्रीय पुलिस, पीएससी ,सिविल पुलिस व होमगार्डों के ठहरने वाले विद्यालयों का सत्यापन कर लें। बीपीओ व हल्का प्रभारी की लगातार मीटिंग लेकर उन्हे ब्रीफ करें और प्रगति रिपोर्ट ली जाएं। निष्पक्ष होकर बिना किसी के दबाव व प्रभाव में आए अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएं। चुनाव के दृष्टीगत पूर्व से लगे कैमरों का शत-प्रतिशत सत्यापन कराया जाएं।

# छापेमारी पर दुकान बंद कर भागे दुकानदार

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


बेसन के कारखाने में जांच करते टीम के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सहायक आयुक्त खाद्य पुनीत कुमार पांडेय की टीम ने गुरुवार को बर्डपुर बाजार स्थित बेसन के कारखाने में पहुंचकर जांच की। टीम को देख कई दुकानदार दुकानें बंद कर भाग निकले। ऐसे में केवल एक व्यवसायी की दुकान से मटर की दाल का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया।

सहायक आयुक्त पुनीत पांडेय टीम के साथ बर्डपुर में दुकानों की जांच करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि टीम बर्डपुर पहुंची तो उससे पहले ही दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। बाजार में राधेश्याम अपने घर में ही बेसन कारखाना चलाते हैं। कार्रवाई के लिए जब वह मौके पर पहुंचे तो वह भी कारखाना बंद कर भाग गए जिस कारण मकान सील करने की कार्रवाई चल रही थी कि वह वापस लौट आए। लोगों ने समझा-बुझाकर कारखाने का ताला खुलवाया जिनके खिलाफ जांच के लिए मटर की दाल के 4 नमूने लिए गए। अब रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि जांच में व्यापारियों को सहयोग करना चाहिए लेकिन देखा जा रहा है कि टीम पहुंचने पर व्यापारी दुकानें बंद कर भाग जाते हैं। गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री का प्रयोग करें। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय गिरजेश दुबे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविंद्र नाथ वर्मा, इंद्रेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, पति हुआ घायल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** भवानीगंज थाना क्षेत्र के बेंवा-भड़रिया मार्ग स्थित सिलोखरा चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में मायके जा रही महिला की मौत हो गई जबकि पति जख्मी है। घटअना गुरुवार की है। बलरामपुर जनपद के उतरौला थाना क्षेत्र के टीटूरहा गांव निवासी कृषराम (40) की ससुराल बस्ती जनपद के सोनहा थाना क्षेत्र के शंकपुर गांव में है। वह पत्नी लीला देवी (38) को लेकर बाइक से सुबह ससुराल जाने को निकला था। वह भवानीगंज थाना क्षेत्र के बेंवा-भडरिया मार्ग पर स्थित सिलोखरा चौराहे पर पहुंचा था कि ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। ट्रक चालक मौके से भाग निकला। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य बेंवा पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। एसओ भवानीगंज रामदेव ने बताया कि जांच की जा रही है।

# 82 हजार अंत्योदय परिवारों को मिलेगी 3 किलो चीनी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** इस बार जिले के 82,449 अंत्योदय परिवारों की होली में और मिठास घुलेगी। रंगों के त्योहार पर इन घरों में बनने वाली गुजिया का स्वाद अधिक मीठा होगा। इन कार्डधारकों को राशन में सस्ती दर पर तीन किलो चीनी प्रति कार्ड उपलब्ध कराई जाएगी। यह चीनी 15 मार्च से शुरू होने वाले राशन वितरण के साथ उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग ने राशन डीलरों को खाद्यान्न के साथ चीनी भी उपलब्ध करा दी है।

जिले के करीब 4 लाख 69 हजार 313 कार्डधारकों का मार्च माह के राशन का इंतजार खत्म होने जा रहा है। इस बार सरकार ने अंत्योदय परिवार के कार्डधारकों को होली का तोहफा दिया है। इन कार्डधारकों को वितरित होने वाले निःशुल्क 35 किलो राशन के साथ तीन किलो चीनी भी दी जाएगी। कार्डधारकों को डीलरों की दुकान से इस बार एक बैग भी दिया जाएगा। शासन से प्रत्येक कार्डधारक के हिसाब से डीलरों को बैग उपलब्ध कराए गए हैं।

> अंत्योदय कार्ड धारकों को होली पर 3 किलो चीनी सस्ती दर पर उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा सभी कार्ड धारकों को राशन के साथ एक बैग भी दिया जाएगा जो सभी डीलरों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। -देवेंद्र प्रताप सिंह, डीएसओ

आयोजन

## माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय में हुई मानव अंग व ऊतक दान विषयक गोष्ठी

# अंगदान कर 6 लोगों को दे सकते हैं नया जीवन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


गोष्ठी का उद्घाटन करते जिलाधिकारी व अन्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय में गुरुवार को मानव अंग व ऊतक (टिशू) दान विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से लोगों को अपने आंतरिक अंगों व टिशू के दान करने के लिए प्रेरित किया गया।

संचालन एवं प्रजेंटेशन विभागाध्यक्ष कम्यूनिटी मेडिसिन डॉ. नौसाद आलम ने किया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति चाहे तो अपनी मर्जी से अंग दान कर 6 लोगों को नया जीवन दे सकता है। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व विशिष्ठ अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने उपस्थित संकाय सदस्यों , विद्यार्थियों सहित आशा कार्यकत्रियों से अपनी मृत्यु के बाद पीड़ित व्यक्तियों के जीवन में खुशियां लाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एके झा ने अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि जनपद में पहली बार संपन्न हुए इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस में अंग दान को लेकर विभिन्न भ्रांतियों को दूर करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराने का प्रयास किया गया। इस दौरान उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय गुप्ता, विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश , डॉ.विष्णु कुमार , डॉ.रंजन दीक्षित , कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग डॉ.नीलम जायसवाल , प्रत्युष दुबे स्टेटिशियन, दीप नारायण सहित सभी संकाय सदस्य, विद्यार्थी व आशा आदि उपस्थित रहीं।

### अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालती है किडनी


कार्यक्रम में मौजूद पैरामेडिकल कॉलेज के शिक्षक व छात्र।

**गोरखपुर, अमृत विचार :** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में गुरुवार को विश्व किडनी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने किडनी व डायलिसिस से संबंधित यूरिनरी सिस्टम, नेफ्रॉन, मिक्चरेशन, पीरिटोनियल डायलिसिस, हेमोडायलिसिस व डायलिसिस मरीजों के लिए नुट्रिशन के कार्यरत मॉडल का प्रदर्शन किया। उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने किया। डायलिसिस के इंचार्ज संजीव ने बताया कि किडनी का कार्य शरीर में मौजूद अपशिष्ट पदार्थों को शरीर से बाहर निकालना होता है। इन अपशिष्ट पदार्थों की मौजूदगी शरीर के कई रोगों को जन्म दे सकती है। यही बात लोगों तक पहुंचाने के मकसद से विश्व किडनी दिवस की शुरूआत की गई। इस दौरान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिष्ठाता डॉ. राजेंद्र भारती, डिप्टी रजिस्ट्रार श्रीकांत, पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य रोहित कुमार श्रीवास्तव, फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य शशिकांत, डॉ. संदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# मां पाटेश्वरी राजकीय विवि का शिलान्यास आज

## 1500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर


तुलसीपुर के शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले में पहुंच गए। सीएम शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पर निश्चित समय से पूर्व ही पहुंचे। रात्रि विश्राम करने के बाद आज सुबह जिला मुख्यालय से सटे कोयलरा गांव में पहुंचेंगे। सुबह दस बजे सीएम योगी मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगे। यहीं से वह करीब 1500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

इसके साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम योगी पड़ोसी जनपद श्रावस्ती के लिए भी विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। शिलान्यास स्थल पर ही आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री सम्बोधित करेंगे, जिसें देवीपाटन मंडल के जनप्रतिनिधि, अधिकारी व अन्य लोग शामिल होंगे। कोयलरा गांव में सीएम योगी का एक घंटे का कार्यक्रम होगा। जहां से वह सिद्धार्थनगर के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिलाधिकारी अरविंद सिंह, एसपी केशव कुमार लगातार तैयारियों में अधिकारियों के साथ जुटे हुए हैं। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि शिलान्यास की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री कल जिलेवासियों को बड़ी सौगात देंगे।

इसके अलावा सदर विधायक पल्टूराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने भी कार्यक्रम स्थल का दौरा किया है। मुख्यमंत्री का हेलीपैड पर महन्थ मिथिलेश नाथ, आरती तिवारी, साकेत मिश्र, पल्टूराम, कैलाश नाथ शुक्ल, राम प्रताप वर्मा, चेयरमैन डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु, राकेश सिंह, चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, डीपी सिंह, जन्मेजय सिंह, श्याम मनोहर तिवारी, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गुलाब भेंट कर स्वागत किया।

### विवि के शिलान्यास में पांच हजार होंगे सम्मिलित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के शिलान्यास व जनपद के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में सहभागी बने हेतु नगर के सभी वार्डों से लोगों के ले जाने हेतु अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने ई-रिक्शा की व्यवस्था की है। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वागत अभिनन्दन हेतु नगरपालिका सभागार में सभासदों की बैठक कर रणनीति बनाई गयी।

## एक नजर

### एमएलके पीजी कॉलेज में मना गणित दिवस

**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस (पाई दिवस) मनाया गया। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस पर एमएलके पीजी कॉलेज के गणित विभाग में प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों क्रमश: अवधेश चौधरी, राकेश चौरसिया व शिवानी सिंह को पुरस्कृत किया।

### संजय द्विवेदी बने शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायन सिंह व महामंत्री राम बाबू शास्त्री ने क्रांतिकारी शिक्षक नेता संजय द्विवेदी को प्रदेश मंत्री मनोनीत किया है। श्री द्विवेदी ने कहा है कि मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि आपके हितों की हरहाल में रक्षा करूंगा। श्री द्विवेदी के मनोनयन पर प्रांतीय उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, मंडलीय अध्यक्ष गुलाब चंद्र मौर्य, मंत्री अरुण कुमार मिश्र, जिलाध्यक्ष बस्ती अजय प्रताप सिंह आदि ने बधाई दी।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत हुई मतदाता जागरूकता रैली

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश पर अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र के द्वारा स्वीप कार्यक्रम ''व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी के अन्तर्गत प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह, के नेतृत्व में हीरालाल इण्टर कालेज खलीलाबाद से मेंहदावल चौराहे तक राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें स्काउड गाइड, विद्यालय के अध्यापक और लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं के पास सबसे बड़ी ताकत होती है। शहर में भ्रमण करते हुए रैली हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज पर पहुंची जहां रैली का समापन किया गया।

## निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत हो अनुपालन

▸▸ डीएम की अध्यक्षता में चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्वक और सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बैठक आयोजित

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और सकुशल सम्पन्न कराने सहित आदर्श आचार संहिता जारी होने के बाद उसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने निर्वाचन डयूटी में लगाए गए प्रभारी अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्वों के अनुसार गुणवत्तायुक्त कार्यों के निष्पादन से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रभारी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के अनुरूप कार्य का सम्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता जारी होने की सम्भावना है। उन्होंने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और अपने विगत चुनावों में अनुभवों के आधार पर आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने से सम्बंधित तैयारियां पहले से ही पूर्ण करा लें।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर किया जागरूक

**बलरामपुर।** गुरुवार को महारानी लाल कुंवारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवक सेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया। इस रैली की शुरुआत महाविद्यालय परिसर से हुई जो पूर्व टोला, बड़ा पुल और मेजर चैराहा होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुयी। नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक कुमार शुक्ला, डॉ रमेश कुमार, डॉ अनामिका सिंह व डॉ जितेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। रैली में स्वयंसेवकों द्वारा वोटरों की जागरुकता के लिए विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखे गए और प्ले कार्ड बनाए गए जिन्हें लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

## 16 परिवारों को मिला उज्जवला गैस कनेक्शन

**बलरामपुर, अमृत विचार।** गैसड़ी में उज्जवला गैस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार की योजना के तहत पात्रों को सरकार के योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 58 लोकसभा क्षेत्र सांसद प्रत्याशी सकेत मिश्रा का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि सकेत मिश्रा ने कहा कि उज्जवला गैस वितरण के माध्यम से भाजपा सरकार ने उन लोगों के घर में गैस की व्यवस्था की है जो लोग गैस कनेक्शन नहीं ले पा रहे थे। गैस कनेक्शन मिलने से उन लाभार्थियों को धुएं व चूल्हे से निजात मिली है। भाजपा सरकार की देन है कि आज सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए एकजुट होना होगा। ताकि जो शेष कर रह गए हो उसे भी भाजपा सरकार पूरा कर दे। मुख्य अतिथि सकेत मिश्रा ने 16 परिवारों को उज्जवला गैस कनेक्शन का वितरण किया। गैसड़ी पंचायत अध्यक्ष प्रिंस वर्मा ने कहा कि 58 लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती के प्रत्याशी सकेत मिश्रा को क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी ने कहा कि गैसड़ी से हम लोग एकजुट होकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर इंडियन गैस प्रबंधक आदर्श उपाध्याय, सभासद रामप्रताप गुप्ता, लालजी, सबूर अहमद, सुनील पटेल, रामदास मौर्य, शिवमंगल गुप्ता, परमजीत सिंह, रविंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य का स्वागत


नवनिर्वाचित एमएलसी संतोष सिंह का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

**संतकबीरनगर।** जनपद के संतोष सिंह को विधान परिषद सदस्य बनाये जाने बाद प्रथम जनपद आगमन पर भाजपा कार्यालय पर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि यही जोश और जुनून मतदान सम्पन्न होने तक बरकरार रखना होगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नव निर्वाचित विधान परिषद सदस्य और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की साभी 80 लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी प्रचंड मतों से चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ पूरा करूंगा। स्वागत कार्यक्रम को जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, सांसद प्रवीण निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष रामललित चौधरी आदि नेताओं ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी ब्रह्मानंद पांडेय, जिला महामंत्री गणेश पांडेय, विनोद पांडेय, ज्ञानेंद्र मिश्र, अमर राय, कौशलेश सिंह दीपू, अनिरुद्ध निषाद, सुनीता समेत सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तकनीकी क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को मिलेगी मजबूती

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में क्षेत्रीय अध्ययन महाविद्यालय इग्नू अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में छात्रों को विकसित भारत कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात व असम में 3 सेमीकंडक्टर सुविधाओं की आधारशिला रखे जाने का जीवंत प्रसारण दिखाया गया व एक वर्कशॉप का आयोजन भी किया गया। 13 मार्च भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और डिजाइन के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने में एक ऐतिहासिक दिन होगा। कार्यक्रम का संचालन, इग्नू अध्ययन केंद्र की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशिका डॉ. मनोरमा सिंह व सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. आलोक शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में इग्नू के छात्रों ने भी प्रतिभाग किया।

### दो एक्सप्रेस मेल का ठहराव होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष

**बलरामपुर।** कौवापुर रेलवे स्टेशन पर दो एक्सप्रेस मेल का ठहराव होने पर क्षेत्रवासियों में हर्षोल्लास का माहौल रहा। बुधवार को सुबह बांद्रा ट्रेन के ठहराव होने पर लोग प्लेटफार्म पर पहुंचकर ट्रेन के ठहराव होने पर सभी ने रेल चालक का कर्मचारी का स्वागत किया। अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि बुधवार को सुबह करीब 8:39 बजे गोरखपुर बांद्रा 15067 का स्टॉप हुआ। ट्रेन संख्या 15068 शनिवार को सुबह 10:52 बजे तक आएगी। ट्रेन संख्या 11079 शुक्रवार शाम 19:11 बजे आएगी व ट्रेन संख्या11080 शनिवार को सुबह 8:39 बजे तक आएगी।

कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स गोरखपुर मण्डल गोरखपुर

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद क्यूम खान पुत्र श्री मोहम्मद फरीद द्वारा प्रबन्धक की हैसियत से संस्था बरकाती मस्जिद, ग्राम–भरपुरवाँ, पो0–पड़रिया मगहर, तहसील–खलीलाबाद, जनपद–संतकबीरनगर के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार सर्व श्री 01. श्री मुस्ताक अध्यक्ष 2. श्री मोहम्मद मुतीन उपाध्यक्ष 3. श्री मोहम्मद क्यूम खान–प्रबन्धक 4. श्री शाकिर अली–उपप्रबन्धक 5. श्री मुस्तफा कोषाध्यक्ष 6. श्री मोहम्मद अकरम 7. श्री नसीर अहमद 8. श्री हफीजुल्लाह 9. श्री जमाल खान–सदस्य दर्शाये गये।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण–दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

(बी0 के0 सिंह)

सहायक रजिस्ट्रार, गोरखपुर मण्डल गोरखपुर



## एक नजर

### 17 जिले कराएंगे जीआई टैग का पंजीयन

अमृत विचार, लखनऊ: 17 जिलों में कृषि एवं प्रसंस्कृत प्रमुख उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए जीआई टैग दिलाया जाएगा। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय ने संबंधित जिलों के अधिकारियों को पंजीयन कराने के साथ अधिकृत उपयोगकर्ता बनाने के निर्देश दिए हैं। इसमें लखनऊ, मऊ, मथुरा, बुलंदशहर, सीतापुर, मेरठ, रामपुर, बाराबंकी, कानपुर नगर, हाथरस, बलिया, हरदोई, एटा, फर्रुखाबाद, सोनभद्र, फतेहपुर व मिर्जापुर शामिल है। पंजीयन और उपयोगकर्ता की प्रक्रिया जिलाधिकारी स्तर से कराई जाएगी। वहीं, गोरखपुर समेत चार जिलों में नाबार्ड यह प्रक्रिया कराएगा।

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को जेनेरिक दवाएं हों उपलब्ध

अमृत विचार, लखनऊ: राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। गुरुवार को यह निर्देश राज्यपाल ने थैलेसीमिया से पीड़ित 22 बच्चे व उनके परिजनों ने राज्यपाल से भेंट के दौरान अफसरों को निर्देश दिए हैं। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया फरीदाबाद हरियाणा की ओर से इन बच्चों को राजभवन लाया गया था।

# भूकंपरोधी इमारतें बनाने में आगे आएं इंजीनियर्स : पी गुरुप्रसाद

▸▸ राहत आयुक्त और सीडीआरआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किया मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास बहुत तेजी से हो रहा है। ऐसे में भविष्य में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं को लेकर राज्य सरकार पहले से सजग है। अभियंताओं और विशेषज्ञों को भूकंपरोधी इमारतें बनाने में आगे आना होगा। इसके लिए नए डिजाइन, मजबूती और तकनीकी के इस्तेमाल पर काम करना होगा।

यह बातें गुरुवार को मॉल एवेन्यू के एक होटल में राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरप्रसाद ने कहीं। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय और सीडीआरआई द्वारा संसटाइजेशन प्रोग्राम ऑन रेसिलियंट इंफ्रास्ट्रक्चर विषय पर आयोजित सम्मेलन में भूकंप रोधी तकनीकों, आपदा के समय बचाव के प्रयास, भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग और नई बनने वाली हाउसिंग सोसाइटी में हरियाली बढ़ाने आदि पर चर्चा की गई।

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कहा कि आज के दौर में लोग शहरों की तरफ रुख कर रहे हैं, जिसे हमें रोकना होगा। वहीं उत्तर प्रदेश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम तेजी से हो रहा है इसलिए आवश्यक है कि भवन आदि निर्माण भूकंपरोधी और एंटी डिजास्टर हो। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने कहा कि कंस्ट्रक्शन करने से पहले हमे उसके डिजाइन, डाटा डॉक्यूमेंटेशन और संचार पर बेहद ही ध्यान देने की जरूरत है। सीडीआरआई की एनालिस्ट ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी डेवलपमेंट नोनी गुप्ता ने कहा कि भारत में 2018 तक भूकंप से 50 लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। ऐसे में सभी इंजीनियर्स को मिलकर नई रणनीति बनानी होगी।

# अधिकारी जैसा कार्य करेंगे, वैसा फल मिलेगा: योगी

## मुख्यमंत्री ने नवचयनित 39 एसडीएम, 41 डीएसपी और 16 कोषाधिकारियों को दिए नियुक्ति पत्र

▸▸ भर्ती में न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही और न ही कोई हस्तक्षेप हो रहा

▸▸ पहली बार मात्र 9 माह में किसी आयोग और बोर्ड ने पूरी की भर्ती प्रक्रिया: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, साथ में अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य करने की नसीहत देते हुए कहा कि आप जैसा कार्य करेंगे, वैसा फल मिलेगा। कहा कि जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो ओवरऑल परसेप्शन चेंज होता है। आज भर्ती में न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही और न ही कोई हस्तक्षेप हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवचयनितों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके पास 30 से 35 वर्ष का समय जनता जनार्दन की सेवा करने का है। उनकी दुआएं लेने का है, ताकि अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र 9 माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है।

कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति डॉ. देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

### थाने की गतिविधियों को करना है वॉच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में डिप्टी एसपी का अहम रोल होता है। ऐसे में उन्हे थाने जाकर वहां की एक-एक गतिविधियों को वॉच करना होगा। इसके साथ ही पब्लिक से कैसा व्यवहार हो रहा है, चार्ज शीट की क्या स्थिति है आदि पर ध्यान देना होगा। उन्होंने नवचयनितों पर विश्वास जताते हुए कहा कि वह ईमानदारी के साथ प्रदेश सरकार के कार्यों की स्पीड को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही जनता जनार्दन के हितों का ध्यान रखें और त्वरित निर्णय लें ताकि अच्छे प्रशासन के अधिकारी के रूप में छवि बने।

# हमीरपुर में रेप पीड़िता से बाबू ने मांगी रिश्वत, निलंबित

▸▸ समाज कल्याण राज्यमंत्री ने लिया संज्ञान, शिकायत सही पाए जाने पर हुई कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** हमीरपुर में समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक तुषार को रेप पीड़िता को आर्थिक सहायता दिलाए जाने के लिए 50 हजार मांगे जाने पर निलंबित कर दिया गया है। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर निलंबन के लिए निर्देश जारी किया।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि इस सिलसिले में वायरल ऑडियो क्लिप संज्ञान में आने पर समाज कल्याण राज्यमंत्री ने प्रकरण के जांच के आदेश दिए थे। उपनिदेशक कानपुर मंडल द्वारा स्थलीय जांच में प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

राज्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार की किसी भी शिकायत पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। शिकायत होने तत्काल जांच कराकर दोषी के पर कार्रवाई की जाएगी।

# परियोजनाओं की देरी में फंसा खेलो इंडिया

▸▸ 9 जिलों में तैयार इंडोर गेम के लिए मल्टी परपज हाल, फुटबाल कोर्ट व रनिंग ट्रैक नहीं हो पाए हैंडओवर

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया की परियोजनाएं खेलकूद की राह देख रहीं हैं। लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, हरदोई, हाथरस, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़ व बागपत में केंद्र के साथ मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत 11 परियोजनाएं तैयार होने के बाद भी युवा कल्याण विभाग को लंबे समय से हस्तांतरण नहीं हुई हैं। इन परियोजना में इंडोर गेम जैसे बैंडमिंटन, जूडो-कराटे, ताइक्वांडो, कबड्डी आदि के लिए मल्टी परपज हाल बनाए हैं। कुछ जिलों में नेचुरल फुटबाल कोर्ट, रनिंग ट्रैक व मिनी स्टेडियम भी शामिल हैं। कार्य पूर्ण होने के बाद भी युवाओं को लाभ नहीं मिल पाया है। इन परियोजनाओं के कार्य समाप्ति की तिथि 2022 से 23 तक थी। अन्य परियोजनाओं के साथ इनका भी लोकार्पण करने की तैयारी थी।

### जिलों में परियोजना

- ग्राम पंचायत सिकंदरामऊ हाथरस
- ग्राम पंचायत रेरा प्रयागराज
- ग्राम पंचायत ककरघटा हरदोई
- ग्राम पंचायत तिलगोड़ी कौशांबी
- ग्राम पंचायत दुबौली गोरखपुर

> ज्यादातर परियोजनाएं हैंडओवर हो चुकी हैं। शेष में प्रक्रिया चल रही है। संबंधित जिलों से निर्देश भी दिए गए हैं। इसकी मॉनीटरिंग भी कर रहे हैं। जल्द हैंडओवर करेंगे।
>
> –संदीप कुमार सचान, ,उप निदेशक युवा कल्याण मुख्यालय

बागपत में कमियों का निस्तारण तो कानपुर में चल रही फिनिशिंग

शासन के संज्ञान लेने और पत्राचार करने पर केंद्र सरकार की खेलो इंडिया परियोजना में ग्राम कोटरा हरदोई में मल्टीपरपज हाल विद नेचुरल फुटबाल कोर्ट और रनिंग ट्रैक तो युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल मुख्यालय लखनऊ में बने मल्टी परपज हाल के हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ग्राम मितली बागपत में मल्टी परपज हाल में कमियों का निस्तारण किया जा रहा है। प्रतापगढ़ के ग्राम सरसी खाम व ग्राम आसपुर देवसरा में एक-एक मिनी स्टेडियम निर्माणाधीन है। जबकि, कानपुर नगर के ग्राम मकसूदाबाद में मल्टी परपज हाल में फिनिशिंग, बाउंड्रीवाल की चिनाई, प्लास्टर आदि कार्य की रिपोर्ट दी गई है।

# 41 दंगा नियंत्रण वाहन खरीदने को दिए 9.84 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में दंगाइयों एवं अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई और नियंत्रण हेतु सीओ सर्किल स्तर के लिये 41 दंगा नियंत्रण वाहन खरीदने के निर्देश दिये है।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्था हेतु दंगाइयों एवं अपराधियों के विरूद्ध और अधिक त्वरित कार्यवाही एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रदेश के सीओ सर्किलों हेतु 41 दंगा नियंत्रण वाहनों के खरीदने हेतु 9 करोड़ 84 लाख रूपये की धनराशि निर्गत करने के आदेश निर्गत कर दिये गये है।

### महाविद्यालयों को सुविधाओं के लिए मिला धन

शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने गुरुवार को प्रदेश के 62 राजकीय महाविद्यालयों को सुविधाओं के लिए तीन करोड़ की धनराशि भेजी है। इस धनराशि से विज्ञान विषयों की प्रयोगशालाओं के साथ फर्नीचर की खरीद मार्च माह तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

# इस बार 70 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित कराएं : रिणवा

▸▸ नागरिकों को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियां तेजी से करें संचालित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए स्वीप गतिविधियां तेजी से संचालित की जाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुरुवार को निर्वाचन कार्यालय में लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए गठित राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को तेज करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां का मतदान प्रतिशत लगभग 59.11 था, इसे इस बार बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मतदाता बनने से लेकर वोटर आईकार्ड में संशोधन करने की सुविधाएं आयोग की वेबसाइट व वोटर हेल्प लाइन एप के जरिए उपलब्ध कराई जा रही हैं। हेल्प लाइन 1950 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए विभागों से एमओयू

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शिक्षा विभाग, डाक विभाग व इण्डियन बैंक एसोसिएशन के साथ एमओयू किया गया है। इन एमओयू के क्रम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर अधिक से अधिक मतदाताओं को प्रेरित किया जाय। स्वीप गतिविधियों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

### सैनिक परिवार को मतदान के लिए करें प्रेरित

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि परिवहन विभाग की बसों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर व बैनर लगाएं। छावनी क्षेत्र के अंदर रहने वाले सैनिक परिवार, जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल है, उनको मतदान के लिए प्रेरित किया जाय। राज्य कर विभाग प्रदेश में वाणिज्यक संगठनों की मदद से मॉल, स्टोर आदि में ऑफर देकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को संचालित करें।

# ई ऑटो रिक्शा की ड्राइविंग सीट संभालेंगी महिलाएं

▸▸ प्रशिक्षण के साथ ही पिंक किट और बैंक फाइनेंस की सुविधा तक प्रदान की जा रही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रोडवेज बसों के बाद अब प्रदेश की महिलाएं आम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी ड्राइविंग सीट पर नजर आने वाली हैं। महिलाओं को निशुल्क ई रिक्शा प्रशिक्षण के साथ ड्राइविंग लाइसेंस और सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने का भी प्रबंध कर हो रहा है। ई रिक्शा पर 50 हजार रुपये तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित एवं यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद से एक हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। मिशन शक्ति के तहत दो पार्ट में ट्रेनिंग आयोजित की गई है। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें तीन दिन महिलाओं के वर्क प्लेस से संबंधी सेफ्टी, सिक्योरिटी, और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी। इसके बाद तीन दिन उनको उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग कराई गई थी। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18750 महिलाओं को ई रिक्शा ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। साथ ही उनके पास आधार और पैन कार्ड होना अनिवार्य है।

### महिलाओं को दी जा रही सेफ्टी किट

एमडी प्रवीण ने बताया कि यह एक लाइवलीहुड प्रोग्राम है। महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी दे रहे हैं एवं सेफ्टी किट और स्टेशनरी किट भी प्रदान की जा रही है। इसके बाद महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की जा रही है। फाइनली उनको बैंक तक ले जाने का प्रॉसेस भी हम करा रहे हैं। इसमें सुनिश्चित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का जो लाभ है वो महिलाओं को मिल सके, जिसमें बैंक से आसान लोन भी शामिल है।


## वर्ग पहेली-10

**बाएं से दाएं**

3. 1. नापाक, अपवित्र 2. मैला-कुचैला, गंदा 3. काला।
4. 1. जिसने दोष या अपराध किया हो, दोषी, अपराधी 2. जिसमें कोई कमी
5. 1. युद्ध का मज़ा या लड़ाई का उत्साह 2. युद्ध, लड़ाई 3. युद्ध क्षेत्र, लड़ाई का मैदान।
9. 1. कूट भाषा 2. किसी संदेश को गुप्त भाषा में परिवर्तित करना 3. नियमावली, आचार संहिता 4. कंप्यूटर में प्रोग्राम लिखने की पद्धति विशेष।
10. विजय करने वाला, विजयी।

**ऊपर से नीचे**

1. सूंस नामक एक जलीय जंतु।
2. 1. संतुष्ट करने की क्रिया या भाव, तृप्ति 2. संतोष, तोष 3. किसी को तुष्ट करना।
4. रथ, यान।
6. 1. रंगे जाने योग्य 2. जिसका चित्त प्रसन्न किया जा सकता हो 3. हर्ष या आनंद देने वाला।
7. चोरी करने के उद्देश्य से चोरों द्वारा दीवार में किया गया बड़ा छेद जिसमें से होकर चोर किसी कमरे या कोठरी में घुसता है, नकब।
8. 1. जिसके चारों कोने या पार्श्व बराबर हों, चौखूंटा, चौकोना 2. जो हर तरह से ठीक हो।




### वर्ग पहेली -9 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ली | क | | 2 चँ | 3 प | ना |
| | | | 4 आ | | पो | |
| | 5 थि | | 6 डं | ठ | ल | |
| 7 ग | र | का | ब | | ना | |
| | क | | री | | | 8 ध |
| 9 भु | ना | ना | | | | र |
| | | | 10 अ | प | दा | न |

## सुडोकू -89

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 7 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | | 5 |
| | 8 | | | 2 | | 4 | | |
| 4 | 3 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| | 4 | 9 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 4 | | 2 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 5 | |

### सुडोकू -88 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 15 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 22.09 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 16.08 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष:** आज अधिकाधिक समय मनोरंजन और खानपान में व्यतीत करेंगे। शारीरिक कष्ट हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतायुक्त हो सकते हैं। अपने सिद्धांतों और विचारों से समझौता न करें। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष:** आज वाहन के रखरखाव में आपको काफी ध्यान देना होगा। रिसर्च से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार को खुश रखने के लिए महंगी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। इस समय आपको शांतिपूर्ण तरीके से बिताने की सलाह दी जाती है।

**मिथुन:** आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के रद्द होने की संभावना है। अपनी क्षमताओं का तटस्थता से अवलोकन करें और अतिरिक्त बोझ लेने से बचें। लोग आपकी मजबूरी और परेशानियों को दरकिनार कर सकते हैं।

**कर्क:** आज आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। समाज में आपका व्यवहार सबके प्रति काफी अच्छा रहेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पहले की गई मेहनत का सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

**सिंह:** आज परामर्श सेवा से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। परिवार और समाज के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। कारोबार में कुछ नवाचार प्रयोग करेंगे। आप लोगों के सामने अपने व्यक्तित्व को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का प्रयास कर सकते हैं।

**कन्या:** आज अपनी गलतियों से सीखने का प्रयास करें, लेकिन उसे लेकर मन में ग्लानि का भाव भी आपके लिए हितकर नहीं है। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पूर्व पूर्ण कर लें। आपके निर्णयों पर नजदीकी लोग ही प्रश्न-चिन्ह लगा सकते हैं।

**तुला:** आज अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर ध्यान दें। अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का पालन करें। अज्ञात भय से ग्रस्त हो सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों के ऊपर न थोपें। किसी मित्र को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज आप नए विचारों के प्रभाव से धनी रहेंगे और इसका लाभ आपको हर जगह प्राप्त होगा। व्यवसाय में आ रहे प्रतिरोधों को चतुराई से दूर कर लेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की ख्याति बढ़ेगी। ऑफिस के षड्यंत्रों को दूर करने में सफल रहेंगे।

**धनु:** आज अटके हुए कार्यों को शुरू करने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं दूर की यात्रा की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। बॉस आपको कोई बड़ा काम सौंप सकते हैं।

**मकर:** आज दिन की शुरुआत बेहतरीन रहेगी। व्यावसायिक साझेदारों के साथ कोई डील करने से पहले उसे अच्छी तरह से समझ लें। जल्दी सफलता प्राप्त करने के लिए शॉर्टकट्स अपनाने से बचें। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ विवाद जन्म ले सकते हैं।

**कुंभ:** आज ज्यादा भावुक होना भी नकारात्मक हो सकता है। ऑफिस के तनाव का असर घर पर न पड़ने दें। नेटवर्किंग के व्यवसाय से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने से बचें। निराशाजनक विचारों से दूर रहें।

**मीन:** आज आपका फोकस पूरी तरह से अपने काम पर होगा। आय में वृद्धि होने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपके सामाजिक संबंध विकसित होंगे। अपनी कार्यक्षमता को लोगों के सामने सिद्ध कर पाएंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
साथी
सुबह : 11.00
यह है जलवा
दोपहर : 03.00

SONY MAX
अनाड़ी
सुबह : 10.12
मैं हूं लकी द रेसर
रात : 10.07

SONY PIX
द वॉटर हाउस
सुबह : 10.49
फास्टर
शाम : 05.40

ZEE CINEMA
जान
सुबह : 10.30
हीरोपंती 2
शाम : 04.30

colors CINEPLEX
नजर अंदाज
दोपहर : 01.42
पागलपंती
रात : 07.03

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था।
अगले दिन दोपहर में पत्नी डीनर ले लो जी।
पति- यह डीनर नहीं लंच है जाहिल औरत।
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है। ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

टीचर- डेट और तारीख में क्या अंतर है?
सारी क्लास चुप
गप्पू- सर, डेट में गर्लफ्रेंड के साथ जाते हैं और तारीख में वकील के साथ
गप्पू की बात सुनकर टीचर दंग रह गई।

## चुनाव कमाल का...

- पहली लोकसभा के चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 के बीच कराए गए थे। उस समय लोकसभा में कुल 489 सीटें थीं लेकिन संसदीय क्षेत्रों की संख्या 401 थी। लोकसभा की 314 संसदीय सीटें ऐसी थीं जहां से केवल एक-एक प्रतिनिधि चुने जाने थे। 86 संसदीय सीटें ऐसी थी जिनमें दो-दो लोगों को सांसद चुना जाना था, वहीं नॉर्थ बंगाल संसदीय क्षेत्र से तीन सांसद चुने गए थे।
- प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे मात्र नेता हैं जिन्होंने उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश और दिल्ली राज्यों से लोकसभा के चुनाव में कामयाबी हासिल की
- काका जोगेन्दर सिंह जो धरती पकड़ के नाम से भी मशहूर थे 25 बार चुनाव हारे। धरती पकड़ वी.पी. सिंह और राजीव गांधी जैसे बड़े-बड़े नेताओं के खिलाफ भी उम्मीदवार रहे जिनके लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाते थे ताकि कहीं उनकी मौत की वजह से चुनाव रद्द न कर दिया जाए।

## चुनावी तीर



कांग्रेस 70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को अटकाती रही, लटकाती रही, भटकाती रही। लेकिन मंदिर नहीं बनाया और जब इन्हें राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, तो वोट बैंक की लालच में इन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया।

**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री



नरेंद्र मोदी सरकार ने काफी शोर-शराबे के साथ महिला आरक्षण बिल पास किया, लेकिन उसे लागू करने के लिए सर्वे करने की बात की, इसमें 10 साल लगेंगे, हमारी सरकार आती हैं तो बिना सर्वे के महिलाओं को आरक्षण देंगे

**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता

# आंदोलन के बाद मंदिर निर्माण सियासी कसौटी पर

- चुनाव दर चुनाव नए समीकरण गढ़ती रही अयोध्या, मुनादी के पहले ही अयोध्या पर फोकस

**13** माह और 13 दिन की सरकार बनाने के बाद 1996 में सत्ता की सीढ़ी चढ़ने में कामयाब हो गई भाजपा

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** मंदिर आंदोलन के बाद अब श्रीराम मंदिर का निर्माण सियासत की कसौटी पर है। चुनाव-दर-चुनाव अयोध्या नए सियासी समीकरण गढ़ती रही है। चुनाव की मुनादी के पहले ही अयोध्या पर फोकस हो गया। एक बार फिर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष विकास संग अयोध्या चुनावी सियासत के केंद्र में घूम रही है।

यूं तो राम मंदिर आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। अयोध्या सदियों से आस्था का केंद्र रही है, लेकिन चार दशक से यह सियासत के भी केंद्र में है। 40 साल बाद भी अयोध्या की सियासी चमक वैसी है। दलों को लुभाती है। बदला है तो केवल परिदृश्य। राजनीतिक दलों ने अयोध्या के मुद्दे को भुनाने की कोशिश की। कांग्रेस रही हो या भाजपा। सपा या बसपा। श्रीराम मंदिर आंदोलन नए सिरे से सन् 1984 में शुरू हुआ। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या हुई। चुनाव में कांग्रेस ने 404 सीटों से बढ़त पाई। नए दल के रूप में दो सीटों से भाजपा ने खाता खोला। आंदोलन के समर्थन से भाजपा ने जो सियासी पारी शुरू की वह अब तक बरकरार है। जैसे-जैसे आंदोलन चढ़ा, दूसरे मुद्दे भी आए, लेकिन अयोध्या का प्रभाव कायम रहा। इतिहास पर गौर करें तो कई ऐसे अवसर आए जब अयोध्या को पर्दे के पीछे करने की कोशिश हुई लेकिन ऐसा हो नही पाया। 1989 से अब तक का परिदृश्य इसी ओर इशारा करता है। 1989 में मंडल और मंदिर एक साथ नारा बने, 1990 में ढांचा विध्वंस हुआ। धर्म निरपेक्षता पर बहस हुई, लेकिन सियासत की तासीर में अयोध्या बनी रही। हां इतना जरूर है कि चुनाव-दर-चुनाव आंकड़ों की तस्वीर बदलती रही। नब्बे के दशक में अयोध्या और राम मंदिर अवाम के बीच राष्ट्रीय मुद्दा बन गया।

राष्ट्रीय मुद्दों के बीच अयोध्या के साथ भाजपा फर्श से अर्स की ओर बढ़ती रही तो कांग्रेस का पराभव का दौर शुरू हो गया। 13 माह और 13 दिन की सरकार बनाने के बाद 1996 में भाजपा सत्ता की सीढ़ी चढ़ने में कामयाब हो गई। 1999 से 2004 तक सत्ता में रही। इसके पीछे राम मंदिर आंदोलन और अयोध्या ही रही। सन 1984 में 404 सीटों पर रहने वाली कांग्रेस 35 साल बाद 2019 में 52 पर सिमट गई। दो के आंकड़े से बढ़ने वाली भाजपा 2019 में 303 तक पहुंच गई।

नौ नंवबर 2019 को अयोध्या के श्रीराम मंदिर पर फैसला आया। चमक बढ़ गई। कोरोना के दौर में पांच अगस्त 2020 को भूमि पूजन हुआ। मंदिर निर्माण शुरू होने के साथ सियासत गरमाने लगी। निर्माण के श्रेय को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला।

### अरसे से सियासत में शामिल अयोध्या

22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में स्वय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। यह बड़ा संकेत रहा। पर्दे के पीछे की सियसात का खेल शुरू हुआ। राम दर्शन के जरिए प्रदेशों की भाजपा सरकारें राम लला के चरणों में नतमस्तक हुई। पूरे देश के लोगों को यात्रा के जरिए इसे परवान चढ़ा दिया गया। विपक्षी दल के नेताओं को उभारकर घेरने की रणनीति चल रही है। भाजपा और कांग्रेस के बीच अयोध्या और यात्रा के जरिए सियासी युद्ध चरम की ओर है। चुनावी चंदा और छापों की धमक है। चुनाव की घोषणा होने वाली है। आंदोलन से निकलकर धामिर्क राम मंदिर पर्यटन की नगरी अयोध्या और फिर सियासत के बीच कसौटी पर है। इसके सियासी लाभ हानि का आंकलन किया जा रहा है। पक्ष और विपक्ष इसे साधने के साथ मुकाबले की राह पर चल पड़े हैं।




सियासतदानों का एक धड़ा इसे मुद्दा बनने से रोकने में लगा रहा तो दूसरा धड़ा अप्रत्यक्ष सियासत के केंद्र में रखने में लगा रहा। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के जरिए पूरे देश को आंदोलन की तर्ज पर राम मय बनाने की कोशिश शुरू हुई।




**22** जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में स्वय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शामिल होना रहा बड़ा संकेत

**1984** में श्रीराम मंदिर आंदोलन नए सिरे से आरंभ हुआ और भाजपा ने जो पारी शुरू की वह अब तक है बरकरार

# अमीरों का कर्ज माफ हो सकता है तो किसानों का क्यों नहीं: राहुल



- गांधी बोले- इंडिया सत्ता में आया तो किसानों की आवाज बनेगा

नासिक, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) सत्ता में आता है तो वह किसानों की आवाज बनेगा। ऐसी नीतियां लाएगा जो उनकी सुरक्षा कर सके। किसानों को जीएसटी से बाहर करने का वादा किया।

गांधी कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र के नासिक जिले के चंदवाड में एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे। गांधी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार किसानों की आवाज बनेगी और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेगी। अगर अमीर लोगों का कर्ज माफ किया जा सकता है तो किसानों को भी लाभ मिलना चाहिए। मेरी और हमारी सरकार के दरवाजे किसानों के लिए हमेशा खुले रहेंगे। राकांपा (एसपी) नेता शरद पवार और कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने किसान और कृषि क्षेत्र की दशा को लेकर केंद्र सरकार पर उदासीन रवैये का आरोप लगाया। किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत नहीं मिलती है जिस वजह से वे कर्जे में डूब जाते हैं और आत्महत्या करते हैं।




# ईवीएम आंदोलनकारियों को निर्वाचन आयोग नहीं दे रहा है समय : दिग्विजय

**नई दिल्ली, ब्यूरो:** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा है कि चुनावों में ईवीएम मशीनों द्वारा हेरा फेरी का आरोप लगाने वाले आंदोलनकारियों को निर्वाचन आयोग 7 माह से बातचीत करने का समय नहीं दे रहा है।

ईवीएम मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करते हुए करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा है कि अब ईवीएम के खिलाफ देश के कोने कोने में आवाज उठ रही है। इंडिया गठबंधन की ओर से इस मामले में करीब सात महीने से चुनाव आयोग से समय मांगा जा रहा है, लेकिन कोई उत्तर अब तक नहीं मिला। पूरे देश में जन आंदोलन की बाढ़ सी आ गई है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच का बनाना आवश्यक हो गया है, जिसे 'ईवीएम मुक्त भारत अभियान' के नाम से जाना जाएगा। चुनाव आयोग निष्पक्ष रहा नहीं। ईवीएम के प्रवेश से भारत सरकार की तमाम एजेन्सी जैसे भारत एलेक्ट्रॉनिक्कस लिमिटेड, इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया और निजी क्षेत्र से टेक्निकल लोग शामिल हो गए हैं, ऐसे में तो निष्पक्षता का होना लगभग असंभव है। एक आम दलील यह दी जाती है की बैलेट पेपर से चुनाव कराना खर्चीली प्रक्रिया है, जो एक बहुत बड़ा भ्रम है। बैलेट पेपर से चुनाव कराने में 2 सप्ताह की तैयारी चाहिए।

# शिवपाल बोले- सपा से रूठे लोगों को घर जाकर मनाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को लेकर चल रहा संशय गुरुवार को समाप्त हो गया। शिवपाल सिंह यादव की जिले में आमद हुई। कहा कि इंडिया गठबंधन की वजह से भाजपा अभी तक प्रत्याशी नहीं ढूंढ सकी है। उन्होंने कहा, सपा से दूर हुए लोगों का मनमुटाव दूर करने के लिए उनके घर जाएंगे। भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए इसलिए सभी 80 सीटों पर हार मिलेगी।

गुरुवार को वह तीन दिवसीय दौरे पर बदायूं आए। उझानी के एक मैरिज लॉन में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन से भाजपा सभी 80 सीटें हारेगी। भाजपा बदायूं से प्रत्याशी तक घोषित नहीं कर सकी है। भाजपा सत्ता के घमंड में है। वह बोले कि बदायूं सपा का गढ़ रहा है। नेता जी मुलायम सिंह यादव, प्रोफेसर रामगोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव यहां से सांसद हुए। अब हम भी बदायूं आए हैं। सलीम इकबाल शेरवानी और आबिद रजा की नाराजगी के बारे में उन्होंने कहा कि जो भी रूठा है उन सभी को मना लेंगे। जरूरत पड़ने पर उनके घर भी जाएंगे। अयोध्या जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में मंदिर बन गया है। भगवान जब बुलाएंगे अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले का विकास उनकी प्राथमिकता है। भाजपा बताए कि जिले में उन्होंने कितना विकास कराया है। भाजपा के सभी वादे खोखले हैं। प्रेस वार्ता के दौरान बरेली के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, आंवला लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य आदि भी मौजूद रहे।



उझानी में आयोजित प्रेस वार्ता में शिवपाल सिंह यादव। ● अमृत विचार

- भाजपा ने नहीं पूरे किए वादे, सभी 80 सीटों पर मिलेगी हार
- प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार बदायूं पहुंचे शिवपाल यादव
- उझानी में की पत्रकारों से बात जिले के विकास को देंगे प्राथमिकता

# यूपी में बसपा के बगैर कैसे भाजपा को रोकेगा 'इंडिया'

● धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** क्या बसपा के बिना 'इंडिया' गठबंधन के अहम घटक सपा और कांग्रेस मिलकर भाजपा को रोक पाएंगे। यह सवाल इनदिनों चट्टी-चौराहों पर आम मतदाओं से लेकर राजनीतिक पंडितों के बीच चर्चा में शामिल है। भाजपा के मिशन-80 को आधे से भी कम पर समेटने का दावा करने वाले विपक्ष के समीकरणों का गणित भी यहीं पर आकर अकट जा रहा है।

नरेंद्र मोदी को नेतृत्व देने से पहले भाजपा की हैसियत डांवाडोल थी। 13 दिन की सरकार समेत तीन बार सत्ता में आने पर भाजपा सरकार एक बार भी पांच साल का कार्यकाल पूरा न कर सकी। प्रदेश में 1984 में दो सीटों से बढ़ते हुए अधिकतम सीटें जीतने का आंकड़ा 2004 में 186 था। फिर भी सरकार कांग्रेस की बनीं और यह सिलसिला 2009 के चुनाव में भी कायम रहा, तब भाजपा गठबंधन ने 116 सीटें जीती थी।

उत्तर-प्रदेश में हाल यह था कि कांग्रेस और भाजपा के हाथ से वोटों की गणित तेजी से फिसलती हुई सपा और बसपा जैसे क्षेत्रीय दलों की झोली में आ गई थी। लेकिन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी मैजिक ने ऐसा कमाल दिखाया कि सपा और बसपा के सामने भी अस्तित्व बचाने का संकट शुरू हो गया, जबकि कांग्रेस हासिये पर चली गई।

### 'बुआ-बबुआ' की जोड़ी ऐसी टूटी कि जोड़ना मुश्किल

राज्य की कुर्सी भी 2017 में भाजपा के हाथ चली गई, तो सपा और बसपा ने अपनी कट्टर दुश्मनी को भुलाकर 2019 के लोकसभा चुनाव में हाथ मिलाया। मगर, यह 'बुआ-बबुआ' के नाम पर चर्चित हुई जोड़ी भी चुनाव में मोदी की आंधी को रोकने में बेअसर रही। बाद में ऐसी टूटी कि वह दर्द इस बार बसपा को इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं बनने दे रहा है। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस नेताओं की कोशिश थी कि बसपा प्राथमिकता देते हुए सपा के साथ ही इंडिया गठबंधन में शामिल किया जाए, मगर दोनों को साधना मुश्किल हो गया। अब सपा-कांग्रेस कैसे बसपा के बगैर मोदी को प्रदेश में रोकेंगे, यह सवाल बना हुआ है।

### विस चुनाव में 'दो युवराज' की जोड़ी फेल

ऐसे में राज्य की कुर्सी के लिए 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस से समझौता किया, तो राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी को नाम दिया गया 'दो युवराज' यानि एक सोनिया गांधी की कांग्रेस परिवार से तो दूसरे मुलायम सिंह यादव के सपा परिवार से उत्तराधिकारी। लेकिन समझौते में 105 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को सिर्फ सात सीटों पर जीत मिली। भाजपा ने 312 सीटें और सहयोगी दलों को मिलाकर रिकार्ड 325 सीटें जीती। योगी आदित्यनाथ की तोजपोशी के बाद दिनोंदिन बदलते नए उत्तर-प्रदेश की तस्वीर ने 2022 में ऐसी हालत पतली कर दी कि भाजपा गठबंधन 273 सीटों पर जीत गया, जबकि सपा ने भाजपा से तोड़कर कुछ सहयोगी दलों के सहारे 125 सीटें जीती, लेकिन चार बार सत्ता संभालने वाली बसपा मात्र एक विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है, जबकि कांग्रेस के मात्र दो विधायक जीते।

### सपा से गठबंधन में कांग्रेस को ही फायदा

सपा से गठबंधन में फायदा कांग्रेस को ही ज्यादा होगा। मुसलमान वोट बंटेगा नहीं और यादव वोट कम वोट से हारने वाली सीटों पर बहुतम दे सकता है। ऐसे में आंकड़ों को गौर से देखें तो कांग्रेस के पास रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, कानपुर, अमरोहा जैसी पांच सीटें ऐसी होंगी जहां से उनकी जीत संभव हो सकती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में रायबरेली में चार सीटें सपा की हैं। जब एक भाजपा की है। उसी तरह अमेठी में तीन सीट भाजपा की है तो दो सीट सपा ने जीती है। इसी तरह कई सीटों पर सपा के प्रभाव से कांग्रेस को फायदा हो सकता है। वैसे 2014 और 2019 में समाजवादी पार्टी पांच-पांच सीट ही जीत सकी थी। इस बार भी हालात कुछ बेहतर नहीं हैं। उप्र में वैसे ही राम मंदिर की लहर चल रही है। इस आंधी में अगर सपा का सहारा पाकर कांग्रेस पांच सीटें जीतती है तो बड़ी उपलब्धि होगी। कांग्रेस के साथ से सपा को बस एकमात्र यही फायदा हो सकता है कि बसपा को मुसलमान वोटकटवा मान लें और सपा को शतप्रतिशत वोट मिले। तब मुस्लिम बाहुल्य सीटों भाजपा को जीतना चुनौती होगी।

## भाजपा सांसद वरुण और मेनका के कारण हाईप्रोफाइल है पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट

# भाजपा के टिकट का इंतजार, विपक्ष को मजबूत दावेदार की तलाश

- साढ़े तीन दशक में हुए नौ चुनाव में छह बार मेनका तो दो बार वरुण गांधी बने सांसद
- वरुण के पार्टी विरोधी रवैये के चलते इस बार किसी अन्य को टिकट के लगाये जा रहे कयास


● वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेनका गांधी और वरुण गांधी के कारण पीलीभीत-बहेड़ी संसदीय सीट हाईप्रोफाइल है। पिछले करीब 35 साल से इन्हीं दोनों पर पीलीभीत के लोगों ने भरोसा जताया लेकिन इस बार वरुण गांधी के लगातार पार्टी विरोधी रवैये के चलते टिकट बदलने के कयास लगाये जा रहे हैं। वरुण के विरोध में पार्टी में ही एक धड़ा सक्रिय है। इसी कारण अभी तक भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बदलाव की उम्मीद में स्थानीय और दूसरे जनपदों के कई भाजपा नेता पीलीभीत-बहेड़ी सीट के लिए दावेदारी कर चुके हैं। भाजपा से टिकट की घोषणा न होने के चलते सपा भी चुप्पी साधे है। बसपा ने अनीस अहमद फूल बाबू पर ही फिर भरोसा जताया है।

लोकसभा चुनाव 2024 का अधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन पिछले छह माह से सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर पिछले करीब साढ़े तीन दशक से गांधी परिवार (मेनका गांधी/वरुण गांधी) का कब्जा रहा है। 1989 से लेकर 2019 तक इस सीट पर नौ बार चुनाव हुए। इनमें छह बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी सांसद रहे। वर्तमान में वरुण गांधी सांसद हैं। पिछले करीब दो साल से वरुण के तेवर अपनी ही सरकार के विरोध में हैं। कई मौकों पर वह सरकार की तीखी आलोचना कर चुके हैं। कुछ महीनों से तो उन्होंने करीब-करीब हर जनसभा में सरकार की योजनाओं के विरोध को लक्ष्य बना लिया।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी, निकाय चुनाव के दौरान सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष के पति गुरभाग सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत समेत कई लोग दावेदारों की फेहरिस्त में शामिल हो चुके हैं।

हर कोई अपने स्तर से खुद को हाईकमान की कसौटी पर खरा उतारने की कोशिश में है। कुछ लोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार व कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद की दावेदारी मजबूत मान रहे हैं। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा के नाम की चर्चा भी चर्चा हो रही है। कुछ लोग अभी भी वरुण या मेनका को टिकट मिलने की उम्मीद जता रहे हैं।






### भाजपा की स्थिति मजबूत

पिछले करीब एक दशक में भाजपा खुद को खासा मजबूत कर चुकी है। कांग्रेस की हालत पहले से ठीक नहीं रही। बसपा के हाथी की चाल भी 2012 के बाद से तराई में सुस्त है। विपक्षी दल के नाम पर समाजवादी पार्टी कुछ मजबूत स्थिति में है। समाजवादी पार्टी में कई दावेदारों के नाम चर्चा में हैं। पिछले कुछ दिनों से सपा से पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार का नाम जोर शोर से चल रहा है। मगर भाजपा के टिकट की घोषणा होने के बाद ही सपा अपने पत्ते खोलने के मूड में है। तभी लोकसभा चुनाव की सियासत तराई में जोर पकड़ेगी। दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है, तो टिकट न मिलने से नाराज होकर भितरघात होना भी चुनाव में आम है।

### बसपा का भरोसा फिर फूलबाबू पर

10 मार्च को बीसलपुर में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बसपा प्रभारी राजकुमार गौतम ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के प्रत्याशी होने की घोषणा की थी। हालांकि यह कोई हैरान करने वाली घोषणा नहीं मानी गई। मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए बसपा से फूलबाबू का टिकट पक्का माना जा रहा था। वह पहले भी तीन बार (1999, 2004,2014) बसपा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। पहली बार के चुनाव में वह दूसरे व अन्य दोनों चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। उनके नाम की घोषणा के साथ बसपा दलित-मुस्लिम वोटरों को साधकर तराई में खो चुकी सियासी जमीं को पाने का प्रयास कर रही है।

| पार्टी | प्रत्याशी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **2019 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | वरुण गांधी | 7,04,549 | 59.38 |
| सपा | हेमराज वर्मा | 4,48,922 | 37.83 |
| जीत | | 2,55,627 वोट | |
| **2014 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | मेनका गांधी | 5,46,934 | 52.06 |
| सपा | बुद्धसेन वर्मा | 2,39,882 | 22.83 |
| जीत | | 3,07,052 वोट | |
| **2009 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | वरुण गांधी | 4,19,539 | 50.09 |
| कांग्रेस | वीएम सिंह | 1,38,038 | 16.48 |
| जीत | | 2,81,501 वोट | |
| **2004 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | मेनका गांधी | 2,55,615 | 37.75 |
| सपा | सत्यपाल गंगवार | 1,52,895 | 22.58 |
| जीत | | 1,02,720 वोट | |
| **1999 का परिणाम** | | | |
| स्वतंत्र | मेनका गांधी | 4,33,421 | 57.94 |
| बसपा | अनीस अहमद खान | 1,93,566 | |
| जीत | | 2,39,855 वोट | |

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,097.28 | 22,146.65 |
| बढ़त | 335.39 | 148.95 |
| प्रतिशत में | 0.46 | 0.68 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, शुक्रवार, 15 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# सार्वजनिक क्षेत्र के पांच बैंकों की सरकार की हिस्सेदार को 75% से कम करने की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार के वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने दी जानकारी



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों का अनुपालन करने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) और यूको बैंक सहित पांच सरकारी बैंक सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशत से नीचे लाने की योजना बना रहे हैं। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सार्वजनिक क्षेत्र के कुल 12 बैंकों (पीएसबी) में से चार 31 मार्च, 2023 तक सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन कर चुके हैं। जोशी ने बातचीत में कहा, "चालू वित्त वर्ष में तीन और पीएसबी ने न्यूनतम 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता का अनुपालन पूरा कर लिया है। शेष पांच सरकारी बैंकों ने एमपीएस मानदंडों को पूरा करने के लिए कार्ययोजना बनाई हैं।" फिलहाल दिल्ली स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 98.25 प्रतिशत है। चेन्नई के इंडियन ओवरसीज बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 96.38 प्रतिशत, यूको बैंक में 95.39 प्रतिशत, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 93.08 प्रतिशत, बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 86.46 प्रतिशत है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार, सभी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन जरूरी है। हालांकि, नियामक ने सरकारी बैंकों को विशेष छूट दी है। उनके पास 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता के नियम को पूरा करने के लिए अगस्त, 2024 तक का समय है।

### सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले सामने आए हैं : विवेक जोशी

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशीने कहा कि बाजार की स्थिति के आधार पर इनमें से प्रत्येक बैंक शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेगा। बिना कोई समयसीमा बताए उन्होंने कहा कि इस अनिवार्यता को पूरा करने के प्रयास जारी हैं। जोशी ने कहा कि वित्त मंत्रालय ने सभी पीएसबी को अपने स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की समीक्षा करने का निर्देश दिया है क्योंकि सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले आए हैं। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को पत्र लिखकर उनसे स्वर्ण ऋण से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है।

## पेटीएम को यूपीआई प्रणाली में शामिल होने की मंजूरी

**मुंबई।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान मंच पेटीएम का स्वामित्व रखने वाली वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड को बहु-बैंक मॉडल के तहत यूपीआई प्रणाली में तृतीय पक्ष एप्लिकेशन प्रदाता (टीपीएपी) के रूप में भाग लेने की बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

एनपीसीआई ने बयान में कहा कि एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यस बैंक पेटीएम के लिए भुगतान प्रणाली प्रदाता (पीएसपी) बैंकों के रूप में काम करेंगे। यस बैंक वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) से जुड़े मौजूदा एवं नए यूपीआई कारोबारियों के लिए व्यापारी अधिग्रहण बैंक के रूप में भी काम करेगा। एनपीसीआई ने कहा कि '@पेटीएम' हैंडल को यस बैंक पर दोबारा प्रेषित किया जाएगा।

## भारत की शासन प्रणाली को बदनाम करने के लिए लाई गई हिंडनबर्ग रिसर्च

मुंबई, एजेंसी

- गौतम अडाणी बोले-इसके बावजूद हम मजबूती से खड़े रहे



अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साल जनवरी में आई अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट न केवल विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार वाले समूह को अस्थिर करने बल्कि भारत की शासन (गवर्नेंस) प्रणाली को राजनीतिक रूप से बदनाम करने के लिए भी लाई गई थी।

शॉर्ट-सेलर एवं निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उस समय समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया था। इस साल उसे उच्चतम न्यायालय से भी राहत मिली जब न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया कि उसे अतिरिक्त जांच का सामना करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, यह रिपोर्ट आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में 150 अरब डॉलर से अधिक की बिकवाली हुई थी। उन्होंने कहा-हमारी नींव हिलाने की कोशिशों के बावजूद हम मजबूती से खड़े रहे और हमने न केवल अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा की बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि हम अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित रखें।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,950–50,150 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,500 |
| चांदी आभूषण | 74,500। |

## सोने के दाम में 250 रुपये और चांदी में 1,700 रुपये का आया उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 250 रुपये की तेजी के साथ 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने बताया पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के उछाल के साथ 77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 250 रुपये की बढ़त है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,169 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।



## फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने मजबूत घरेलू मांग और व्यापार एवं उपभोक्ता भरोसे में सुधार के कारण अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अपने अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान देश की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। ऐसे में फिच का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहेगी। यह सरकार के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा अधिक है।

## भारत में कंपनियों के लिए साइबर हमला प्रमुख जोखिम

नई दिल्ली, एजेंसी

- सर्वे के मुताबिक डिजिटलीकरण बढ़ने से साइबर अपराध भी बढ़े



साइबर हमले और डेटा में सेंध भारत में कंपनियों के लिए सबसे प्रमुख व्यावसायिक जोखिम हैं। वैश्विक जोखिम प्रबंधन सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 2021 के व्यावसायिक जोखिम सर्वेक्षण में साइबर हमलों और डेटा सेंध को सातवें स्थान पर रखा गया था।

वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन ने सबसे अधिक दबाव वाली व्यावसायिक चुनौतियों की पहचान करने के लिए 61 देशों और क्षेत्रों के लगभग 3,000 जोखिम प्रबंधकों, सी-सूट अगुवाओं, वित्तीय अधिकारियों, प्रतिभा पेशेवरों और अन्य अधिकारियों से आंकड़े एकत्र किए। द्विवार्षिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), आधार और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे को व्यापक रूप से अपनाने से प्रौद्योगिकी पर भारत की निर्भरता बढ़ने की संभावना है।

सर्वेक्षण कहता है, डिजिटलीकरण बढ़ने के साथ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। ऐसे उल्लंघनों से जुड़ी लागत और जटिलताएं, संगठनों को साइबर जोखिमों के बेहतर प्रबंधन के लिए मजबूर कर रही हैं। एऑन के भारत में प्रतिभा समाधान खंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नितिन सेठी ने कहा, "एकीकृत जोखिमों को समझने और प्रबंधित करने के लिए भारतीय व्यवसायों को उन्नत डेटा एनालिटिक्स और विशेषज्ञों का लाभ उठाने की अनिवार्य आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय

### प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में विपक्ष पर किया हमला

# राष्ट्र विरोधी एजेंडे पर काम कर रहा है 'इंडिया'

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर भ्रष्टाचार, कुशासन और राष्ट्र विरोधी एजेंडे को हवा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इस विचारधारा पर काम कर रहा है, जबकि हमारी सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को जड़ से उखाड़ फेंकने के पक्ष में हैं। 'पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना' के लाभार्थियों की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि उनकी विचारधारा लोगों के कल्याण के जरिए देश का कल्याण सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रावधान है।




प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को संबोधित करने के लिए पहुंचने पर उपस्थित लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। ● एजेंसी

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबले के लिए राष्ट्रीय राजधानी में एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे दिन-रात उन्हें 'गाली' देने के एजेंडे पर साथ आए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन हुआ है। उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी' से यह सुनिश्चित हुआ कि उन्हें बैंकों से सरल दरों पर कर्ज मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि 62 लाख से अधिक लोगों को लगभग 11,000 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है।

### भारत को वैज्ञानिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना लक्ष्यः प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारत को बेहतरीन वैश्विक पद्धतियों से जोड़कर और इसके अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करके वैज्ञानिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री ने पिछले दशक की वैज्ञानिक उपलब्धियों का विवरण देने वाली एक रिपोर्ट के लिए दिए गए अपने संदेश में कहा02047 तक आने वाला समय एक ऐसा काल है जो एक मजबूत, आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के हमारे सपने को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## दिल्ली में आग लगने से दो बच्चियों समेत चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में स्थित एक रिहायशी इमारत में बृहस्पतिवार तड़के भीषण आग लगने के बाद दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मनोज (30), उसकी पत्नी सुमन (28), पांच और तीन साल की दो बच्चियों के तौर पर हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-हमें अस्पताल से सूचना मिली कि चार लोगों- दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई है। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि सुबह पांच बजकर करीब 20 मिनट पर गीता कॉलोनी के पास शास्त्री नगर में भीषण आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद तुरंत दिल्ली अग्निशमन सेवा को सूचित किया गया था।

### मथुरा में चढ़ने लगा होली का रंग...



मथुरा के निकट रमणरेती आश्रम में शुरू हुई लट्ठमार होली के दौरान महिला भक्तों ने जमकर खेला रंग–गुलाल। ● एजेंसी

## एक नजर

### टीएमसी नेता अर्जुन सिंह ने भाजपा में लौटने की जताई मंशा

**कोलकाता।** टीएमसी के असंतुष्ट नेता अर्जुन सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह बैरकपुर लोकसभा सीट से पार्टी का टिकट नहीं मिलने के बाद भाजपा में लौट जाएंगे। वह बैरकपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधत्व करते हैं। सिंह ने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के एक शीर्ष नेता भी उनके साथ भाजपा में शामिल होंगे। दो दिन पहले, सिंह ने टीएमसी उम्मीदवार पार्थ भौमिक के खिलाफ चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए कहा था कि वह बैरकपुर के मतदाताओं की सामूहिक इच्छाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते, जिन्होंने उन्हें 2019 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में लोकसभा भेजा था।

### ठाणे में किशोर की पीट पीटकर हत्या

**ठाणे।** नवी मुंबई के तुर्भे में 17 वर्षीय एक छात्र को उसके कॉलेज के छह साथियों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर एक बजे कॉलेज के बाहर हुई जिसमें जान गंवाने वाले छात्र का एक दोस्त भी घायल हो गया है।

## ईडी ने शाहजहां शेख के करीबी व्यापारियों के घरों पर की छापेमारी



कोलकाता में व्यापारियों के आवासों पर छापेमारी के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के साथ "करीबी संबंध" रखने वाले दो व्यापारियों के आवासों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी के अधिकारियों ने एक व्यवसायी के स्वामित्व वाले बाजार पर भी छापा मारा। सीबीआई ने पांच जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है, जब घोटाले के सिलसिले में उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखालि में शेख के परिसर की तलाशी लेने गए ईडी अधिकारियों पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया था। शेख फिलहाल केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की हिरासत में हैं। ईडी अधिकारी ने कहा-इन दोनों व्यापारियों ने शेख को राशन वितरण के लिए आए पैसे की हेरफेर करने में मदद की थी और उस पैसे का इस्तेमाल मछली व्यापार में किया था। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय भी अपने अधिकारियों पर हमले में उनकी भूमिका की जांच कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस द्वारा पार्टी से निलंबित किए गए शेख को राज्य पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

### संदेशखालि का मामला

## उच्चतम न्यायालय ने अजित पवार गुट से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- तस्वीरों के इस्तेमाल को लेकर शरद पवार ने दायर की थी याचिका

उच्चतम न्यायालय ने शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गुट की ओर से दाखिल याचिका पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाले धड़े से बृहस्पतिवार को जवाब दाखिल करने को कहा।

वयोवृद्ध मराठा नेता ने अपनी याचिका में आरोप लगाए थे कि अजित पवार गुट राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहा है। शीर्ष अदालत ने शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर ध्यान दिया कि उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाला गुट "उनकी सद्भावना का लाभ उठा रहा है" और मराठा दिग्गज को प्रतिद्वंद्वियों से "झूठी प्रशंसा" की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अजित पवार गुट की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से कहा- एक बार जब आपने (अजित पवार गुट ने) अलग रास्ता चुन लिया, तो आप केवल अपनी पहचान का उपयोग करते हैं। पीठ ने कहा-हमें स्पष्ट, बिना शर्त आश्वासन चाहिए कि शरद पवार के नाम, तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।


## अरविंद केजरीवाल ने निचली अदालत के समन को सत्र अदालत में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज कराई गई दो शिकायतों पर निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को यहां एक सत्र अदालत में चुनौती दी है। ईडी ने उसके समन को नज़रअंदाज़ करने पर निचली अदालत का रुख किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश सयाल आज केजरीवाल के आवेदनों पर सुनवाई कर सकते हैं। केजरीवाल ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा के आदेशों के खिलाफ सत्र अदालत का रुख किया, जिन्होंने केजरीवाल को 16 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

# लोकसभा के साथ जम्मू कश्मीर विधानसभा के भी चुनाव की संभावना

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 2 दिन पूर्व जम्मू कश्मीर का किया था दौरा
- 17 मार्च तक चुनाव कार्यक्रम के घोषणा की उम्मीद



**अमृत विचारः** निर्वाचन आयोग में दो आयुक्तों के नाम की सिफारिश और एक देश एक चुनाव के लिए गठित समिति की रिपोर्ट आने के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त 17 मार्च तक कभी भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकते हैं। खास बात यह कि लोक सभा के साथ ही जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव कराने की तैयारी है। इसी बाबत 2 दिन पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने जम्मू कश्मीर का दौरा किया था।

सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम 17 मार्च तक कभी भी घोषित हो सकता है। सुरक्षा की दृष्टि से मई के प्रथम सप्ताह तक विभिन्न चरणों में मतदान होंगे और दूसरे सप्ताह तक चुनाव परिणाम आने की संभावना है। पूर्व राष्ट्रपति डा. रामनाथ कोविंद द्वारा बुधवार को "एक देश-एक चुनाव" पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपने के बाद यह संभावना भी तेज हो गई है कि लोकसभा के साथ ही जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव भी करवाए जाएंगे। इसी के तहत 13 मार्च को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने जम्मू कश्मीर का दौरा किया था और सरकारी मशीनरी से चुनाव पूर्व समीक्षा की थी। जिसमें पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर की 24 विधानसभा सीटों को छोड़कर शेष 90 सीटों पर चुनाव कराने की बात चल रही है। राज्य के नए परिसीमन के बाद जम्मू कश्मीर विधानसभा में 114 सीटें हैं। जिसमें 43 सीटें जम्मू एवं 47 सीटें कश्मीर क्षेत्र में आते हैं। 90 सीटों के लिए 9 सीटें अनुसूचित जाति एवं 7 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं। हालांकि इस परिसीमन को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने चुनौती आज का को खारिज करते हुए परिसीमन को जायज बताया था। 11 दिसंबर के फैसले में इस माह सितंबर से पहले जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव करने के लिए कहा था।

जम्मू कश्मीर विधानसभा को 21 नवंबर 2018 में बंद किया गया था और 5 अगस्त 2019 में पुनर्गठन अधिनियम पारित होने के बाद धारा 370 समाप्त कर दी गई थी 31 अक्टूबर 2019 को जम्मू कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य घोषित किया गया था। विधानसभा बंद होने के बाद 6 माह के भीतर चुनाव कराने थे लेकिन परिसीमन आयोग का गठन होने के बाद विधानसभा चुनाव करते गए मगर अब परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आ चुकी है और पाक अधिकृत कश्मीर की 24 सीटों को छोड़कर 90 सीटों पर चुनाव करने के लिए निर्वाचन आयोग पूरी तैयारी कर रहा है। जम्मू कश्मीर में इस समय कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी के अलावा क्षेत्रीय दल के रूप में नेशनल कांफ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी एवं गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी सक्रिय है।

2019 के लोस चुनाव में बीजेपी को 46.24, कांग्रेस को 28.39, नेशनल कांफ्रेंस को 7.87 एवं पीडीपी को 3.38 प्रतिशत मत मिले थे। इस बार कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के अलग होने से इसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

# मुंबई ने विदर्भ को हराकर 42वीं बार जीती रणजी ट्रॉफी

## 169 रन से मैच जीतकर घरेलू क्रिकेट में आठ साल का इंतजार मुंबई ने किया खत्म, 90 में से 48वीं बार पहुंची थी फाइनल में

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू क्रिकेट की दिग्गज मुंबई ने आठ साल का इंतजार खत्म करते हुए अपना ही रिकॉर्ड बेहतर करके 42वीं बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। फाइनल के पांचवें और आखिरी दिन मेजबान ने विदर्भ को 169 रन से हराया। टूर्नामेंट के इतिहास में 90 में से 48वीं बार मुंबई फाइनल में पहुंची थी।

वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए फाइनल का नतीजा लगभग उसी समय तय हो गया था जब विदर्भ को 538 रन का लगभग नामुमकिन सा लक्ष्य मिला था। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर (102) और हर्ष दुबे (65) ने हालांकि पूरे पहले सत्र में मुंबई के गेंदबाजों को परेशान किया। विदर्भ ने पांच विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया था और उसे लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 290 रन और चाहिए थे, लेकिन विदर्भ की टीम 368 रन पर ही आउट हो गई। वाडकर ने इस साल पहला शतक जड़ने के साथ ही सत्र में 600 रन का आंकड़ा भी पार किया। वहीं दुबे ने प्रथम श्रेणी करियर में दूसरा अर्धशतक जमाया। दोनों ने 194 मिनट और 255 गेंद तक चली साझेदारी निभाई।

दूसरे सत्र का खेल शुरू होने के कुछ देर बाद ही वाडकर को तनुष कोटियान ने आउट किया। कोटियान ने 95 रन देकर चार विकेट लिए। यह साझेदारी टूटने के बाद विदर्भ की हार पर लगभग मुहर लग गई। विदर्भ दो बार खिताब जीतने के बाद तीन बार फाइनल में हार गया है। हवीं तुषार देशपांडे ने शॉर्ट गेंद पर दुबे को आउट किया। दुबे ने 128 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 65 रन बनाए। देशपांडे ने ही आदित्य सरवटे को भी पवेलियन के लिए चलाता किया।

कोटियान ने यश ठाकुर (6) के रूप में चौथा विकेट लिया। वहीं अपने करियर का आखिरी मैच खेल रहे धवल कुलकर्णी ने उमेश यादव का विकेट लेकर विदर्भ की पारी का पटाक्षेप किया। मैन ऑफ द मैच मुशीर खान और मैन ऑफ द टूर्नामेंट तनुश कोटियान को चुना गया। मुशीर ने कहा कि मुझे कप्तान रहाणे के साथ बल्लेबाजी करने में मजा आया। हमारी साझेदारी के दौरान, वह बहुत अच्छी तरह से समझते थे कि मुझ से क्या उम्मीद है। कोटियान ने रहाणे को उनकी वास्तविक बल्लेबाजी क्षमता को उजागर करने में मदद करने के लिए धन्यवाद दिया, जिससे उन्होंने इस सत्र में 500 से अधिक रन बनाए। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र मुझे अपनी बल्लेबाजी पर थोड़ा भरोसा हुआ और मैंने अपने पिता के साथ कड़ी मेहनत की। रहाणे ने भी मेरी मदद की।



### एमसीए ने दोगुना की पुरस्कार राशि, मुंबई को मिलेंगे अतिरिक्त पांच करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने 42वीं बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली टीम की पुरस्कार राशि दोगुनी कर दी है, जिसका मतलब है कि टीम को पांच करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि मिलेगी। मुंबई ने गुरुवार को यहां फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन विदर्भ को 169 रन से हराकर 42वीं बार रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। एमसीए के सचिव अजिंक्य नाइक ने कहा कि एमसीए के अध्यक्ष अमोल काले और शीर्ष परिषद ने रणजी ट्रॉफी की पुरस्कार राशि दोगुनी करने का फैसला किया है। एमसीए रणजी ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई की टीम को पांच करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि देगी। उन्होंने कहा कि एमसीए के लिए यह साल शानदार रहा है और उसने सात खिताब जीते। इसके अलावा हमारी टीम बीसीसीआई के आयु वर्ग की सभी प्रतियोगिताओं के नॉकआउट चरण में पहुंची।

### सबसे कम रन बनाने वाला बल्लेबाज होने के बावजूद आज मैं सबसे ज्यादा खुश: रहाणे



अजिंक्य रहाणे के लिए रणजी का यह सत्र बेहद खराब रहा लेकिन वह गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में सबसे ज्यादा खुश खिलाड़ी थे, जिनकी कप्तानी में टीम 42वीं बार घरेलू टूर्नामेंट की चैम्पियन बनीं। रहाणे ने इस सत्र में महज 214 रन बनाए। वह मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की तालिका में नौवें स्थान पर रहे। उन्होंने फाइनल की दूसरी पारी में 73 रन बनाने के साथ 130 रन की साझेदारी कर मैच को विदर्भ की पहुंच से दूर कर दिया। रहाणे ने मैच के बाद कहा कि मैं अपनी टीम के लिए सबसे कम रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हूं, लेकिन आज मैं सबसे ज्यादा खुश हूं। खिलाड़ी के तौर पर आपको अच्छे और बुरे समय का सामना करना पड़ता है।

### मुंबई के खिलाफ हार मानने का कोई विकल्प ही टीम के पास नहीं था: वाडकर

विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने कहा कि 538 रन का लक्ष्य होने के बाद भी उनकी टीम ने मैच गंवाने के बारे में नहीं सोचा था। विदर्भ के बल्लेबाजों ने धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की जीत के इंतजार को कम किया। वाडकर ने 102 रन की पारी खेली। उन्होंने हर्ष दुबे के साथ छठे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी कर मुंबई के गेंदबाजों को परेशान किया। साझेदारी टूटने के बाद टीम की बल्लेबाजी बिखर गई और मुंबई रणजी चैंपियन बना। वाडकर ने कहा कि जब हमने टीम में और साझेदारियों के बारे में बात की, तो ऐसी बात नहीं निकली की हम मैच से बाहर हो गए। हम केवल बल्लेबाजी से आगे बढ़ाने के बारे में सोच रहे थे। यह फाइनल था, आखिरी पारी थी, इसलिए हार मानने और नकारात्मक सोच की गुंजाइश ही नहीं थी।

## खेल डायरी

### नवारो ने सबालेंका को हराया, कोको गॉ पहुंची क्वार्टर फाइनल में



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** एम्मा नवारो ने बीएनपी परीबस ओपन के चौथे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका को 6-3, 3-6, 6-2 से हराकर सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वह अपने करियर में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और 1000 श्रेणी के टूर्नामेंट में पहली बार वह अंतिम आठ में खेलेंगी। वहीं कोको गॉ ने अपने 20वें जन्मदिन पर एलिसे मर्टेंस को 6-0, 6-2 से हराकर दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे दौर में मर्टेंस ने नाओमी ओसाका को हराया था। पुरुष वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने 13वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को हराया। वहीं नौवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने गाएल मोंफिल्स को शिकस्त दी। वहीं नोवाक जोकोविच को हराने वाले इटली के लुका नारडी को 17वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने हराया।

### शरत सिंगापुर स्मैश के क्वार्टर फाइनल में

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने सिंगापुर स्मैश में मिस्र के दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी उमर अस्सर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शरत ने स्लोवेनिया के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी डार्को जोर्गिक को हराने के एक दिन बाद इस 15 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी प्रतियोगिता में अस्सर पर 11-4, 11-8, 12-10 से जीत दर्ज की। क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले शरत क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन फेलिक्स लेब्रन से भिड़ेंगे। इस टूर्नामेंट में पिछले दो अवसरों पर पहले दौर में बाहर होने वाले शरत ने पिछले मैच में जोर्गिक को 8-11, 11-6, 11-8, 11-9 से पराजित किया था।

### ऑर्लियन्स मास्टर्स से किरण, मालविका बाहर

**पेरिस, एजेंसी।** भारत के किरण जॉर्ज और मालविका बंसोड़ अपने-अपने मुकाबलों में हारने के बाद ऑर्लियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। फ्रांस के पैलेस डेस स्पोर्ट्स में खेले गये पुरुष एकल वर्ग में किरण जॉर्ज को हमवतन सतीश कुमार करुणाकरण से हार का सामना करना पड़ा। वहीं मालविका बनसोड़ भी महिला वर्ग के मुकाबले में हंगरी की शटलर विवियन सैंडोरहाजी से हार गई। सामिया इमाद फारूकी और तान्या हेमंत भी अंतिम 16 में पहुंचने में असफल रहीं। फारूकी को बेल्जियम की लियान टैन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हेमंत को चीनी ताइपे के लियांग टिंग-यू ने हराया। अनुपमा उपाध्याय बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा को हराकर अगले दौर में पहुंच गई है।

### मलेशिया दौरे से पहले एआईएफएफ ने अंडर 23 शिविर के संभावित खिलाड़ियों का किया चयन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मलेशिया के खिलाफ 22 और 25 मार्च को कुआलालम्पुर में होने वाले दो मैत्री मैचों से पहले अंडर 23 शिविर के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर दिल्ली में शुक्रवार से शुरू होगा और 20 मार्च को मलेशिया जाने वाली 23 सदस्यीय टीम इसी में से चुनी जाएगी। भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और नॉर्थ ईस्ट युनाइटेड एफसी के सहायक कोच नौशाद मूसा को मुख्य कोच बनाया गया है। नोएल विल्सन सहायक कोच और दीपांकर चौधरी गोलकीपिंग कोच होंगे। भारत के अंडर 23 संभावित खिलाड़ी : गोलकीपर : अर्श अनवर शेख, प्रभसुखन सिंह गिल, विशाल यादव, डिफेंडर : बिकाश युंनाम, सी शिवाल्डो सिंह, होर्मिपाम रूइवा, नरेंदर, रोबिन यादव, संदीप मंडी, मिडफील्डर : अभिषेक सूर्यवंशी, ब्रिसन फर्नांडिस, मार्क जोथांपुइया, मोहम्मद ऐमन, पी सनाथोइ मीताइ, थोइबा सिंह मोइरांगथम, बिपिन मोहनन, फॉरवर्ड : अब्दुल रबीह, गुरकीरत सिंह, इरफान , इसाक वी, के निंथोइंगबांबा मीताइ, मोहम्मद सनन, पार्थिब सुंदर गोगोइ, समीर मुर्मू, शिवशक्ति नारायणन, विष्णु पी वालाप्पिल। मुख्य कोच : नौशाद मूसा।

# सीके नायडू ट्रॉफी में गलती के बाद अंपायरिंग के मानकों पर उठे सवाल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के खिलाफ कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी अंडर 23 टूर्नामेंट के फाइनल में कर्नाटक के बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी के गलत तरीके से आउट होने पर घरेलू मैचों में अंपायरिंग के मानकों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। यह घटना कर्नाटक के पहली पारी में घटी जब तेज गेंदबाज कुणाल त्यागी की गेंद चतुर्वेदी के बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर आराध्य यादव के दस्तानों में पहुंची। गेंद आराध्य हाथों में जाने से पहले जमीन पर गिर गई थी। अंपायर ने इसे आउट दिया। प्रथम श्रेणी के पूर्व अंपायर ने कहा कि हां, वह आउट नहीं था। मैंने बाद में उसके आउट होने का वीडियो देखा था। गेंद विकेटकीपर के हाथों में जाने से पहले जमीन पर गिर गई थी। अंपायर को आउट नहीं देना चाहिए था।

# आरसीबी का शिविर शुरू, कुछ दिन में जुड़ेंगे कोहली

## इंडियन प्रीमियर लीग: गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से 22 मार्च को पहला मैच

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग से पहले अपने शिविर की शुरूआत की लेकिन उसके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अगले कुछ दिन में टीम से जुड़ेंगे। आरसीबी को आईपीएल में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 22 मार्च को पहला मैच खेलना है।

अधिकांश घरेलू खिलाड़ी नए मुख्य कोच एंडी फ्लावर और क्रिकेट निदेशक मो बबाट के मार्गदर्शन में शिविर में पहुंच गए हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ भी शिविर में पहुंच गए हैं। कोहली पितृत्व अवकाश से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी नहीं खेले थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि कोहली अगले कुछ दिन में पहुंचेंगे। कोहली टीम के सालाना कार्यक्रम 'आरसीबी अनबॉक्स' में भी पहुंच सकते हैं, जिसमें प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों की झलक देखने का मौका मिलता है। डु प्लेसी ने आरसीबी 'बोल्ड डायरीज' में कहा कि फ्लावर शानदार कोच है और टीम खुशकिस्मत है कि वे हमारे साथ है। वहीं फ्लावर ने कहा कि हम आरसीबी की कहानी का नया अध्याय लिखेंगे और यह हमारी खुशकिस्मती है। हम इसे लेकर काफी रोमांचित हैं।



### सीएसके में कोई बाहरी दखल या मालिकों का दबाव नहीं : ब्रावो



**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की अप्रतिम सफलता के पीछे सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी या खिलाड़ियों में झलकता इत्मीनान ही नहीं है बल्कि गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो का कहना है कि टीम में बाहरी दखल नहीं होना भी कामयाबी का राज है। लीग के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स सबसे कामयाब टीम है और इसने पांच बार खिताब जीतने के अलावा सबसे ज्यादा बार प्लेआफ में जगह बनाई है। ब्रावो ने कहा कि वे खिलाड़ियों को खुलकर खेलने देते हैं। यही इस टीम की खूबसूरती है। टीम संयोजन के बारे में उन्होंने कहा कि हमारे पास अच्छी टीम है। हम वहीं से शुरूआत करेंगे जहां पिछले सत्र में छोड़ा था। हमने युवा गेंदबाजी आक्रमण के साथ पिछली बार बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे पास शार्दुल ठाकुर है जो बोनस होगा। मुस्ताफिजूर रहमान भी काफी अनुभवी है जबकि मथीषा मथिराना भी उपयोगी गेंदबाज है।

### 23 मार्च को मैदान पर उतरेंगे पंत, उनकी इच्छाशक्ति जबर्दस्त



**बेंगलुरु, एजेंसी।** ऋषभ पंत को 2022 में हुई भयावह कार दुर्घटना के बाद फिट होने में मदद करने वाले मेडिकल स्टाफ ने उनकी इच्छाशक्ति और मानसिक दृढता की तारीफ करते हुए कहा है कि थकाऊ रिकवरी प्रक्रिया के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। पंत 23 मार्च को आईपीएल के जरिए क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे, जिसमें वह मोहाली में पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। पंत ने कहा कि मैं सामान्य होने के करीब महसूस कर रहा हूं। कार दुर्घटना को देखकर यह असंभव लग रहा था कि वह वापसी कर सकेंगे। मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के खेल मेडिसिन सेंटर के निदेशक डॉक्टर दिनशॉ पर्डीवाला और बेंगलुरु के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के स्टाफ ने उनकी मदद की।


#### ऐसा लगा नहीं कि पंत बल्लेबाजी कर रहे हैं: आमरे

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा कि ऋषभ पंत की बल्ले की स्विंग 'पहले की तरह' बनी हुई है और शिविर में उनकी बल्लेबाजी देख कर ऐसा नहीं लगा कि वह 14 महीने के बाद वापसी कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल के लिए फिट करार दिया था। आमरे ने कहा कि कोचिंग इकाई और व्यक्तिगत रूप से, उन्हें बल्लेबाजी करते देखना सुखद था। ऐसा लग ही नहीं रहा था कि वह लंबे समय बाद बल्लेबाजी कर रहे हैं। उनका बल्ला पहले की तरह ही चल रहा था।

# सात्विक-चिराग ने तीन बार के विश्व चैंपियन को हराया

## ऑल इंग्लैंड ओपन

**बर्मिंघम, एजेंसी**



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने ऑल इंग्लैंड ओपन में तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी को युगल मुकाबले में हराकर अपने अभियान शुरुआत की।

फ्रेंच ओपन 2024 के विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी ने तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया की जोड़ी को 21-18, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बगास मौलाना की जोड़ी से मुकाबला करेगी। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन ने डेनमार्क के मैग्नस जोनासेन को हराकर स्पर्धा के दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले मुकाबले में मैग्नस जोनासेन को हराया। राउंड ऑफ 16 में 22 वर्षीय खिलाड़ी का सामना प्रतियोगिता में चौथी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। तनीषा क्रास्टो और अश्वनी पोनप्पा की भारतीय महिला युगल जोड़ी हांगकांग की येगुंग टिंग और येयुंग लैम की जोड़ी को हराकर अगले दौर में पहुंच गई है। अब प्री-क्वार्टरफाइनल में भारतीय महिला जोड़ी का मुकाबला चीन की झांग शुक्सियान और झेंग यू से होगा। एक अन्य पुरुष एकल स्पर्धा में भारत के प्रियांशु राजावत को इंडोनेशिया के चिको औरा से हार गई।

### कोरिया की एन से यंग से पीवी सिंधू हरीं

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को ऑल इंग्लैंड ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर में कोरिया की एन से यंग से सीधे गेम में हार गई। सिंधू मैच के दौरान अच्छी लय में दिख रही थीं और उन्होंने शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन वह अपनी गलतियों पर अंकुश लगाने में असफल रहीं और 42 मिनट तक चले मुकाबले को 19-21, 11-21 से हार गईं। पिछले साल महिला एकल विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली कोरिया की पहली खिलाड़ी बनी यंग के खिलाफ सिंधू की यह सातवीं हार है। कोरियाई खिलाड़ी ने सत्र में मलेशिया और फ्रांस ओपन के खिताब अपने नाम किए हैं। सिंधू ने खेल के दौरान आक्रामक रूख अपनाने की कोशिश की, लेकिन यंग ने रैलियों की गति और स्मैश का इस्तेमाल कर मैच अपने नाम किया। सिंधू ने पहले गेम में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को टक्कर दी, लेकिन दूसरे गेम में वह गलती करती रही। सिंधू शुरुआती गेम में 4-1 से आगे थी। यंग ने इस समय ज्यादा प्रयास किये बिना सिंधू के गलती करने का इंतजार किया और 9-6 की बढ़त बनाई।

# बॉलीवुड हलचल

## छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान का टीजर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान का टीजर रिलीज कर दिया गया है। बच्चों का चहेता सुपरहीरो छोटा भीम टीवी के बाद अब बड़े परदे पर नजर आएगा। फिल्म का नाम छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर शेयर करते हुये लिखा, ढ़ोलकपुर को बचाने में दमयान के खिलाफ लड़ाई में भीम की गैंग को जॉइन करें। टीजर की शुरुआत वॉइस ओवर से होती है। ढ़ोलकपुर को दिखाते हुए आवाज आती है कि इस शांति और प्यार भरे ढ़ोलकरपुर राज्य पर कुछ बुरे लोगों की नजर पड़ गई है। इसके बाद ढोलकपुर की शांति तबाही में बदल जाती है। सभी का मानना है कि अब केवल एक ही जाबाज है, जो ढोलकपुर को बचा सकता है। टीजर में सभी किरदारों की एंट्री होती है। फिल्म में अनुपम खेर गुरु शंभु का किरदार निभाते नजर आएंगे। भीम गुरु शंभू और उनकी टीम की मदद से बुराई से लड़ता है। इस फिल्म में यज्ञ भसीन, अनुपम खेर, मकरंद देशपांडे, आश्रय मिश्रा और सुरभि तिवारी जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। राजीव चिलका द्वारा निर्देशित और मेघा चिलका द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान को नीरज विक्रम ने लिखा है। वहीं भरत लक्ष्मीपति के साथ श्रीनिवास चिलकलापुडी द्वारा को-प्रोड्यूस किया गया है। यह फिल्म 24 मई 2024 को रिलीज होगी।

# धूम मचा रहा है हिप-हॉप आइकन

## डिवाइन और करण औजला का गाना नथिंग लास्ट्स



**मुंबई, एजेंसी।** हिप-हॉप आइकन डिवाइन और करण औजला का गाना 'नथिंग लास्ट्स' धूम मचा रहा है। हिप-हॉप आइकन डिवाइन और करण औजला का एल्बम स्ट्रीट ड्रीम्स अपने सभी सात ट्रैकों के साथ धूम मचा रहा है, खासकर नथिंग लास्ट्स, जो ट्रेंडिंग कर रहा है। करण औजला और डिवाइन द्वारा लिखित और प्रस्तुत और यस प्रूफ और जे ट्रैक द्वारा निर्मित, नथिंग लास्ट्स जोएल डिसूजा (जेडी) द्वारा निर्देशित किया गया है। नथिंग लास्ट की शूटिंग धारावी के आफ्टर स्कूल ऑफ हिप-हॉप में धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट के सहयोग से की गई है। नथिंग लास्ट्स का आधिकारिक वीडियो करण औजला के यूट्यूब चैनल पर देखने के लिए उपलब्ध है और सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर सुनने के लिए भी उपलब्ध है। करण औजला ने कहा कि नथिंग लास्ट्स एक बहुत ही खास गाना है और मेरे निजी पसंदीदा में से एक है। धारावी में बच्चों के साथ समय बिताना एक प्यारा अनुभव था, जिसमें जीवन की साधारण खुशियां भी शामिल थीं। इस गीत के माध्यम से हमने अपने जीवन की सीख को साझा किया है कि कुछ भी वास्तव में हमेशा के लिए नहीं रहता है और हमें उन क्षणों को संजोना चाहिए जो हमारे पास हैं और हम जो जीवन जीते हैं उसके लिए आभारी होना चाहिए। हमें उम्मीद है कि गाना सभी को पसंद आएगा और हमारी भावनाओं को व्यक्त करेगा। डिवाइन ने कहा कि कुछ भी नहीं टिकता अपने सार में जीवन में नश्वरता को उजागर करता है, हम इस दुनिया में कुछ भी नहीं लेकर आते हैं और कुछ भी नहीं लेकर जाते हैं। हम गाने को अब तक मिली प्रतिक्रिया देखकर बहुत खुश हैं और प्यारे बच्चों के साथ वीडियो पर हर किसी की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। हमने उनके साथ सबसे अच्छा समय बिताया। डिवाइन और करण औजला की ओर से रचित स्ट्रीट ड्रीम्स एल्बम में नथिंग लास्ट, टॉप क्लास, स्ट्रेट बैलिन, याद, तारीफां, हिसाब और 100 मिलियन शामिल है।

### अक्षरा का गाना फलनवा के बेटा की धूम



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का होली स्पेशल गाना फलनवा के बेटा रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह का होली गीत फलनवा के बेटा, उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और अपनों के साथ होली खेलने का मजा ही कुछ और होता है। ऐसे में जब अपने ही होली में ना आए तो एक शिकायत सी होती है जो इस गाने की थीम है। मैंने उसे अपने गाने में पिरोया है और आपके समक्ष प्रस्तुत किया है। उम्मीद करती हूं कि आप इस गाने को सुपर डुपर हिट बनाएंगे।

### खुशी और माही का होली गीत उजर ओढ़निया रंगनी

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशी कक्कर और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' रिलीज हो गया है। होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत को खुशी कक्कर ने गाया है और माही श्रीवास्तव ने इस गाने में अभिनय किया है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि होली आने बस अब कुछ भी समय बाकी रह गया है और होली की धूम अभी से दिखने लगी है। मैं अपने होली गीतों में होली से पहले ही होली का पूरा मजा उठा रही हूँ। मेरे गाने दर्शकों को पसंद आए इसलिए मैं जी तोड़ मेहनत कर रही हूं। मेरे सभी गानों की तरह इस गाने को भी अपना आशीर्वाद दे। वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, जबकि विकाश यादव ने संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर विकाश बेदर्दी, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स के पास है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

